पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 24.03.2025 वर्ष 12, अंक 81

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जिंदगी आसान नहीं होती, इसे आसान बनानी पडती है, कुछ अंदाज से, कुछ नजर अंदाज से!

**रोजा का समय**

इफ्तार (24.03.25) : शाम 6.03 बजे

सेहरी (25.03.25) : सुबह 4.26 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद :** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने भूना से हिसार के एक युवक को भारी मात्रा में नशीली दवाओं सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र रूपचंद निवासी पाबड़ा जिला हिसार के रूप में हुई है।हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो की टीम एएसआई जयवीर सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भूना में मिल्क पलांट के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि सोनू पुत्र रूपचंद निवासी पाबड़ा जिला हिसार नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है। रविवार को वह भूना बस अड्डे के बाहर काफी मात्रा में नशीली गोलियां बेचने के लिए खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बस अड्डे के मेन गेट के पास एक युवक खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और तेज कदमों से बस अड्डे की तरफ जाने लगा।

### हिंसा के छह दिन बाद नागपुर से कर्फ्यू पूरी तरह हटा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा भड़कने के छह दिन बाद रविवार को शहर के शेष चार इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की मजार को हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार रात मध्य नागपुर इलाकों में हिंसक भीड़ ने उत्पात मचाया. अधिकारियों के मुताबिक 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद, कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया था. इससे पहले 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से और 22 मार्च को पचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया गया था.

### बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी : डॉ. यादव

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आडवाणी जी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्नेह मिलन कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### शिमला पुलिस ने तोड़ी चिट्टा तस्करों की कमर

**शिमला :** शिमला जिले में पुलिस ने चिट्टा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'शाही महात्मा गैंग' के पांच और तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग पिछले 3-4 वर्षों से अप्पर शिमला के कोटखाई, रोहडू और चिड़गांव क्षेत्रों में सक्रिय था। अब तक इस गिरोह के सरगना समेत करीब छह दर्जन सदस्य पुलिस के शिकंजे में आ चुके हैं। हालांकि कुछ आरोपियों को अदालत से जमानत भी मिल चुकी है।पुलिस ने इस गैंग का भंडाफोड़ पिछले साल कोटखाई थाना क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर के एक आरोपी से 468 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद होने के बाद किया था। इस कार्रवाई में गिरोह का मुख्य सरगना शाही महात्मा पुलिस के हत्थे चढ़ा। इसके बाद पुलिस को गैंग के वित्तीय लेन-देन से जुड़े कई अहम सुराग मिले। जांच में पता चला कि गैंग के पास करीब 7-8 करोड़ रुपये की ड्रग मनी थी, जिसे आधार बनाकर पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी।

**रांची का तापमान**

अधिकतम 38°

न्युनतम 26°

### शहीद सब इंस्पेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

# नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चाईबासा में हुए आईईडी विस्फोट में वीरगति को प्राप्त हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल को रांची स्थित सीआरपीएफ कैम्प में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए सीआरपीएफ कैंप पहुंचे थे.जानकारी के अनुसार चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा जमीन के नीचे बिछाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ 193 बटालियन के शहीद सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल को रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में श्रद्धांजलि अर्पित की गई. झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढस बंधाया.

शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देने के बाद सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड पुलिस के लगातार चल रहा है. ऑपरेशन से नक्सली हताश हैं. पुलिस पर हमला इसी हताशा का परिणाम है. सीएम ने शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा.मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवार के साथ सरकार का साथ हमेशा रहेगा. शहीद सब इंस्पेक्टर को झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ आईजी अभियान, आईजी सीआरपीएफ, आईजी रांची, डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की. बता दें कि झारखंड में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शनिवार को सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल वीरगति को प्राप्त हुए थे. सीआरपीएफ 193 बटालियन के सब इंस्पेक्टर जीडी सुनील कुमार मंडल अपनी टीम के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले हुए थे. इसी दौरान चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा पहले से लगाए गए आईडी को विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और सीआरपीएफ जवान जीडी पार्थ घायल हो गए. ब्लास्ट की जानकारी मिलने के बाद आनन फानन में रांची से हेलीकॉप्टर भेजकर दोनों घायलों को एयरलिफ्ट का रांची लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया.

### लद्दाख में शहीद हुए सिमडेगा के लाल को दी गई श्रद्धांजलि

सिमडेगा- लद्दाख में लैंड स्लाइड की चपेट में आकर सिमडेगा के वीर सपूत हवलदार किशोर बाड़ा शहीद हो गए. रविवार को सेना द्वारा हवलदार किशोर बाड़ा का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ननेसेरा तुरतुरी पानी लाया गया. उनका पार्थिव शरीर पहुंचते ही पूरे इलाके का माहौल गमगीन हो गया. सैकड़ों लोग नम आंखों से उन्हें देखने उनके गांव पहुंचे.दरअसल, सिमडेगा के ननेसेरा गांव निवासी किशोर बाड़ा सेना की 699 टाट्रा बटालियन में हवलदार के पद पर लद्दाख में तैनात थे. 20 मार्च को लद्दाख में वाहन से जाते समय किशोर बाड़ा और उनके एक साथी लैंड स्लाइड की चपेट में आ गए. जिससे किशोर और उनके दूसरे साथी की मौत हो गई. रविवार को रांची मिलिट्री स्टेशन की टुकड़ी ने शहीद किशोर बाड़ा को तिरंगे में लपेटकर उनके पैतृक गांव ननेसेरा पहुंचाया.किशोर का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही हर तरफ चीख पुकार मच गई. गांव के लाल की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों लोग उमड़ पड़े. पैतृक गांव में धार्मिक सामूहिक समारोह के बाद शहीद जवान को रांची मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने अंतिम सलामी दी. शहीद किशोर बाड़ा बिना मां के बड़े हुए. किशोर बाड़ा तीन बड़ी और एक छोटी बहनों के बीच इकलौते भाई थे. वर्ष 2000 में किशोर की शादी संहिता मिंज से हुई थी। शहीद जवान किशोर अपने पीछे पत्नी संहिता मिंज और तीन बेटियों अनीशा बाड़ा, एंजल बाड़ा और एंजेलिना बाड़ा को छोड़ गए हैं. अंतिम संस्कार से पहले तीनों बेटियों ने अपने पिता को आखिरी सलामी दी.शहीद जवान किशोर बाड़ा को श्रद्धांजलि देने सिमडेगा विधायक, उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार समेत जिले के कई अधिकारी और ग्रामीण नानेसेरा गांव पहुंचे. उन्होंने शहीद को श्रद्धांजलि दी और नमन किया. साथ ही कहा कि परिवार को हर संभव सरकारी योजना का लाभ दिया जाएगा.



**सीआरपीएफ 193 बटालियन के सब इंस्पेक्टर जीडी सुनील कुमार मंडल अपनी टीम के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले हुए थे. इसी दौरान चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा पहले से लगाए गए आईडी को विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और सीआरपीएफ जवान जीडी पार्थ घायल हो गए.**

## जस्टिस यशवंत वर्मा के कॉल-इंटरनेट रिकॉर्ड खंगालने का आदेश




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के निर्देश पर दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर जस्टिस यशवंत वर्मा का 1 सितंबर 2024 से 22 मार्च 2025 तक का कॉल रिकॉर्ड और आईपीडीआर मांगा है. इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जैसे ही ये डेटा हासिल होता है उसे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ शेयर कर दिया जाएगा. ये कदम जस्टिस वर्मा मामले की जांच को विस्तृत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है. 21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जस्टिस वर्मा मामले पर रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट को पत्र लिखकर कहा कि वे मोबाइल सेवा प्रदाताओं से जस्टिस वर्मा के आधिकारिक और अन्य मोबाइल नंबरों के कॉल रिकॉर्ड का डिटेल्स मांगे. इसके साथ ही उन्होंने पिछले छह महीनों में जस्टिस वर्मा के आवास पर तैनात रजिस्ट्री स्टाफ, निजी सुरक्षा अधिकारियों और सुरक्षा गार्डों की जानकारी भी इकट्ठा करने के निर्देश दिए.बता दें कि कॉल रिकॉर्ड और आईपीडीआर किसी व्यक्ति की डिजिटल एक्टिविटी की निगरानी में अहम भूमिका निभाते हैं. कॉल रिकॉर्ड से ये पता चलता है कि किसी व्यक्ति ने कब, किससे और कितनी देर तक बातचीत की. वहीं आईपीडीआर के जरिए ये जानकारी मिलती है कि मोबाइल फोन से किन वेबसाइट्स और एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया गया. इंटरनेट का कितना और कब इस्तेमाल हुआ और क्या किसी वीपीएन का इस्तेमाल किया गया. हालांकि आईपीडीआर में एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड डेटा नहीं होता जिससे ये तो पता चलता है कि गूगल या व्हाट्सएप का इस्तेमाल हुआ, लेकिन वहां क्या सर्च या चैट किया गया ये नहीं जाना जा सकता.जांच एजेंसियां आईपीडीआर रिकॉर्ड के आधार पर ये पता लगा सकती हैं कि जस्टिस वर्मा ने बीते छह महीनों में किन वेबसाइटों और ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल किया. इसके अलावा ये भी जांचा जा सकता है कि कहीं किसी संदिग्ध नंबर से उनका संपर्क तो नहीं था.

**21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जस्टिस वर्मा मामले पर रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट को पत्र लिखकर कहा कि वे मोबाइल सेवा प्रदाताओं से जस्टिस वर्मा के आधिकारिक और अन्य मोबाइल नंबरों के कॉल रिकॉर्ड का डिटेल्स मांगे.**

## टीबी उन्मूलन: देश में अग्रणी राज्य बना गुजरात



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में गुजरात ने 2024 में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने टीबी पंजीकरण और उपचार सफलता के मामले में नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 95 प्रतिशत पूरा किया, जबकि उपचार पूर्णता दर 91 प्रतिशत रही। गुजरात को 2024 में 1,45,000 टीबी रोगियों की पहचान और पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 1,37,929 टीबी रोगियों की सफल पहचान और पंजीकरण किया गया। इसके साथ ही 1,24,581 रोगियों का सफलता पूर्वक उपचार पूरा हुआ, जिससे उपचार पूर्णता दर 90.52 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं, इन पंजीकृत टीबी रोगियों में 1,31,501 टीबी रोगियों को भी उपचार की सुविधा दी गई है। टीबी के मरीज अपने नियमित इलाज के लिए प्रेरित हों और पैसे के अभाव में उनके इलाज में कहीं कोई भी समस्या न आए इसे सुनिश्चित करते हुए गुजरात सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत दवाई के खर्च के लिए प्रति टीबी रोगी 500 रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। वर्ष 2024 में 1,18,984 टीबी रोगियों को 43.9 करोड़ की सहायता दी गई।

## पीएम मोदी ने सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

इन वीर सेनानियों को लाहौर षड्यंत्र मामले में अंग्रेजों की हुकूमत ने फांसी की सजा दी थी. इतिहास गवाह है कि जब तीनों को फांसी दी जा रही थी तब भी वे निडर होकर आजादी के नारे लगा रहे थे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, आज हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद कर रहा है. स्वतंत्रता और न्याय के लिए उनका निडर प्रयास हम सभी को प्रेरित करता रहेगा.



पीएम मोदी ने आगे लिखा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान आज भी भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उनकी साहसिक सोच, निडरता और स्वतंत्रता के प्रति उनका अटूट समर्पण राष्ट्र प्रेम की भावना को और मजबूत करता है. इन वीरों का अदम्य साहस, संघर्ष और देश के प्रति उनकी निस्वार्थ भक्ति आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी. उनके बलिदान की गूंज हर भारतीय के दिल में सदैव बनी रहेगी और देश के उत्थान के लिए हमें समर्पित रहने की सीख देती रहेगी. बता दें कि भगत सिंह ने 8 अप्रैल 1929 को अपने साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था. उनका मकसद किसी की जान लेना नहीं बल्कि अंग्रेजी शासन के खिलाफ अपना विरोध प्रकट करना था. ये घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक अहम मोड़ साबित हुई. इसके बाद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लाहौर षड्यंत्र मामले के तहत सांडर्स हत्याकांड में दोषी ठहराया गया और 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी गई.

## सुप्रीम कोर्ट के जजों के किया मणिपुर दौरा



**एजेंसी**

**इम्फाल :** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को इम्फाल में द्वि-दशवर्षीय समारोह में भाग लिया. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के सचिवालय तथा अन्य न्यायालय भवनों एवं परियोजनाओं का उद्घाटन किया. न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल ने उपस्थित अधिकारियों से बातचीत की. सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जस्टिस बीआर गवई के नेतृत्व में मणिपुर दौरे पर इंफाल पहुंचा. प्रतिनिधि मंडल में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, एमएम सुंदरेश, केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर शामिल हैं. सुप्रीम कोर्ट के जजों के प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर के चुराचांदपुर में एक राहत शिविर का भी दौरा किया.राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीआर गवई ने शनिवार को मणिपुर के सभी जिलों में विधिक सेवा शिविरों और चिकित्सा शिविरों के साथ-साथ इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम और उखरूल जिलों में नए विधिक सहायता क्लीनिकों का उद्घाटन किया.उद्घाटन के बाद न्यायमूर्ति गवई ने कहा न्याय के सिद्धांत के लिए और साथ ही स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच महत्वपूर्ण है. मैं और मेरी टीम आपको आश्वासन देते हैं कि हम आपके साथ खड़े हैं. समाज के लिए मिलकर काम करना हमारी जिम्मेदारी है. पूरा देश एकजुट होगा ताकि इस समस्या का समाधान हो सके.बता दें कि मणिपुर में हिंदू मैतेई और आदिवासी कुकी के बीच 3 मई, 2023 को हिंसा भड़की थी.

# वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का एलान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।एआईएमपीएलबी के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया,17 मार्च को दिल्ली में बड़े पैमाने पर और सफल विरोध प्रदर्शन के बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता और वक्फ विधेयक के खिलाफ कार्रवाई समिति के संयोजक एसक्यूआर इलियास ने बोर्ड की ओर से सभी मुस्लिम संगठनों, नागरिक समाज समूहों और दलित, आदिवासी, ओबीसी और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा, अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली के प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती। उन्होंने विपक्षी दलों और सांसदों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने न केवल बड़ी संख्या में भाग लिया, बल्कि प्रस्तावित कानून को दृढ़ता से खारिज भी किया। एआईएमपीएलबी के बयान में कहा गया है कि एआईएमपीएलबी की 31 सदस्यीय कार्रवाई समिति ने विवादास्पद, भेदभावपूर्ण और नुकसानदायक विधेयक का विरोध करने के लिए सभी संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया है। आंदोलन के पहले चरण के तहत 26 मार्च को पटना और 29 मार्च को विजयवाड़ा में राज्य विधानसभाओं के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।

### छत्तीसगढ़ : भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक सामग्री बरामद

**सुकमा (एजेंसी):** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने दो अलग-अलग माओवादियों के ठिकाने मरकनगुड़ा और मेटागुड़ा जंगल की पहाड़ी से भारी मात्रा में डंप बन्दूक आदि हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। यह कैम्प दुलेड अंतर्गत मरकनगुड़ा के जंगल पहाड़ी क्षेत्र से नक्सलियों के छिपाये हुए छह भरमार बन्दूक हथियार, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामाग्री की बरामदगी हुई है। सुक्रमा की एसपी किरण चव्हाण ने रविवार को बताया कि सुकमा जिले के नक्सल उन्मूलन अभियान तहत नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला पुलिस बल, जंगल क्षेत्र में रवाना हुई थी।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में विकसित भारत युवा सांसद कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विकसित भारत युवा सांसद 2025 कार्यक्रम के दूसरे दिन पलामू नोडल जिला के अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर पलामू जिला के सभी प्रतिभागियों को एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर भाषण/ विचार देने के लिए आमंत्रित किया गया। क्रमशः सभी प्रतिभागियों के द्वारा उक्त विषय पर निर्धारित समय 3 मिनट में उनके विचार प्रस्तुत किए गए। जूरी सदस्य के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार, मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप राम, सरस्वती विद्या मंदिर जपला के प्राचार्य श्री कुश जी पांडे, लातेहार के नोडल ऑफिसर नवल किशोर प्रसाद एवं गढ़वा के नोडल ऑफिसर कमलेश कुमार सिन्हा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गौरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद ने अपने संबोधन में कहा कि देश को आगे बढ़ाने में युवाओं का योगदान प्रारंभ से ही रहा है। आज का भारतवर्ष युवाओं का देश है। देश का भविष्य आप जैसे युवाओं के ऊपर निर्भर है। अवधेश कुमार सिंह महाविद्यालय जपला के प्राचार्य सह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सूर्यमणि सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के प्रतिभा को विकसित करने के लिए एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र संगठन एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हमारे देश के युवा के व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो रहा है। जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने अपने संबोधन में किसी टॉपिक पर किस प्रकार से शब्दों का चयन किया जाना चाहिए, प्रतिभागी को अच्छी तरह से समझाने का प्रयास किया जैसे अपने विचार रखने के क्रम में स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इत्यादि के सद्वाक्य को शामिल कर अच्छा किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वय डॉक्टर प्रदीप कुमार स्पष्ट शब्दों में कहा कि यहां के युवा शक्ति को अपने प्रतिभा को और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है इसके लिए युवाओं का कर्तव्य और बढ़ जाता है। जूरी सदस्यों के द्वारा प्रथम 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया जिसमें बबली कुमारी, रश्मि कुमारी, रवि शर्मा, रागिनी कुमारी, संजर नवाज, रचित गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, रिंकी कुमारी, भागीरथ शुक्ला, एवं प्राजक्ता कुमारी शामिल है। चयनित सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार एवं जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रो राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त 10 चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 में भाग लेंगे जिसका टॉपिक - भारतीय संविधान के 75 वर्ष = अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा होगा। इस मौके पर अनेक शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे अन्य महीने से ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह ए रमजान मुबारक अल्लाह का महीना है यह महीना सब्र तथा गमख्वारी का भी है। इस महीने में हर मुसलमान के लिए रोजे फर्ज है चाहे वह गरीब हो या अमीर रमजान औरों की तकलीफ समझने का जज्बा देता है उक्त बातें तैबा हॉस्पिटल के डॉ अरसद अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि कुरान ए पाक भी यही कहता है कि सच्चा मुसलमान वह है जो हर बुराई से दूर रहे केवल पूरे दिन भूखा रहना ही रोजा नहीं है। बल्कि रोजेदारों के लिए कुछ नियम भी होते हैं जो हमें हाथ, पैर, कान, नाक तथा जबान से भी होने वाले गुनाहों से बचाता है। उन्होंने कहा कि यह महीना माफी का महीना है इस माह में अल्लाह इंसानों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुराइयों से दूर रहकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए तथा मुल्क की तरक्की की दुआ भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजेदारों के माने तो रमजान पवित्र रहमत एवं बरकतों का महीना है सुबह में शहरी एवं शाम में इफ्तार का आयोजन इसकी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है।उन्होंने कहा कि इस मुबारक महीने में किसी तरह के झगड़े या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है। इसके साथ एक तय रकम या सामान गरीबों में बांटने की हिदायत है जो समाज के गरीब लोगों के लिए बहुत ही मददगार है।

## सिंगसिगी रामनवमी पूजा समिति का हुआ गठन, पंकज कुमार कुशवाहा तीसरी बार बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत के बाजार प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुयी. बैठक में रामनवमी पूजा महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया. रामनवमी पूजा महोत्सव के सफल आयोजन व शोभायात्रा के संचालन के लिये समिति को पुनर्गठित किया गया. सर्वसमस्ती से पंकज कुमार कुशवाहा को तीसरी बार पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया. वहीं अनुज कुमार चौधरी को भी लगातार तीसरी बार सचिव बनाया गया. साथ ही युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया. जबकि धीरज कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, राहुल गुप्ता, सुरेश चौधरी, राजमुनि चौधरी, मधु तिवारी व प्रमोद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, दिनेश गुप्ता बब्लू व अखिलेश शर्मा को सह सचिव तथा रिंकू चौधरी को उपकोषाध्यक्ष चुना गया. प्रबंध समिति में सुरेश बारी, हरिनाथ प्रसाद चंद्रवंशी, अजय राउत, छोटू पासवान, नरेश चंद्रवंशी, रमेश चौधरी, सुरेंद्र मेहता, सत्यानंद विश्वकर्मा, छोटेलाल चौधरी, उमेश सोनी व संतोष सोनी को शामिल किया गया है. इसके अलावा सौ सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया. जिसमें मानिक सोनी, प्रभात कुमार, विक्रांत कुमार, हिमांशु मालाकार, आदित्य कुमार, सरवन गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, श्रीमन चौधरी, अनिल चंद्रवंशी, जितेंद्र शर्मा, श्याम सोनी आदि को रखा गया है. बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अम्बेडकर जयंती मनाने के लिये बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत के अंतर्गत न्यू प्राथमिक विद्यालय धोबानी के परिसर मे बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने के लिए नौड़ीहा बाजार जीप सदस्य सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक की संचालन श्री गोपाल राम शिक्षक ने किया। इस बैठक में जीप सदस्य श्री प्रसाद ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर भव्य तरीका से जयंती मनाई जाएगी। उक्त मौके पर उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तरीय शोभा यात्रा निकाली जाएगी व संतोष जनक उपस्थित नहीं होने के कारण कमिटी का विस्तार नहीं हो सका। इसलिए आगामी बैठक 30 मार्च दिन रविवार को नामुदाग पंचायत सचिवालय परिसर मे समय 11 बजे बैठक मे आने के लिए तमाम मुखिया व् पंचायत समिति सदस्य व जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील किया है। इस बैठक रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद गुप्ता, कृष्णा कुमार शिक्षक, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, दशरथ कुमार, विजय कुमार, राम स्वरूप राम, अलखदेव राम, शिक्षक लल्लू राम, समाज सेवी अजय कुमार, पूर्व मुखिया प्रत्याशी गिरजा राम के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर रायशुमारी के लिए बैठक आयोजित



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को ट्रेनिंग कॉलेज के पास स्थित बहुउद्देशीय भवन में भारतीय जनता पार्टी सतबरवा मंडल द्वारा आगामी संगठन चुनाव को लेकर रायशुमारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने की जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की गई इस दौरान चार कार्यकर्ताओं का नाम प्रमुखता से सामने आया जिसमें रवि प्रसाद, संदीप कुमार, विजय पाठक तथा सुधीर कुमार शामिल हैं। बैठक में बतौर प्रवेक्षक चुनाव प्रभारी रविन्द्र सिंह तथा सह प्रभारी रवि प्रसाद मौजूद रहे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मोहन जोशी, महेश्वर सिंह, सोनू सिकंदर, राणा प्रताप कुशवाहा, मुधीर साह, विजय पाठक, गुड्डू पाठक, संदीप कुमार, प्रीति गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पाटन में मनरेगा से संबंधित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड के विभिन्न पंचायत मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उताकी पंचायत, सगुना पंचायत,राजहरा पंचायत समेत प्रखंड के अन्य पंचायत में मनरेगा योजना से संबंधित पंचायत जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सोशल ऑडिट के टीम, मुखिया पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, ग्रामीण उपस्थित थे। मनरेगा सोशल ऑडिट की टीम की तरफ से मनरेगा योजनाओं के बारे में बताया गया। की वैसे योजना को धरातल पर उतारने की जरूरत है। जिससे लोग लाभान्वित हो। ऐसे मे मनरेगा से कई योजनाओ को धरातल पर निर्माण करने की आवश्यकता है।

## शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का मनाया गया शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के तत्वाधान में शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदे ए आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ए आई डी एसओ के जिला प्रभारी जूलियस फुचिक ने कहा कि छात्र संगठन ए आई डी एस ओ द्वारा 23 मार्च से आगामी 30 मार्च तक पूरे देश मे भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु का शहादत विभिन्न जगहों पर मनाया जायेगा साथ ही साम्प्रदायिकता के खिलाफ साम्प्रदायिकता सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने जो सपना देखा था, वह देश मे आज भी अधूरा है. आज पूरे देश मे महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी व्याप्त है।स्वास्थ्य सुविधा से लाचार पड़ी है। आज हम धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर बांटा जा रहा है।उन्होंने कहा कि हमारा छात्र संगठन भगत सिंह के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज के लोगो को संगठित कर भगत सिंह के सपने को पूरा करने के लिये प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज बेहतर समाज निर्माण के लिये संगठित होकर संघर्ष करने की जरूरत है।कार्यक्रम में अनुराधा कुमारी, प्रियांशू गुप्ता, अर्चना कुमारी, उजाला कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य अधूरा, ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कला पंचायत के लंगरकोट गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण पिछले चार साल से ठप पड़ा है. भवन निर्माण का कार्य पीलिंथ् लेबल तक होने के बाद जस के तस है, इस कार्य के प्रति अधिकारी भी कोई खास दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं. भवन निर्माण नहीं होने पर आंगनबाड़ी केंद्र फिलहाल केंद्र की सेविका के घर पर संचालित किया जा रहा है, इस भवन का निर्माण चार लाख पच्चास हजार रुपए की राशि से किया जाना था, सेविका ने कहा की केंद्र घर में संचालित होने के कारण भारी परेशानी होती है. केंद्र में पढ़ने जाने वाले बच्चों की परेशानी देखकर लंगरकोट गांव के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो को एक आवेदन दिया है, जिसमें ग्रामीण ने कहा है की केंद्र को किसी सरकारी भवन में शिफ्ट करते हुए अधूरे भवन निर्माण को पूरा करवाने की मांग की है, इस आवेदन के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने कहा की अब तक भवन निर्माण कार्य को पूरा क्यों नहीं किया गया पता किया जाएगा. अगर संबंधित व्यक्ति द्वारा राशि निकाल ली गई है तो उसके खिलाफ सरकारी राशि गबन का मामला दर्ज कारवायी जाएगी।

# अध्ययनरत अभियान का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड के उतक्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2024-25 के तहत दिनांक 23/03/2025 से 25/32025 तक शैक्षणिक भ्रमण के लिए रांची और खुटी के लिए भेजा गया है विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार,पुनम लक्ष्मी, उपेन्द्र असलम विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव के हरी झंडी देखा कर रवाना किया विद्यालय से जाने वाले छात्र छात्राओं अनुज कुमार यादव,अयुष पाल लवकुश कुमार सौरव कुमार, अलीजुफेकार, गुड़िया कुमारी, सुरुचि प्रिया, सनिया कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एनएचएआई कर्मियों और अधिकारियों से परेशान रैयतों ने लिया काम ठप कराने का निर्णय



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रैयतों द्वारा शिकायत मिलने पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने लहलहे पहुंचकर उनसे साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि रैयतों ने सोमवार से सिंगरा से सतबरवा तक एनएच निर्माण कार्य ठप कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई कर्मियों और अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है।कई रैयतों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है, जरूरत के अनुसार अप्रोच सड़क नहीं बनाया जा रहा है साथ ही नाली की समस्या से भी लोग परेशान हैं।उन्होंने बताया कि जब तक इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता रैयतों ने काम ठप कराने का निर्णय लिया है। एनएचएआई कर्मी और अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं है।किसी के मकान वाली भूमि को कृषि भूमि बता कर कम मुआवजा दिया गया है किसी को बिना भुगतान किए डंडे के जोर पर काम कराने की शिकायत रैयतों द्वारा प्राप्त हो रही है।जगह जगह धूल का अंबार लगा है पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

## स्थानीय विधायक व झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ने सीएम को सड़क निर्माण से सबंधित सौंपा चार सूत्री मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सड़क निर्माण से सबंधित चार सूत्री मांग पत्र सौपा है। नेताद्वय ने जनहित में प्राथमिकता के आधार पर पथ निर्माण का कार्य कराने का अनुरोध किया है।मांग पत्र में सोनेहारा मुख्य पथ से बुल्का अतियारी, बरहिया, सगमा बस्ती होते हुए बिलासपुर (उ0प्र0) बोर्डर तक 31 किलोमीटर पथ, रमना मुख्य पथ से सिलीदाग गम्हरीया - बुल्का, गनियारी, टांटीदिरी, मरचईया, शिवरी होते हुये धुरकी मेन रोड़ तक लगभग 23 किलोमीटर पथ निर्माण, डंडई और चिनिया (दो प्रखण्डो) को जोड़ने वाली लवाही से पचौर होते हुए चिनिया तक लगभग 10 किलोमीटर पथ निर्माण तथा नगर ऊँटारी प्रखण्ड अंतर्गत एन एच 75 के हेन्हो मोड़ से मर्चवार व सलसलादी दामर होते हुये रमना प्रखण्ड के ग्राम चनाकला मुख्य पथ तक लगभग 10 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य कराने की मांग शामिल है। स्थानीय विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिये हैं कि बहुत ही जल्द इन सभी सड़कों का कार्य किया जायेगा। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जहाँ भी सड़क व पुल का कार्य नहीं हुआ है वहाँ सड़क व पुल का निर्माण कार्य कराया जायेगा।इसके लिये स्थानीय विधायक एवं हम लगातार मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत करा रहे हैं।

# डॉ. लोहिया के 115वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डॉ. राममनोहर लोहिया विचार मंच के तत्वावधान में डॉ लोहिया के 115वीं जयंती के अवसर पर भवनाथपुर मोड़ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।डॉ राममनोहर लोहिया विचार मंच के सदस्यों ने प्रखर समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि डॉ. लोहिया प्रखर समाजवादी नेता, प्रसिद्ध विचारक व चिन्तक थे।डॉ लोहिया संघर्षशील नेता व महान अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने कहा कि इनका जन्म उत्तरप्रदेश के अम्बेडकर जिले के अकबरपुर ग्राम में हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सबों को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है, तभी देश व समाज का विकास संभव है। सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल ने कहा कि डॉ. लोहिया प्रारम्भ से ही मेधावी छात्र थे। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के विद्यालय में हुई थी।वे 22वर्ष की अवस्था मे ही डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त कर लिये थे। अपने तीव्र बुद्धि के कारण वे तीन माह में ही जर्मन भाषा सीखकर अपने प्रोफेसर को आश्चर्यचकित कर दिये थे। उन्होंने कहा कि वे व्यक्ति के स्वतंत्रता के समर्थक थे। इनका पारखी व्यक्तित्व पूरी दुनिया और भारत का भविष्य देख लिया था। इनकी कही बातें आज सत्य साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जर्मन में 6 वर्ष तक रहने के कारण इनके जीवन पर कार्लमार्क्स का प्रभाव परिलक्षित होता है। इनके जीवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी प्रभाव था। कहा जाता है कि इनके जीवन पर ढाई आदमी का प्रभाव दिखाई देता है। जिसमे कार्लमार्क्स, महात्मा गांधी तथा आधा जवाहरलाल नेहरू का। डॉ लोहिया विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। ये समाजवाद की स्थापना सत्याग्रह के माध्यम से करना चाहते थे। उनका मानना था कि यूरोपीय समाजवाद हमारे देश के लिये लाभकारी नही है। मौके पर मंच के संरक्षक विजय सिंह, मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, कमलेश बिहारी, बसंत जायसवाल, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय, रामानन्द पांडेय, कमलेश्वर पांडेय, शिवनारायण चौबे, गोपाल राम, सुदर्शन राम, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीताराम जायसवाल ने किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में साइकिल ऑन संडे कार्यक्रम का आज

**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण, शारीरिक शिक्षा फाउंडेशन झारखंड एवं फिट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में रांची के मोराबादी मैदान में साइकिल ऑन संडे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश, भारतीय खेल प्राधिकरण के सहायक निदेशक करण , शारीरिक शिक्षा फाउंडेशन झारखंड के अध्यक्ष रेणु साहनी, सचिव लाल प्रमोद कुमार सिंह,सह सचिव मुकेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, अदिति सिंह और मार्शल आर्ट कोच लव कुमार समाजसेवी बबलू महतो, रमेश बैठा, सांसद प्रतिनिधि राकेश चौधरी वरिष्ठ कोच भारतीय खेल प्राधिकरण विनोद कुमार उपस्थित थे। इन सभी ने मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस आयोजन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और मोराबादी मैदान का एक चक्कर साइकिल से लगाकर समाज को स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवन के महत्व को प्रमोट किया और साइकिल चलाने की आदत को बढ़ावा दिया।

### राधाकृष्ण मंदिर में रामनवमी और नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

**रांची :** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीरामनवमी और नवरात्र महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। मीडिया प्रभारी अरुण जासूजा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को सुबह 7 बजे शिव दुर्गा मंदिर से 108 महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। यह यात्रा हरिओम मंदिर, काली मंदिर, भक्ति चौक और झंडा चौक से होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगी। 29 मार्च को शाम 4 बजे से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ मंदिर प्रांगण में होगा।

## डालसा जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला है : राव

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्य स्तरीय बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव सहित अन्य न्यायाधीशों ने संयुक्त रुप से न्याय सदन, झालसा के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय में लीगल एंड क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव ने वर्चुअल माध्यम से किया। मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीशों से कहा कि वे संबंधित न्यायालयों पर यह प्रभाव डालें कि छोटे अपराधों में व्यक्ति को हिरासत में लेते समय यंत्रवत् रिमांड आदेश पारित न किया जाए। मौके पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव ने कहा कि हमें यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण झारखंड के जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता के माध्यम से न्याय प्रदान करने में बहुत अच्छा काम कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राथमिक संपर्क बिंदु हैं तथा जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला हैं। झारखंड 2024 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में 99.49 प्रतिशत की उच्चतम निपटान दर हासिल करके शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बन गया है। यह हमारे विधिक सेवा कार्यबल द्वारा की जा रही लगातार कड़ी मेहनत को दर्शाता है तथा उनके योगदान का प्रमाण है। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

## सच्ची भक्ति और निष्ठा का कोई मूल्य नहीं न ही जात-पात का कोई भेद : किशोरी जी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** हुटुप गौशाला धाम में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के सातवें दिन प्रसिद्ध कथावाचक संगीता किशोरी ने शबरी प्रसंग पर एक अत्यंत मार्मिक और सुंदर कथा का वाचन किया। इस प्रसंग ने सभी श्रद्धालुओं के दिलों में श्रीराम के प्रति असीम श्रद्धा और भक्ति का संचार किया। शबरी की कथा, जो भगवान श्रीराम के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, ने सभी को न केवल धार्मिक दृष्टि से प्रेरित किया, बल्कि यह जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य और संस्कारों की भी सीख दी। कथा के दौरान संगीता किशोरी ने शबरी के जीवन के संघर्ष, उनकी साधना और भगवान श्रीराम के प्रति उनकी अपार श्रद्धा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। शबरी, जो एक वनवासी महिला थीं, ने वर्षों तक बिनती की थी कि भगवान श्रीराम उनके घर आएं। उनके जीवन में एक दृढ़ विश्वास था कि जो राम के दरबार में सच दिल से भक्ति करता है, वह अवश्य श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करता है। अपनी कठोर साधना और भक्ति से शबरी ने भगवान श्रीराम के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को साबित किया।

कथा के दौरान यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय रही कि श्रीराम ने शबरी के साथ जो प्रेम और स्नेह व्यक्त किया, वह समाज में व्याप्त जातिवाद और भेदभाव से ऊपर था। भगवान श्रीराम ने शबरी के झूठे बेर भी आनंदपूर्वक खाए और यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति और निष्ठा का कोई मूल्य नहीं, न ही जात-पात का कोई भेद। शबरी के प्रति श्रीराम का यह आचरण सभी के लिए एक अमूल्य शिक्षा है कि ईश्वर के दरबार में सभी समान हैं। इस सुंदर कथा के साथ ही आज भंडारा महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें 2500 से भी अधिक श्रद्धाल शामिल हुए। महाप्रसाद में भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए सभी भक्तों के बीच शाम 5 बजे तक प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देने वाला भी था।

## सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण पर रक्षा राज्य मंत्री का सीएम को पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिरम टोली, रांची के समीप फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। इस फ्लाईओवर के समीप सरना स्थल के पास रैंप का निर्माण होना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा सरना स्थल, सरना समाज से जुड़े लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र होता है। उक्त स्थल पर सिर्फ सरना समुदाय ही नहीं बल्कि हम सबकी भी आस्था है। सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण का विरोध समाज के लोग लगातार कर रहे हैं। यह हम सबके लिए भी चिंतन का विषय है। निश्चित रूप से शहर का विकास होना चाहिए परंतु उसमें हम सब की धार्मिक आस्था और उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखें तो समाज भी हमारे साथ खड़ा होगा। सरना समाज की आस्था को देखते हुए, मेरा सुझाव है कि अविलंब इस दिशा में संबंधित विभाग, सरना समाज के प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इसका हल निकल जाना चाहिए ताकि किसी समाज की आस्था भी आहत नहीं हो और विकास का कार्य भी समुचित रूप से हो सके। अतः अविलंब सभी वर्गों के साथ बैठकर इस समस्या का समाधान निकालने हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए क्योंकि यह स्थल लाखों लोगों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। एक सप्ताह के बाद सरहुल महोत्सव भी मनाया जाना है, ऐसे में इस दिशा में सरकार को त्वरित और समुचित पहल करनी चाहिए।

## शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर रांची इप्टा ने पेंटिंग प्रतियोगिता का कराया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) रांची द्वारा सरफरोश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत यूनियन क्लब हाल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. पेंटिंग का आयोजन झारखंड के प्रसिद्ध चित्रकार प्रवीण कर्मकार की देखरेख में संपन्न हुआ. रांची के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के करीब 75 से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में हर वर्ग के छात्राओं ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता का विजेताओं के नाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण 30 मार्च को यूनियन हाल सभागार में दिन के 11:00 बजे की जाएगी. 30 मार्च को इप्टा रांची की सचिव सुमेधा मलिक के निर्देशन में सआदत हसन मंटो द्वारा लिखित टोबा टेक सिंह नाटक का मंचन किया जाएगा। पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम के मौके पर झारखंड इप्टा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक, प्रदीप तरफदार, श्यामल चक्रवर्ती, चंदन मल्लिक, परवेज कुरैशी , सुमेधा मल्लिक, प्रशांत, श्रेया, रोशन कुमार शर्मा, पीयूष, तनीषा प्रिया, आस्था राज, स्मृति सुमन, समृद्धि सुमन, विहान शाश्वत सहित कई छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** रविवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समृद्धि पार्क आरा गेट महिलोंग नामकुम,रांची में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों का नि:शुल्क नेत्र रोग जांच,एवं हियरिंग (कान)जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी,का सहयोग रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल के डॉश सोनीता कुमारी, दिलीप राम,राजकुमार यादव,बरियातू स्थित हियर जैप क्लिनिक के अमलेश कुमार, सुशांत शेखर,हैप्पी ऑप्टिकल के तनवीर खान,अदनान एवं समृद्धि पार्क सोसाइटी के मैनेजर दीपक कुमार,कंचन किशोर,अभय जयसवाल,आईश बीश प्रसाद,दीपक कुमार सिंह,इत्यादि का सहयोग रहा।

## जीपीएस उर्दू में क्राफ्ट एवं चित्रांकन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय खिजुरटोली कांके रांची के वार्षिक परीक्षा के उपरांत वर्ग केजी से पंचम वर्ग के छात्रों के बीच क्राफ्ट व चित्रांकन का आयोजन किया गया।

इसमें कई छात्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और कई तरह के क्राफ्ट व चित्रांकन बना कर प्रदर्शन किया गया। क्राफ्ट में कई तरह के वाहन के मॉडल प्राकृतिक से जुड़े ,विभिन्न घर के मॉडल, फास्ट एड बॉक्स,गुलदस्ता ,पेन स्टेंड , डसटर, हवा देता हुआ कूलर, म्यूजकि गिटार देशभक्ति से जुड़े दीवाल सजावट, मां की ममता को दर्शाते हुए डेकोरेशन कार्ड, चित्रांकन में प्राकृतिक से जुड़े तिरंगा झंडा म्यूजियम आदि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया।उनमें छात्र मो नुमान,रुकसार परवीन , साजिया परवीन, कार्तिक मुंडा,दिव्य कुमारी, नूरसबा परवीन,सचिन लोहारा, मो अरस ,दुर्गा मुंडा ,शमशेर खान ,फलक परवीन, रितेश सिंह ,मुंडा,प्रियंका कुमारी आदि छात्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक नसीम अहमद,सुभाष उरांव, शहजादा, शमशाद बेगम एस एमसी सदस्य कसीदा खातून फिरोजा खातून अफसाना खातून गुड़िया देवी,गणेश नायक शामिल थे।

## झारखंड पुलिस मेंन्स एसोसिएशन परिवार की ओर से दावत ए इफ्तार का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** रमजान के 22 वे रोजे के दिन झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के द्वारा केन्द्रीय कार्यालय, पुरानी पुलिस केन्द्र लाइन टेंक रोड, राँची में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजूल हसन, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम,लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमा, स्वास्थ्य सचिव अबु इमरान, रियाज़ नगर आयुक्त पलामू, डीएफओ गुमला मो बेलाल, नाथु सिंह मीना विशेष शाखा सहित झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, संगठन महामंत्री मृत्युंजय कुमार, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद महतो, उपाध्यक्ष सरफराज खान, संयुक्त सचिव रहमान खान,सहायक महामंत्री लालेश्वर राम, देवचंद मुंडा, बृजेश पांडे, परमेश्वर महतो, वैभव पाठक, विनोद पांडे, प्रदीप, स्टीफन मरांडी, चंद्रशेखर महतो, संजय कुमार,झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल मुर्मू, प्रांतीय उपाध्यक्ष मो महताब आलम, अरशद, लड्डन, सीआईडी से चन्दन, जकी इमाम, मो कमाल, डॉक्टर असलम परवेज, पत्रकार परवेज कुरैशी, नकी इमाम रिजवी, आदिल , महताब, अबुजर समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे। मगरिब की नमाज मौलाना अब्दुल गफ्फार ने पढ़ाई और देश और राज्य की सलामती खुशहाली अमन व सलामती की दुआएं मांगी।

## आरपीएफ ने किया शराब बरामद तस्करों को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 मार्च 2025 को रांची फ्लाइंग टीम और आरपीएफ हटिया ने 111 बोतलें शराब बरामद की, जिनकी कुल कीमत लगभग 27,400 रुपये है। यह शराब, शशांत कुमार सिंह उम्र वर्ष, हिमांशु राज उम्र वर्ष और आदित्य रामानुजन, उम्र 21 वर्ष के पास से बरामद की गईद्य आरोपितों ने बताया कि उन्होंने यह शराब हटिया से खरीदी थी और इसे बिहार ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपितों और जब्त शराब को 23 मार्च 2025 को रांची के आबकारी विभाग को सौंप दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।इस कार्यवाही के दौरान आरपीएफ की टीम के निम्नलिखित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे उप निरीक्षक दीपक कुमार, साधना कुमारी, स्टाफ रंजन कुमार सिंह, के.के. पांडे, कर्मचारी हेमंत, प्रदीप तथा डी.के. जितरवाल।

## अंजुमन व माही के द्वारा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन

**रांची :** विविधता में एकता, सद्भाव के माध्यम से शांति के लिए दावत-ए-इफ्तार झारखण्ड अंजुमन व मौलाना आज़ाद ह्यूमेन इनीशिएटिव के तरफ से संतुष्टि अपार्टमेंट, विक्रांत चौक चर्च रोड, राँची में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर सामूहिक रुप से रांची झारखण्ड व पूरे देश के लिए खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गई। जुनैद अनवर संयोजक झारखंड अंजुमन ने इफ्तार पार्टी में शामिल सभी लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत पर कांग्रेस ने किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस तथा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्व. टी मुचिराय मुंडा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस जनों द्वारा उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।इस मौके पर कमलेश ने कहा कि शहीद भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है देश की आजादी के संघर्ष में इन तीनों के बलिदान ने सुनहरा अध्याय स्थापित किया है इनके बलिदान को याद करते हुए पूरा देश आज के दिन को भी शहीद दिवस के रूप में मनाता है ताकि जुल्म अत्याचार के प्रति संघर्ष और देश प्रेम की भावना वर्तमान युवा वर्ग में जागृत रहे । इनके बलिदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की जो ज्वाला प्रज्वलित हुई वह देश की आजादी के बाद ही शांत हुई। कमलेश ने स्वर्गीय टी.मुचिराय मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बहुमुखी व्यक्तित्व तथा उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा की,उन्हें छोटानागपुर का गांधी बताया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सोनाल शांति, अभिलाष साहू,गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू, राजन वर्मा, रमा खलको, खुर्शीद हसन रूमी, रीता चौधरी,जितेंद्र त्रिवेदी,मनोज सहाय पिंकू,संजय कुमार,जाकिर हुसैन, अहमद राजा,इनामुल हक जगन्नाथ साहू, शेख वसीम,तारिक आलम,संजय गामा संजय कुमार शामिल थे।

## रांची में मौसम का कहर: तेज आंधी-बारिश ने मचाई तबाही

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित कई जिलों में रविवार को तड़के मौसम ने कहर बरपाया। भारी गर्जना के साथ तेज आंधी, और भारी बारिश ने पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा), पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), सरायकेला, रांची, खूंटी, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ सहित कई जिलों में तबाही मचाई है। रविवार को सुबह लगभग तीन बजे शुरू हुआ यह तूफानी मौसम का कहर सुबह करीब 5.45 बजे तक जारी रहा। इस कारण बिजली व्यवस्था ठप हो गई और कई इलाकों में पेड़ गिरने के साथ ही घरों को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। भारी मशक्कत के बाद रांची शहरी क्षेत्र में सुबह 9 बजे बिजली व्यवस्था बहाल हुई । बिजली नहीं रहने से लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परेशान लोग बिजली विभाग के कार्यालयों में लगातार फोन कर रहे थे। तेज आंधी और बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए। रांची शहर के ज्यादातर हिस्सों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। करीब साढ़े पांच घंटे बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। आंधी और बारिश की वजह से कई जगहों पर तारों को नुकसान पहुंचा था । जानकारी के मुताबिक आंधी और बारिश के कारण कांके रोड, हरमू रोड, और रातू रोड में पेड़ गिरने की सूचना हैं। इससे आवागमन बाधित हो रहा है। अपर बाजार इलाके में एक पुराने पेड़ के गिरने से एक घर की छत पूरी तरह टूट गई, हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी कोतवाली आदिकांत महतो ने बताया कि एक घर पर पेड़ गिरा है। लेकिन इसमें कोई भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## साहिया बहनों की भूमिका अहम, सरकार देगी हर संभव मदद : डॉ. इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा मे आयोजित जिला स्तरीय सहिया सह सीएचओ सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित साहिया बहनों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में साहिया बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने कार्यों को और प्रभावी ढंग से कर सकें। मंत्री ने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण और संस्थागत प्रसव का लक्ष्य हासिल करने में साहिया बहनों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और देखभाल से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि साहिया बहनों के समर्पण और मेहनत से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता में तेजी आई है, जिससे लोगों को समय पर इलाज और सही जानकारी मिल रही है।डॉ. अंसारी ने घोषणा की कि राज्य की सभी साहिया बहनों को जल्द ही आधुनिक टैबलेट (टैब) उपलब्ध कराए जाएंगे। इन टैबलेट्स के माध्यम से वे स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों को डिजिटल रूप में दर्ज कर सकेंगी, जिससे सेवा में पारदर्शिता और गति आएगी। यह पहल साहिया बहनों के कामकाज को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाएगी।

## श्री राम वानरसेना के द्वारा भव्य मंगलवारी झांकी निकालने हेतु बैठक



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम वानरसेना टाटीसिलवे के द्वारा झारखंड एक्यूप्रेशर परिषद शाखा के केंद्र में एक अप्रैल को मंगलवारी झांकी भव्य एवं आकर्षक निकालने को लेकर बैठक की गई।इस बैठक में सम्मानित सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मंगलवारी झांकी श्री राम शिव मन्दिर के प्रांगण से होते हुए टाटीसिलवे दुर्गा मंदिर,उषा मार्टिन,स्वर्णरिखा मंदिर, टाटी मंदिर ,बाजार हनुमान मंदिर वापस आएगी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुद्धिजीवियों,सामाजिक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधियों से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने एवं स्वेच्छा से सहयोग की अपील करने के लिए संपर्क करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश मिश्रा, मिंटू सिंह,गौतम सिंह,अजय वर्मा, डॉक्टर मधुसूदन पांडे, शिवम जे सी,मनोज गोलू इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरहुल पर्व को लेकर बैठक



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखडंअतर्गत रामपुर गडके मैदान में सरहुल पूजा समिति नामकुम पूर्व क्षेत्र का बैठक रखा गया जिसमें सरहुल मिलन समारोह को धूम धाम से मनाने और सभी तैयारी में चर्चा हुई बैठक में सरहुल पूजा समिति नामकुम पूर्व क्षेत्र के अध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा, सचिव श्री गंगा लकड़ा, कोषाध्यक्ष श्री अनिल लकड़ा, आंकड़ा अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान श्री सुनील लकड़ा, प्रदीप लकड़ा,लोगों कच्छप, लक्ष्मण लकड़ा, जयराम तिर्की, मदन टोप्पो, चामू बेक, उत्तम गोप, सूरज लकड़ा, अजय लकड़ा इत्यादि लोगों ने भाग लिया ।

## सिल्ली उत्तरी क्षेत्र नवयुवक बेदिया संघर्ष समिति का हुआ गठन, अनिल बने अध्यक्ष



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**ः प्रखंड के कुसुमटिरा बेदिया भवन में रविवार को सिल्ली प्रखंड उत्तरी क्षेत्र बेदिया समाज की एक बैठक अभीराम मांझी के अध्यक्षता में की गई। बैठक में समाज के मजबुती को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से सिल्ली प्रखंड उत्तरी क्षेत्र नवयुवक बेदिया संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें अनिल कुमार मांझी को अध्यक्ष, पंचानंद मांझी, गुणोधर मांझी एवं आनन्द मांझी को उपाध्यक्ष , मनोज मांझी एवं सुखराम मांझी को सचिव, अमुल्यरतन बेदिया एवं कशिनाथ मांझी को कोषाध्यक्ष, इसके अला 30 सदस्यीय कार्य करिनि सदस्यों का चयन किया गया। मंच संचालन धनेश्वर बेदिया ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार मांझी ने किया। इस मौके पर जितेन्द्र नाथ मांझी, दिनेश चंद्र मांझी, चैतन्य मांझी गोपीनाथ मांझी, लक्ष्मी कान्त मांझी, सत्यनारायण मांझी, सोमरा बेदिया, मुखिया रामाकांत बेदिया समेत समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे।

## रमजान क़ा महीना गुनाहों से माफी और इबादत का महीना है : डॉ नाजनीन कौसर

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित ईरबा में फ्लोरेंस डेंटल क्लिनिक के डॉ नाजनीन कौसर ने कहा कि रमजान का असल मकसद भाईचारा, प्रेम,और सदभावना है यह महीना लोगों को सब्र,तकवा,हमदर्दी,नरमी,मोहब्बत और दूसरों का ख्याल रखना सिखाता है। रमजान रहमत,बरकत और मगफिरत का महीना है। रमजान में रोजेदार की दुआ खाली नहीं जाती है। रोजे रखना इस्लाम का तीसरा फर्ज है। रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रमजान का पहला हिस्सा माह के 1-10 दिन का रहमत,दूसरा हिस्सा 11-20 दिन का मगफिरत और 21 से 30 दिन का हिस्सा दोजख से आजादी का है। रमजान में बेहिसाब,बरकत और रहमतों वाली एक रात होती है,जिसे शबे कद्र कहते हैं। यह रात दूसरी रातों से बेहतर है। रमजान में कुरान पाक नाजिल किया गया। रमजान में रोजे फर्ज किए गए हैं। तरावीह को सुन्नत करार दिया गया है।इस माह में हर नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ा दिया जाता है। रमजान में गरीबों का ख्याल रखे। इबादत अधिक करे,जो व्यक्ति रमजान माह में रोजेदार को इफ्तार कराता है,उससे अल्लाह खुश होता है और गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। अंत में डॉ नाजनीन कौसर ने लोगों को रमजान मुबारक की मुबारकबाद देते हुए लोगों से अपील किया कि गुनाहों से बचकर ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत में गुजारें। यह महीना बड़ी कीमती महीना है,इसमें शैतान जकड़ लिए जाते हैं,यह महीना ट्रेनिंग का महीना है,साल के ग्यारह महीनों में रमजान महीना की तरह इबादत करनी चाहिए,और गरीब गुरबा की मदद करनी चाहिए।

# सीसीएल प्रबधंन द्वारा टेढ़ी पुल के समीप बनाये गये चेक पोस्ट का ट्रक ऑनरो ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका वर्कशॉप के समीप टेढी पुल के समीप सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा चेक पोस्ट लगाए जाने के बाद रैयत विस्थापित ट्रक ऑनरो ने पुरजोर विरोध किया।मिली जानकारी के अनुसार कांटा नम्बर 01,02,07,12 और 13 नंबर एवं रिजेक्ट कांटा का टेढी पुल के समीप चेक पोस्ट में अपने वाहन का इंट्री कराने को लेकर ट्रक ऑनर एसोसिएशन अशेका पिपरवार और सथानीय ट्रक मालिको ने इसका पुरजोर विरोध किया।इस संबंध मे ट्रक ऑनरो ने कहा कि सीसीएल प्रबधंन द्वारा इस तरह के नये-नये नियम लगाने से स्थानीय लोगों की गाड़ी कैसे चलेगी।सभी कांटा का गाडी एक ही चेक पोस्ट में इंट्री होने से हाइवा एवं ट्रक का जमावडा होगा और इससे दूर्घटना की आंशका भी हमेशा बनी रहेगी।चेक पोस्ट में इंट्री कराने को लेकर लाइन में लगे वाहनो का डीएमओ का समय कम होने से परेशानी होती है।ट्रक ऑनरों ने एक स्वर में कहा कि प्रबंधन के इस नए नियम से स्थानीय ट्रक ऑनर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।इस दौरान स्थानीय ट्रक ऑनरो ने इस नये नियम का पुरजोर विरोध किया और एक भी गाडी कांटा नही हुआ।इधर ट्रक ऑनर के विरोध की खबर सुनते ही स्थानीय सीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचकर ट्रक ऑनर से बात की, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं निकलने के बाद पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक भी हुई। इस बैठक में काफी विचार विमर्श के बावजूद लेकिन कोई निष्कर्स नही निकला। ट्रक ऑनर ने एक स्वर में कहा कि यदि इस सिस्टम को जल्द नहीं हटाया गया तो आने वाले दिनों में ट्रक ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा।

# एम.एम क्लब इरबा ने इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** रमजान के पवित्र महीना के 22वें रमजान के दिन इरबा में एम एम क्लब इरबा के सौजन्य से रविवार अफ्तार पार्टी का आयोजन किया.दावते इफ्तार में काफी संख्या मेंआसपास के रोजेदार शामिल हुए,दावते इफ्तार में भूखे प्यासे रोजेदारों ने सामूहिक रूप से देश की अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी और सभी रोजेदार मिलजुलकर अजान की आवाज के बाद अफ्तार किये।दावते अफ्तार आपसी भाईचारा,एकता व सद्भाव का अनोखा मिसाल है जिसमें एक दस्तरखान पर बैठकर प्यार व मोहब्बत से रोजेदार मिलजुलकर अफ्तार करते हैं.रमजान के महीने में छोटे-छोटे बच्चे नौजवान बूढ़े सभी लोग गर्मी की शिद्दत के बावजूद भी 15 से16घंटे भूखे प्यासे रहकर रोजा रखकर अपने परवर दिगार की इबादत में नेक बन्दे लगे रहते हैं,रमजान रहमतों बरकातो व इबादतों का महीना है.रोजा रखना और रोजेदारों को अफ्तार कराना काफी नेक काम है,इस अफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से हाजी याकूब,मौलाना समीउल्लाह मजाहरी,जकी,रजी,साजिद,बबलू,तरीक़ अनवर (ज़िदान),अज़हर रज़ा,मज़हर,दिल अफरोज,अशफ़ाक,समीर,अबू तलहा,आसिफ,सरवर,इमरान,मुर्शीद, सोनु,तौहीद,अबू रेहान,लाल बाबू ,वसीम अकरम, मदन, तफ़ेज़्ज़ुल, हसन, राजु, मुदस्सिर, मुदब्बिर, आमिर, यासिर, समशाद, तनवीर, शाहिद, इमरान, ख़ालिद, मोहसीन, शकील परवेज, सहित काफ़ी संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

# शहीद दिवस पर रक्त दान शिविर का आयोजन, 52 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** शहीद दिवस के उपलक्ष्य में सिल्ली सामुदायिक अस्पताल परिसर में रविवार को शहीद भगत सिंह स्मारक मंच मुरी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सदर अस्पताल रांची व सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी के टेक्नीशियनों ने कुल 52 यूनिट रक्त संग्रह किया। शिविर में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर एवं थाना के 8 पुलिस के जवान, व्यवसायी संघ के गोपाल केडिया समेत सिल्ली मुरी के 52 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। इस दौरान डॉ प्रियंका सिन्हा, डॉ अतिरंजन, डॉ विवेक कुमार, सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक डॉ रमनेश प्रसाद आदि ने रक्तदाताओं की जांच की और उन्हें रक्तदान के लाभों के बारे में जानकारी दी। इससे पुर्व अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका सिन्हा, डॉ अतिरंजन, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर एवं मंच के अमर महली, अरुण महतो, जितेन महतो, अनुरोध कोइरी समेत आयोजन समिति के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। मंच के दीपक सोनार ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराना है। मंच के कुमार गौतम ने कहा कि हमारे वीर शहीदों ने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी कुर्बानियों को याद रखना और समाज की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अस्पताल के डॉ पल्लवी कुमारी, डॉ प्रज्ञा ऋचा, डॉ सुधा रानी, मारुति नंदन चक्रवर्ती, शशि भूषण चौबे, संजीव कुमार महतो, सुरेन्द्र महतो, छोटेलाल पटेल, दीपक कमार, आनंद कुमार यादव, सुनंदा जयसवाल, बबीता कुमारी, हिल्दा लकड़ा, अमृता कुमारी, ओम प्रकाश समेत स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# बेड़ो प्रखंड में वैद्य ब्राह्मण समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बेड़ो :** प्रखंड के ग्राम बारीडीह स्थित पाड़हा मैदान के पाड़हा भवन में दिनांक 23 मार्च 2025 को वैद्य ब्राह्मण समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष बानी कुमार रॉय ने की, जबकि संचालन प्रवक्ता धनंजय कुमार रॉय द्वारा किया गया। अधिवेशन में मुख्य रूप से झारखंड वैद्य समाज के उत्थान पर विशेष चर्चा हुई।

इस अवसर पर समाज के सचिव नित्यानंद रॉय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें विगत वर्षों में लिए गए प्रस्तावों, आय-व्यय एवं कोष वृद्धि पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, कोषाध्यक्ष प्रताप कुमार रॉय ने वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया। अधिवेशन के दौरान समाज के उत्थान के लिए खुली चर्चा हुई, जिसमें यह प्रस्ताव पारित किए गए कि वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए, समाज की वार्षिक पत्रिका प्रकाशित की जाए, समाज की जनगणना वंशावली सहित तैयार की जाए, अधिवेशन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, विवाह समारोह में लड़का और लड़की पक्ष द्वारा एक निश्चित आर्थिक सहयोग राशि निर्धारित की जाए, तथा प्रत्येक अधिवेशन में समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाए।

इसके अलावा, समाज के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने के लिए एक बेहतर न्यूज अख़बार प्रकाशित करने का भी प्रस्ताव रखा गया।

# पिपरवार के कल्याणपूर नुरी मस्जिद में चल रहे नमाजे तरावीह का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नूरी मस्जिद कल्याणपुर में रमजान के महीने में चल रहे नमाजे तरावीह का समापन किया गया।नूरी मस्जिद कल्याणपुर के ईमाम हाफिज मकसूद आलम जामई ने नमाजे तरावी को मुक्कमल पढ़ाया।समापन तरावी के मौके हाफिज मकसूद आलम जामई को अंजुमन की ओर से नजराना दिया गया।वही तरावी के मौके पर मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया, जिसमें रमजन के महीने नमाजे तरावीह पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।अंत मे क्षेत्र,राज्य और देश की अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।इस मौके पर हाजी अब्दुल अजीज,सदर इदरीस अंसारी,सेकेट्री नईम अंसारी,अब्दुल अंसारी,युसूफ अंसारी,इब्राहिम अंसारी,लियाकत अंसारी,शकील अंसारी, खुर्शीद अंसारी,क्युम अंसारी,नुरुल होदा अंसारी,जमीर अंसारी, डॉ. खालीद,डॉ जेया आलम, जिब्राईल अंसारी,मोहम्मद जमाल सहित अंजुमन के लोग एंव स्थानीय लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# रामनवमी पूजा एवं मेला को लेकर बिलारी में हुई ग्रामीणों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव संकट मोचन मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता भीम प्रकाश ठाकुर और संचालन पंकज कुमार दास ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिलारी में रामनवमी पूजा एवं मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।साथ ही इसकी समीक्षा को लेकर 25 मार्च को पुनः बैठक आयोजित की गई।बैठक मे रामनवमी पूजा एवं मेल को सफल बनाने के लिए समिति का गठन करने सहित अन्य कई बातों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी ग्रामीणों से पूजा एवं मेल को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की गई।बैठक में रूपलाल महतो,महेश महतो, सरवन कुमार महतो,देवधामी महतो,जोधन महतो,चुरामन महतो,अमर कुमार महतो, धनोज महतो,सूरज कुमार, आशीष कुमार,निर्मल महतो, रूपेश्वर महतो,अभिषेक कुमार,नरेश कुमार महतो, जितेंद्र कुमार सिंह,रंजीत कुमार,रूपेश गंझु, संगीता देवी,सरिता देवी,सीता देवी,सुमिता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## यौन शोषण के मामले में 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने रविवार शाम 5 बजे जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ पिछले 6 वर्षों से हर्रा निवासी 25 मिथिलेश गोप नामक युवक लगातार यौन शोषण कर रहा था तभी पीड़िता के द्वारा शादी करने का दबाव डालने पर शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने शनिवार को चान्हो थाने में मामला दर्ज कराया था जिसके आधार पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी ने की बैठक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहाड़ी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रताप कुमार यादव और संचालन मुकेश यदुवंशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी शोभायात्रा निकालने पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से 5 अप्रैल दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में शोभायात्रा की रूपरेखा एवम विशेष तैयारी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वहीं तय किया गया की शोभायात्रा का रूट मैप हर वर्ष की भांति ही रखा जाएगा जिसमे कोई बदलाव नही किया गया। बैठक में मुख्य रुप से करण कुमार, विक्की कुमार, सोनू कुमार, आयुष राज सिंह, पप्पू कुमार सोनी, दीपक बहादुर, दीपक कुमार, सोनू कुमार यादव, सूरज सिंह, सावन कुमार तुरी जितेंद्र कुमार, रवी प्रजापति, जीवन रजक ,अनिल कुमार, विदेशी प्रसाद सोनी, प्रेम प्रसाद केसरी, दिलीप मेहता, आकाश राम,ओम प्रसाद, ललू मेहता, रोहन लाल, जयप्रकाश कुमार, शिवम कुमार, कमलेश कुमार महतो, रंजीत कुमार, ओम प्रकाश सिंह, चैता मुंडा, प्रियांशु कुमार सिंह, हेमंत सिंह, पंचम केसरी, रमेश गिरी, राकेश, विजय प्रसाद, संदीप केसरी, मनोज कुमार साहू , जगरनाथ गुप्ता, देवनाथ प्रजापति, राकेश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा अखिल भारतीय धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय धोबी समाज की बैठक में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय धोबी समाज का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। मौके पर विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि समाज ने जो दायित्व दिया है उसे निभाते हुए सभी जिलों का दौरा कर संगठन को मजबूत करेंगे?। विधायक को बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक,नरेश सेठ सुखराम सेठ स्वरूप बैठा कृष्ण रजक विजय रजक भरत रजक राजेंद्र रजक जीवन रजक रंजीत रजक नरेश रजक मनोज बैठा शिवदयाल बैठा,प्रदेश सचिव इंदिरा तुरी,राजेश सिंह मिंटू, साबिर अंसारी, रोशन लाल, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, विक्की सिंह, वीरेंद्र यादव, रमेश चौहान, विनय खलखो, सलामत अंसारी, मोहम्मद बशीर, लखन गंझू, इस्लाम अंसारी,अजय सिंह बबलू, फिरोज आलम, मोनू सिंह, बाबू खान, राजा केसरी, मनोज यादव, प्रकाश कुजूर सहित अन्य ने बधाई दिया।

## बचरा चार नंबर खेल मैदान में आज से तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का होगा आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में मानव उत्थान सेवा समिति के द्वारा 24 मार्च से 26 मार्च तक तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि दोपहर 3ः00 से संध्या 5ः00 बजे तक प्रतिदिन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन होगा।आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि सदगुरु देव श्री सतपाल जी महाराज के आत्मानुभवी संत महात्माओं के द्वारा रामायण, गीता आदि धर्म शास्त्रों के आधार पर सत्संग विचारों से जनमानस को संबोधित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में हरिद्वार से भुवनेश्वरी बाई जी सोनी बाई जी और झारखंड से प्रेरणा बाई जी एवं मान्यता बाई जी शामिल होंगे।आयोजन समिति के लोगों ने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।समिति के शिवलाल महतो,धनेश्वर महतो,गुलाबचंद प्रसाद,उमाशंकर विश्वकर्मा, गणेश राम,मनोज भुईयां,नरेश राम,ओमप्रकाश गुप्ता, रवि रंजन सहित अन्य लोग इसकी तैयारी में लगे हुए हैं।

## पिपरवार में अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर सिस्टा की बैठक हुई सम्पन्न

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाइज एसोसिएशन सिस्टा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता आनन्द मुंडा और संचालन कामेश्वर राम ने किया।बैठक मे आगामी 14 अप्रेल को बचरा चार नंबर स्थित अंबेडकर चौक में संविधान निर्माता व भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह आयोजित किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे जंयती समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई,साथ ही भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया।साथ ही इस समारोह के आयोजन के अन्य पहलुओ पर विचार विमर्श को लेकर आगामी 25 मार्च को पिपरवार विकास समिति बचरा के क्षेत्रिय कार्यालय में बैठक आहुत की गई है।बैठक में जयंती समारोह में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर क्षेत्र के बुद्धिजीवी, राजनितिक दल सहित अन्य लोगों से अपील की गई है।साथ ही जयंती समारोह के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने का भी निर्णय लिया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से आनन्द मुंडा, कामेश्वर राम,ललिंदर कुमार, संतोष राम,सुनील मुंडा, गणेश रविदास,जमुना रजवार,जीतू तिर्की,रामजीत राम,गीता एक्का, ईश्वर दयाल मेहता,संतोष कुमार राम, मुंशी राम,नागेश्वर राम,सुरेश राजभर,अनिल कुमार, पवन कुमार पासवान सहित दर्जनो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## नेहरू युवा केन्द्र ने शहीदी दिवस पर क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का की गई आयोजित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**नेहरू युवा केन्द्र रांची युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित शहिदी दिवस जे एस एफ क्लब बरतुआ ने ओरमांझी प्रखण्ड के न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल गुडु पांचा में शहिदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में क्युज प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ओरमांझी पुर्वी के जिला परिषद सरीता देवी ने शहीद भगत सिंह,शहीद सुखदेव, एवं राजगुरु के तस्वीर पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की उदघाटन किया। वही उपस्थित एन एस पी एस के प्रधानाचार्य कामेश्वर महतो ने विजेता प्रतिभागियों क्युज में प्रथम- सिमरन कुमारी,द्वितीय- इशान्त कुमार महतो, तृतीय- स्वाती कुमारी, पेंटिंग प्रथम- स्नेहा साक्षी, द्वितीय- राजदीप बेदिया, तृतीय- शिवानी कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सरीता देवी द्वारा सबोधन में कहा कि इस तरह के छोटे कार्यक्रम से लोगों में देश की भावना बढती है। शहिदों के बलिदान को प्रेरणा मानकर जीवन में अमल करना चाहिए। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीता देवी, प्रशांत महतो, प्रमित कुमार, सुशील करमाली,रमेश कुमार महतो, दीपा कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## रामनवमी पूजा को लेकर समितियों का किया गया गठन

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर रविवार केंद्रीय यज्ञ समिति सह महावीर मंडल इटकी की एक बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न समिति का गठन किया गया. यज्ञ समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कृष्णा राम तिवारी, देवेंद्र महतो, सुका प्रधान, भोला उराँव, मिटु लाल. अध्यक्ष प्रकाश महतो. उपाध्यक्ष कृष्णा बर्मन, कलिंदर महतो, विनय केशरी. कोषाध्यक्ष चंद्रकांत महतो, दिवाकर साही बनाया गया है।वहीं केंद्रीय महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, दीपक सिंह, कंचित साही, कार्तिक महतो, कृष्णा राम तिवारी. उपाध्यक्ष जन्मजय गोप, नंदलाल महतो. सचिव राजकुमार तिर्की, राजेश गुप्ता, पंचम महतो. महासचिव अमित महतो, पुरंजय महतो, उज्जवल केशरी, विशाल केशरी एवं प्रचार मंत्री संजय सहारा सहित दर्जनों सदस्यों को समिति में चयन किया गया.

## खरसावां के कुमार साही में रामनवमी तैयारी को लेकर हुई बैठक



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां शहरी क्षेत्र के कुमार साही हनुमान मंदिर परिसर में महावीर संघ समिति की एक बैठक किंकर नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें रामनवमी की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। बैठक में सुशील षाड़ंगी, सुदीप घोड़ेई, सुनील षाड़ंगी, कार्तिक बारिक, इंद्रजीत कुम्भकार, मोहन दास एवं अन्य सदस्यों ने अपना विचार रखा तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजन एवं जुलूस परिभ्रमण के लिए, निर्णय लिया गया। आगामी मंगलवार शाम को बजरंग मंदिर में अखाड़ा पूजा किया जाएगा उसी दिन से भक्तों के द्वारा शाम को मंदिर परिसर पर खेल सीखेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह अखाड़ा का जुलूस नवमी के दिन निकाला जाएगा। मौके पर किंकर नायक,सुशील षाड़ंगी,संदीप घोड़ेई,कार्तिक बारिक,सुनील षाड़ंगी,इंद्रजीत कुम्भकार,मोहन दास,नीता बेहरा,निरंजन बेहरा,कमल घोड़ेई,टापु स्वांसी,अमित नायक, सूरज बेहरा,रामचंद्र दास,झुलु बेहरा, श्याम बेहरा,आदि उपस्थित थे।

## शुभोजित महतो जीपीएल सीजन-1 ऑक्शन में बने सबसे महंगे खिलाड़ी



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के रसुनिया निवासी शुभोजीत महतो प्रीमियर लीग क्रिकेट लीग टी 20 जीपीएल सीजन में सबसे महंगी खिलाड़ी बने। सत्यदेव क्रिकेट अकादमी के संस्थापक विक्की राज चौधरी के अगुवाई में गम्हरिया प्रीमियर टी-20 लीग का ऑक्शन जमशेदपुर गम्हरिया पंचायत भवन में संपन्न हुआ। आठ दलों के इस टूर्नामेंट में 96 खिलाड़ियों का ऑक्शन हुआ। सभी फ्रेंचाइजी के 15 हजार पर्स मनी में से 10 खिलाड़ियों को खरीदना था। सभी टीमों में अंडर 14 और अंडर 16 के 11 खिलाड़ी तथा अंडर-19 का एक आइकन खिलाड़ी दिया गया। सभी खिलाड़ियों का बेस प्राइस 200 था, जिसमें चांडिल प्रखंड के रसुनिया गांव के शुभोजित महतो को 6400 में गम्हरिया चैलेंजर्स ने टूर्नामेंट का सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर अपने टीम में शामिल किया। शुभोजित सरायकेला खरसावां जिला अंडर 14 क्रिकेट का हरफनमौला क्रिकेटर है। इससे पूर्व अंडर 14 जिला लीग में भी उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा था।

## खूंटपानी के अरगुंडी में विधायक दशरथ गागराई ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के खूंटपानी प्रखंड क्षेत्र के अरगुंडी गांव के टोला इच्छासाई एन एच-75 से बासासाई मरांगपाडी तक 2.2 किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक दशरथ गागराई ने नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया. उक्त सड़क का निर्माण जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा(डीएमएफटी) मद से किया जाएगा. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर अब सड़क बनने जा रहा है. इसीलिए, सड़क निर्माण में सभी ग्रामीण सहयोग करें. मौके पर बासंती गागराई, सकरी दोगों, दुर्गा चरण पाड़ेया, बबलू गोडसोरा, अजीत कांडेयांग, जयसिंह बोदरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## बागबेड़ा में कचरा निस्तारण स्थल की मांग उठाए जाने पर विधायक को सम्मानित किया गया



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बागबेड़ा में कचरा निस्तारण स्थल की मांग विधानसभा पटल में जोरदार तरीके से उठाए जाने पर बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत प्रतिनिधि पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने पिछले कई वर्षों से कचरा की समस्याओं से मिजाद दिलाने हेतु संबंधित पदाधिकारी से मांग कर रहे थे। इसी आलोक में यह सवाल विधानसभा पटल पर जोरदार तरीके से रखने पर विधायक संजीव सरदार को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया है। इस दौरान विधायक संजीव सरदार? ने कहा कि जनहित से संबंधित समस्याओं का समाधान करने हेतु वे लगातार प्रयास करते रहेंगे। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य अभिषेक उपाध्याय, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, समाजसेवी भोला था उपस्थित थे।

## गोड़गोड़ा बालिगुमा में दिशोम बाहा मिलन समारोह का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज गोड़गोड़ा बालिगुमा में दिशोम बाहा मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें गोड़गोड़ा बालिगुमा के अलावा आसपास के अन्य गाँवों की पारंपरिक नृत्य टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर, कमिटी के तरफ से संथाल सभ्यता और संस्कृति को दर्शाने के लिए कई मूर्तियों और आकृतियों का निर्माण किया गया था, जो संथाल समुदाय की संक्षेप में व्याख्या कर रही थीं। यह दर्शकों के बीच काफी आकर्षक लग रहा था। इस समारोह में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों ने भाग लिया और संथाल संस्कृति की झलक देखी। यह समारोह संथाल समुदाय की एकता और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर था। इस अवसर पर कमिटी के सदस्यों ने कहा कि यह समारोह संथाल समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने और प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया है। हमें उम्मीद है कि यह समारोह संथाल समुदाय के लोगों को एकजुट करने और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगा।

## मंत्री दीपक बिरुवा के अतिक्रमणकारी वाले बयान का भाजपा ने किया विरोध

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा के विधानसभा में दिए गए बयान का भाजपा ने विरोध किया है। भाजपा ने कहा कि जमशेदपुर की 86 बस्तियों में रहने वाले लाखों गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों को %अतिक्रमणकारी% कहकर मंत्री ने सिर्फ उनका अपमान ही नहीं किया, बल्कि झामुमो-कांग्रेस सरकार के जनविरोधी और दोहरे चरित्र को भी उजागर कर दिया है। रविवार को जमशेदपुर पूर्वी के सात मंडलों के भाजपा अध्यक्षों ने इस गैर-जिम्मेदाराना बयान की तीखी निंदा की। बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि चुनाव के समय हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा में खुद 86 बस्तियों के लोगों से वादा किया था कि झामुमो-कांग्रेस सरकार बनी तो उन्हें मालिकाना हक देंगे। कांग्रेस ने भी इस वादे का समर्थन किया था। भाजपा ने मांग की है कि मंत्री दीपक बिरुवा अपने शर्मनाक और संवेदनहीन बयान पर माफी मांगे और 86 बस्तियों के लोगों को मालिकाना हक देने की आधिकारिक घोषणा करें। बैठक में मुख्यरूप से बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, टेल्को मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन साहू, साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह मौजूद रहे।

# महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया के 20 छात्राओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश

### प्रशासनिक अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गम्हरिया :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, गम्हरिया में नियमित कक्षाओं और साफ सफाई जैसी समस्याओं को लेकर विगत दिनों प्राचार्य डॉ संजीव कुमार के विरुद्ध छात्राओं द्वारा किए गए प्रदर्शन को गलत ठहराते हुए उनपर कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इससे क्रोधित संस्थान के प्राचार्य ने 20 से अधिक छात्राओं को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया है। उनके द्वारा प्रदर्शनकारी छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार, प्राचार्य अब बारी बारी से बदले की भावना से पढ़ाई की मांग करती छात्राओं पर कार्रवाई करेंगे। बताया गया है कि मेस संचालकों के सहयोग से घेराबंदी कर छात्राओं को परेशान करने की साजिश रची जा रही है। यह कार्रवाई ऐसे समय में किया जा रहा है जब इन छात्राओं की परीक्षा भी काफी नजदीक आ गई है। विदित है कि अभी सेमेस्टर तीन की परीक्षा आवेदन भरा जा रहा है और सेमेस्टर एक की परीक्षा की तिथि भी आ चुकी है। प्राचार्य द्वारा एक कार्यालय आदेश निकाला गया है जिसमे प्रथम चरण में 19 छात्राओं को चिन्हित कर उनपर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए आगामी 27 मार्च को उन्हें संस्थानीय समिति के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। समिति का रिपोर्ट आने तक इन छात्राओं को सभी तरह की आंतरिक परीक्षा, एक्टिविटी या औद्योगिक भ्रमण पर रोक लगा दी गई है। इधर, संस्थान की छात्राओं द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में हस्तक्षेप कर उनका भविष्य बर्बाद होने से बचाने की गुहार लगाई गई है।

## एनआईटी जमशेदपुर में सिविल चैंपियंस लीग 3.0 का शुभारंभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनआईटी जमशेदपुर में सिविल चैंपियंस लीग 3.0 का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन के लिए, 17 फरवरी 2025 को ऑक्शन का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न टीमों ने अपने खिलाड़ियों का चयन किया। इसके बाद, 21 मार्च को जर्सी अनावरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सिविल के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ प्रहलाद प्रसाद ने सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। आज शाम 3ः30 बजे सिविल चैंपियंस लीग 3.0 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार कॉलोनल डॉ. निशीथ कुमार राय, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आरपी सिंह, प्रेसिडेंट स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर डॉ. एकेएल श्रीवास्तव, और टाइटल स्पॉन्सर जोडाट के डायरेक्टर रोहित कौशिक और टाइटस निनान उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के बाद, टीम सीसीएल और टीम जोडाट के बीच एक उद्घाटन मैच आयोजित किया गया, जो कि दर्शकों के लिए एक रोमांचक अनुभव था। सिविल चैंपियंस लीग 3.0 का आयोजन एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों एवं प्रोफेसर्स द्वारा किया गया और यह संस्थान में खेल को प्रोत्साहित करता है।

## कानून बनाकर 86 बस्ती के लोगों को स्थाई अधिकार दें सरकार : पूर्णिमा साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा में 86 बस्ती के लाखों निवासियों के लिए पूर्ण मालिकाना हक की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार से अपील की कि कानून बनाकर इन बस्तियों के लोगों को स्थायी अधिकार दिया जाए। शनिवार को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत इस मुद्दे को उठाते हुए विधायक ने कहा कि वर्ष 2018 में हमारी सरकार ने 86 बस्ती में लीज के लिए मंजूरी दी थी, लेकिन बस्तीवासी लीज नहीं, बल्कि पूर्ण मालिकाना हक चाहते हैं। यहां रहने वाले लोग दशकों से इसी जमीन पर बसे हुए हैं। जिनमें आदिवासी, दलित, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग शामिल हैं। विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने गत विधानसभा चुनाव के दौरान बस्तीवासियों से मालिकाना हक देने का वादा किया था। स्वयं विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा में अपनी चुनावी सभा में इस मांग का समर्थन करते हुए मालिकाना हक देने का वादा किया था। अब सवाल यह उठता है कि क्या यह सिर्फ चुनावी लाभ के लिए झूठा वादा किया गया था, या सरकार इसे वास्तविकता में बदलने के लिए गंभीर है।

## पटमदा के दगड़ीगोड़ा आश्रम में बनेगा जगन्नाथ महाप्रभु का मंदिर, बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दगड़ीगोड़ा स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक गुणधर घोषाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान श्री श्री हरि साधना आश्रम में महाप्रभु जगन्नाथ जी का मंदिर निर्माण एवं गोपालपुर गांव में मौसीबाड़ी का निर्माण हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही इस वर्ष पहली बार रथयात्रा भी निकालने का निर्णय हुआ इसके लिए रथ का निर्माण भी कराया जाएगा। बैठक में मौजूद गोपालपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा प्रसाद मिश्रा ने मौसीबाड़ी के लिए दो डिसमिल जमीन दान में देने की घोषणा की। आश्रम संचालक शंभू दास बाबाजी ने बताया कि मंदिर निर्माण हेतु 15 अप्रैल को बांग्ला नववर्ष (पहला बैशाख) के उपलक्ष्य में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हेतु अगली बैठक 2 अप्रैल को आश्रम परिसर में होगी। बैठक में जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, गुणधर घोषाल, गिरिजा प्रसाद मिश्रा, संदीप मिश्रा, मृत्युंजय महतो, पंचानन दास, भीष्मनाथ महतो, सुकुमार दत्त, तुषार कांति मिश्रा, दीपक गोराई, किरीटी भूषण महतो, कृपासिंधु महतो, आनंदमय महतो, हाराधन घोषाल, जितेन दास, सुभाष महतो,दिलीप महतो, प्रेमचांद महतो, गणेश महतो, स्वपन कुंभकार, मंटूलाल महतो, निताई महतो, चंद्रमोहन महतो, परेश चंद्र महतो, बासुदेव मिश्रा, शिबु कुंभकार, विभूति महतो, गौर कर्मकार, मधुसूदन घोषाल समेत सभी 15 पंचायतों के लोग उपस्थित थे।

## सरहुल महोत्सव के बीच भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति का हुआ अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता





**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बिरडीह गांव में रविवार को सरहुल महोत्सव में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति का उद्घाटन ग्राम प्रधान राजेन सिंह मुण्डा, एआईएसएमजेडब्लू के प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अरुण मांझी, शिक्षक परेश सिंह मुण्डा, आरूणी सिंह मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। आदिवासी समुदाय द्वारा आदिवासी परम्परा के अनुसार सरहुल पूजा किया गया। सखुआ फूल से बाहा बोंगा, ग्राम देवता, धर्म देव का पूजा अर्चना किया गया। पूजा में हड़िया का भोग लगाया गया एवं मुर्गा चुका का बली प्रदान किया गया। नाया राम कृष्ण सिंह मुण्डा ने विधि विधान से पूजा किया। रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के आचुडीह एवं मुर्गीडीह के कलाकारों द्वारा सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर जिप सदस्य सुभाषिणी देवी,मुखिया नयन सिंह मुण्डा,परेश सिंह मुण्डा, संजय सिंह मुण्डा, दिपक सिंह मुण्डा, अनिरुद्ध सिंह मुण्डा,सुखदेव सिंह मुण्डा, शिशुपाल सिंह मुण्डा , रंजीत सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## हेलमेट चेकिंग से लोग भयभीत, जागरूकता अभियान चलाएगी युवा कांग्रेस : प्रेमेन्द्र

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** युवा कांग्रेस के सरायकेला-खरसावां जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे हेलमेट चेकिंग अभियान पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सख्ती से आम लोगों के बीच भय का माहौल बन गया है। श्री मिश्रा ने कहा कि हेलमेट पहनना सुरक्षा के लिए, जरूरी है, न कि केवल पुलिस के चालान से बचने के लिए। उन्होंने घोषणा की कि युवा कांग्रेस जल्द ही एक जागरूकता अभियान चलाएगी, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने और अपने वाहन के दस्तावेज दुरुस्त रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही,उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि छोटे वाहन चालकों पर अधिक सख्ती न की जाए और बड़े वाहनों की जांच पर ध्यान केंद्रित किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि छोटे वाहन चालक आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं और उन पर भारी जुर्माना लगाना उनके लिए परेशानी का कारण बनता है। उन्होंने हाल ही में पड़ोसी जिला पूर्वी सिंहभूम के साकची,जुगसलाई, गोलमुरी और अन्य क्षेत्रों में हेलमेट चेकिंग के दौरान एक महिला के घायल होने की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि महिला की हालत गंभीर है और उनका इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है।

## झामुमो का प्रखंड सम्मेलन संपन्न, पटमदा में अश्विनी व बोड़ाम में दीपंकर पुनः बनाए गए अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली की ओर से रविवार को बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बोड़ाम प्रखंड का कार्यक्रम चिरूडीह स्थित सामुदायिक भवन परिसर जबकि पटमदा का बिड़रा ग्राम संसद भवन में संपन्न हुआ। दोनों ही जगहों पर सर्वसम्मति बनाई गई। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी व सदस्यों में सुनील महतो, लालटू महतो, चंद्रावती महतो, विद्यासागर दास, सागेन पूर्ति, गोपाल महतो व प्रीतम हेंब्रम की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। हालांकि अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलने पर वे दुखी नजर आए और उनके समेत पुराने नेता व कार्यकर्ताओं ने इस चुनावी प्रक्रिया पर अपनी मौन सहमति दिखाई। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष के दावेदार रहे शंभू दास ने कहा कि इस बार का प्रखंड सम्मेलन में मनोनयन जैसा माहौल रहा। बोड़ाम में तीनों पदों पर पुराने चेहरों पर ही सर्वसम्मति बनाई गई। अध्यक्ष दीपंकर महतो, सचिव छुटुलाल हांसदा एवं कोषाध्यक्ष काजल सिंह बनाए गए। जबकि पटमदा में अध्यक्ष पद पर दुबारा अश्विनी महतो, सचिव शंकर मांडी एवं कोषाध्यक्ष हरिहर सिंह पहली बार बनाए गए। बोड़ाम में स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से माणिक महतो, रूपनारायण मोदक, विनय मंडल, बबी महतो, सुकुमार बेसरा, शिवशंकर महतो, मनसा राम हांसदा, आदित्य कुंभकार, रतिरमण सिंह, ईशान चंद्र मुर्मू, सुरेंद्र प्रमाणिक, कृष्णपद महतो, राजेश कुशवाहा एवं शंभू सिंह आदि मौजूद थे। जबकि पटमदा में विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, यामिनी प्रमाणिक, उज्ज्वल दास, शंभू दास, सनत बेसरा, आनंदमय महतो, विश्वनाथ महतो, गोपाल महतो, कालीपद महतो, समीर महतो, जीतूलाल मुर्मू, संजय सिंह, सुजीत महतो, तिलोत्तमा कालिंदी, कालीराम सिंह, माणिक महतो, राधेश्याम दास, स्वपन महतो, मंटू महतो, प्रवीर सिंह, सुनील महतो व निर्मल मुर्मू आदि मौजूद थे।

## अजवा बुर्ज के इफ्तार पार्टी में पहुंचे आम और खास

### - पोटका विधायक संजीव सरदार मुख्य रूप से थे उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रमजान के पवित्र महीने में अजवा बुर्ज द्वारा मानगो रोड नंबर 14 स्थित अजवा शॉपिंग मॉल में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शिरकत की और मिलजुलकर रोजा अफ्तार किया। इफ्तार का आयोजन अजवा बुर्ज के डायरेक्टर अकरम खान द्वारा किया गया था. इफ्तार पार्टी में पोटका विधायक संजीव सरदार, सिदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी, झामुमो नेता बब्बन राय, कपाली नगर परिषद के उपाध्यक्ष सरवर आलम, शेख बदरूद्दीन, इंद्रजीत सिंह, समेत कई गणमान्य लोगों के साथ हजारों रोजेदार शामिल हुए। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी। कार्यक्रम के आयोजक और झामुमो नेता अकरम खान ने बताया कि इफ्तार पार्टी का उद्देश्य समाज में एकता और सौहार्द का संदेश देना है।

## रामकृष्णा फाउंडेशन का निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गम्हरिया :** रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड की सामाजिक संस्था रामकृष्णा फाउंडेशन की ओर से सीएसआर के तहत गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत जगन्नाथपुर पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, ईसीजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ परामर्श, हड्डी रोग जांच, नेत्र जांच, रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर जांच जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। जांचोपरांत चिकित्सीय परामर्श के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इससे पूर्व इस शिविर का उद्घाटन रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) शक्ति सेनापति, पंचायत की मुखिया रिंटू देवी, पंसस अमरेश ईश्वर, वार्ड सदस्य रानी गुप्ता तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुदीप्ता पाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस शिविर में कुल 322 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के सफल आयोजन में सीएसआर प्रमुख संजय कुमार, रोहित कुमार, केएन देव, प्लांट एक के एचआर प्रबंधक रिंटू, मुखर्जी, मैनक गुप्ता, प्रवीण कुमार, चितरंजन सिंह, सतीश महतो, यूनियन के प्रतिनिधि तारकेश्वर यादव, दिनेश राम, अच्छेलाल यादव, संजय कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### जयराम महतो ने बोड़ाम में किया प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन, कहा-

## राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने जरूरत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** रविवार को शहीद दिवस के अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने बोड़ाम में पार्टी के स्थायी प्रखंड कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज शहीद- ए -आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान का दिन है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट 1,45,400 करोड़ का है लेकिन जब तक इस बजट का सही तरीके से खर्च नहीं होगा तब तक कोई मायने नहीं रहेगा। इससे पूर्व के वित्तीय वर्ष के बजट का सरकार सिर्फ 65 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है सरकार और अभी तक झारखंड के लोगों को ही परिभाषित नहीं कर पाई है। उन्होंने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आशा रखेंगे झारखण्ड के लोग सरकार से। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जुगसलाई के पूर्व प्रत्याशी विनोद स्वांसी, देवव्रत महतो, सुभाष चन्द्र महतो, सुब्रत महतो, हांसु सहिस, रंजन गोप, नरेश सिंह, ओमप्रकाश महतो, चंदन महतो, बुद्धेश्वर महतो, सोमनाथ महतो, युधिष्ठिर महतो, फनी भूषण महतो, खेदू गोप, बलराम, गोपाल, सुजीत, फूलचंद, गणेश चंद्र, शरत चंद्र, देवाशीष, चैतन महतो, रामपद, श्यामसुंदर, मृत्युंजय, सैकत, किरीटी चंद्र, हरेन, गणेश चंद्र, शंभू, विजय, कृष्ण प्रसाद, भैरव, सतीश व दयासागर महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो ने बताया कि समयाभाव के कारण पटमदा के वनडीह में आयोजित कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम को तत्काल टाल दिया गया और विधानसभा सत्र के बाद करने का पार्टी सुप्रीमो ने आश्वासन दिया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## अब क्या करेंगे किसान?

**किसानों** का 404 दिन पुराना आंदोलन मात्र चार घंटे में ही कुचल दिया गया। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर सीमेंट बैरिकेड तोड़ दिए गए, अस्थायी ढांचे, मंच और तंबू उखाड़ दिए गए। अनाज, सब्जियां आदि सडक़ पर बिखेर दी गईं। गुरुवार को 700 से अधिक आंदोलित किसानों को हिरासत में लिया गया था। अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को सेना के नियंत्रण वाले 'रेस्ट हाउस' में शिफ्ट कर दिया गया। नाराज डल्लेवाल ने पानी तक पीने से इंकार कर दिया है। यह पूरी कार्रवाई अचानक की गई, लेकिन हम इसे पूर्व-नियोजित मानते हैं। यह पंजाब की मान सरकार की रणनीति भी है। प्रमुख किसान नेता केंद्रीय मंत्रियों के साथ 7वें दौर की बातचीत कर रहे थे। जब वे लौटे, तो सब कुछ बिखर चुका था। पंजाब में ऐसी पुलिसिया कार्रवाई चौंकाती है, विरोधाभास की व्याख्या भी करती है, क्योंकि दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने आंदोलनकारियों को भोजन, पानी, शौचालय की सुविधाएं मुहैया कराई थीं। तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किसानों को जेल में डालने के केंद्र सरकार के आग्रह तक को खारिज कर दिया था। पंजाब में भी 'आप' की सरकार है और भगवंत सिंह मान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दिलाने का वायदा किया था। अब 'आप' के सामने लुधियाना उपचुनाव की चुनौती है, लिहाजा व्यापारियों और उद्योगपतियों के गंभीर दबाव में किसानों को खदेडऩे का फैसला लेना पड़ा। पंजाब में फरवरी, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। साफ है कि आंदोलित किसानों का तबका तो 'आप' के खिलाफ जनमत देगा। वैसे आंदोलन के मद्देनजर किसान संगठन बिखर कर खंड-खंड हो चुके हैं, लिहाजा सभी वार्ताएं बेनतीजा साबित हो रही हैं। चंडीगढ़ की 7वीं बैठक के दौरान किसानों ने एक दस्तावेज-सा पेश किया था, जिसके मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी पर 25-30,000 करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन किया गया था। बताते हैं कि उस अपुष्ट दस्तावेज पर केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नाराजगी जताई। किसानों को यह भी दो टूक कहा गया कि यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी गई, तो पंजाब से गेहूं और धान की खरीद का कोटा अन्य राज्यों के साथ बांटना पड़ेगा। पंजाब से जो सर्वाधिक सरकारी खरीद की जाती है, वह कोटा भी कम हो जाएगा। बताया जाता है कि इस पर किसान चौंक कर खामोश हो गए। चूंकि एमएसपी पर बेनतीजा बैठकों के ही दौर चल रहे हैं, लिहाजा अब हमारा भी अंदेशा यह है कि मोदी सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी नहीं देगी। कृषि विशेषज्ञ भी इसे संभव और व्यावहारिक नहीं मानते। आंदोलन बिखरने और एमएसपी का संवाद भी, अंततः, टूटने के बाद यह सवाल मौजू है कि अब किसान क्या करेंगे? अब शंभू के साथ-साथ जींद (हरियाणा) से सटे खनौरी बॉर्डर को भी किसान-मुक्त करा लिया गया है। औद्योगिक संगठनों के आकलन थे कि किसान आंदोलन के कारण इन 404 दिनों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। हर रोज के करीब 72 लाख रुपए टोल टैक्स का भी नुकसान झेलना पड़ा है। चूंकि सीधा असर पंजाब की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, लिहाजा करीब 70 लाख लोगों का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। बहरहाल, एमएसपी की कानूनी गारंटी का मुद्दा 'जुमला' साबित हो सकता है, क्योंकि इस पर देशभर के किसान एकमत-एकजुट नहीं हैं।


अनाज, सब्जियां आदि सडक़ पर बिखेर दी गईं। गुरुवार को 700 से अधिक आंदोलित किसानों को हिरासत में लिया गया था। अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को सेना के नियंत्रण वाले 'रेस्ट हाउस' में शिफ्ट कर दिया गया। नाराज डल्लेवाल ने पानी तक पीने से इंकार कर दिया है। यह पूरी कार्रवाई अचानक की गई, लेकिन हम इसे पूर्व-नियोजित मानते हैं। यह पंजाब की मान सरकार की रणनीति भी है। प्रमुख किसान नेता केंद्रीय मंत्रियों के साथ 7वें दौर की बातचीत कर रहे थे। जब वे लौटे, तो सब कुछ बिखर चुका था। पंजाब में ऐसी पुलिसिया कार्रवाई चौंकाती है, विरोधाभास की व्याख्या भी करती है, क्योंकि दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने आंदोलनकारियों को भोजन, पानी, शौचालय की सुविधाएं मुहैया कराई थीं। तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किसानों को जेल में डालने के केंद्र सरकार के आग्रह तक को खारिज कर दिया था। पंजाब में भी 'आप' की सरकार है और भगवंत सिंह मान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दिलाने का वायदा किया था।


### नस्लवादी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई को रेखांकित करता है

## नफरत, असमानता एवं नस्लीय भेदभाव से लड़ें


ललित गर्ग



हम सभी भेदभाव, विभाजन, अविश्वास, असहिष्णुता, घृणा और नफ़रत से भरे समाज में जीतते नहीं, बल्कि हारते हैं। नस्लवाद के खिलाफ़ लड़ाई हर किसी की लड़ाई है। नस्लवाद से परे एक दुनिया बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से जनजागृति का माहौल बनाने के लिये प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व स्तर पर नस्लवाद के खिलाफ़ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाते हैं और दक्षिण अफ्रीका में 1960 के शार्पविले नरसंहार के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन लोगों की आवाज़ एवं दर्द सुनते हैं जो नस्लवाद के खिलाफ़ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे।


**नस्लवाद** मानवता के माथे पर एक बदनुमा दाग है, यह सिर्फ़ उन लोगों के जीवन को ही नुकसान नहीं पहुंचाता जो इसे झेलते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। हम सभी भेदभाव, विभाजन, अविश्वास, असहिष्णुता, घृणा और नफ़रत से भरे समाज में जीतते नहीं, बल्कि हारते हैं। नस्लवाद के खिलाफ़ लड़ाई हर किसी की लड़ाई है। नस्लवाद से परे एक दुनिया बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से जनजागृति का माहौल बनाने के लिये प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व स्तर पर नस्लवाद के खिलाफ़ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाते हैं और दक्षिण अफ्रीका में 1960 के शार्पविले नरसंहार के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन लोगों की आवाज़ एवं दर्द सुनते हैं जो नस्लवाद के खिलाफ़ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। यह दिवस नस्लीय भेदभाव को खत्म करने और समानता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और नस्लवादी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई को रेखांकित करता है, ताकि नस्लीय अलगाव से मुक्त वैश्विक समझ और एकता को बढ़ावा देते हुए नस्लमुक्त आदर्श एवं समानतामूलक दुनिया का निर्माण किया जा सके। किसी व्यक्ति के साथ उसकी त्वचा के रंग, नस्ल, जातीय मूल या जन्म के देश के आधार पर भेदभाव करना नस्लीय भेदभाव कहलाता है। नस्लीय भेदभाव के ज़रिए लोगों को समान अवसरों से वंचित किया जाता है या उनका अपमान किया जाता है। नस्लवाद, विदेशी लोगों के प्रति घृणा और उससे संबंधित भेदभाव और असहिष्णुता सभी समाजों में, हर जगह मौजूद हैं। 21 दिसंबर, 1965 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 2106 (एक्सएक्स) के माध्यम से सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया, जो नस्लवाद को मिटाने के वैश्विक प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस वर्ष सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 60वीं वर्षगांठ है। संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों में से पहली के रूप में, नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने भविष्य के मानवाधिकारों की उन्नति के लिए मंच तैयार किया। 60वीं वर्षगांठ नस्लीय भेदभाव के खिलाफ की गई प्रगति पर चिंतन करने और मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डालने का



आह्वान करती है। यह समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और नस्लवाद को खत्म करने के प्रयासों को जारी रखने का समय है, ताकि सभी व्यक्तियों, समाजों के लिए समान व्यवहार एवं समानतामूलक विश्व की संरचना सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में नस्लीय भेदभावमुक्त समाज को निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार चाहती है कि नस्लवाद किसी भी स्थिति में और अवश्य ही समाप्त होना चाहिए। और हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर नस्ल, जाति, रंग, लिंग, पंथ में रुचि रखने वाले लोग एक-दूसरे से सुरक्षित और आपस में संबंधित है, जिससे कि हमारा आने वाला कल सौहार्दपूर्ण तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला हो। बावजूद इसके पूर्वोत्तर राज्यों एवं अन्य समाजों में नस्लीय भेदभाव पसरा है। नस्ल प्रभावित लोगों के खिलाफ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ये घटनाएं न सिर्फ राजधानी में इन राज्यों के लोगों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता की स्थिति को दर्शाती हैं, बल्कि यहां कानून-व्यवस्था के हालात पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। विगत एक वर्ष में दिल्ली में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें जहां हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे गंभीर आपराधिक मामले बड़ी संख्या में हैं, वहीं महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म, दुष्कर्म के प्रयास, छेड़छाड़, फोन पर फब्तियां कसने व घूरने जैसी घटनाओं को लेकर दर्ज किए गए, मामलों की संख्या भी कम नहीं है। यही नहीं, दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के पास सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नस्लीय टिप्पणियां किए जाने संबंधी मामले भी आ रहे हैं। इस तरह तेजी से बढ़ती आपराधिक घटनाएं राजधानी में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा कर रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। ये स्थितियां भारत के नस्लीय भेदभाव के विरोध और अश्वेतों को समान अधिकार और प्रतिष्ठा दिए जाने की वकालत को भी धुंधलाती है। क्या कारण है कि देश के भीतर के सामाजिक विभाजन एवं नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद उसे मिटा नहीं रहे हैं। भले ही ऐसी वारदातें पुलिस की नजर में छोटी हों लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता एवं गौरवपूर्ण संस्कृति के लिये चिन्ताजनक है। तेजी से बढ़ता नस्लीय हिंसक दौर किसी एक प्रान्त का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल एवं भारत की आत्मा को जख्मी बनाया है। अब इन हिंसक होती स्थितियों को रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। देश में कई विसंगतिपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण धाराएं बलशाली हो रही हैं, जिन्होंने जोड़ने की जगह तोड़ने को महिमामंडित किया हैं, प्रेम, आपसी भाईचारे और सौहार्द की जगह नफरत, द्वेष एवं विघटन को हवा दी। शायद यही वजह है कि भारत में अब भी लोग हर तरह के वर्ग और समुदाय के साथ घुल-मिलकर रहना सीख नहीं पाए हैं। उनके अचेतन में बिठा दिए गए पूर्वाग्रह समय-समय पर खतरनाक ढंग से सामने आते रहते हैं। एक आधुनिक और सभ्य समाज का लक्षण यह है कि वह अलग-अलग धाराओं से आने वाले लोगों और विचारों को खुले मन से स्वीकारें। आज राजनेता अपने स्वार्थों की चादर ताने खड़े हैं अपने आपको तेज धूप से बचाने के लिये या सत्ता के करीब पहुंचने के लिये। सबके सामने एक ही अहम सवाल आ खड़ा है कि 'जो हम नहीं कर सकते वो तुम कैसे करोगे?' लगता है इसी स्वार्थी सोच ने, आग्रही पकड़ ने, राजनीतिक स्वार्थ की मनोवृत्ति ने देश को इंसानों को नस्ल, भाषा, रंग, धर्म के भेदभावों की आग में झोंक रखा है। इक्कीसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं।

दृष्टि कोण

## प्रदूषण की समस्या हल्के में लेते हैं नेतागण

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रदान करती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को पूरा नहीं करती। उनका कहना था कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करके हम अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा सकते हैं, तो हम नीचे से अपनी जमीन को खिसका रहे हैं। वल्ड एयर क्वालिटी 2024 की रिपोर्ट उनके पर्यावरण को लेकर दिए गए बयान को सही साबित करती नजर आ रही है। इस रिपोर्ट में सबसे ज्यादा 20 प्रदूषित शहरों में दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के कई शहर भी शामिल हैं। भारत के 13 शहरों की हालत सर्वाधिक खराब है। जिस मेघालय के बारे में हरी-भरी वादियों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के सुरम्य स्थलों की कल्पना की जाती थी, उसका बर्नीहाट सबसे प्रदूषित शहर है। बर्नीहाट में प्रदूषण का उच्च स्तर स्थानीय कारखानों, जैसे शराब निर्माण, लोहा और इस्पात संयंत्रों से निकलने वाले उत्सर्जन के कारण है। पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के चार शहर और चीन का एक शहर भी इस सूची में हैं। स्विट्जरलैंड की एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यूएयर की वल्ड एयर क्वालिटी की इस रिपोर्ट में भारत 2024 में दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश बन गया है, जो 2023 में तीसरे स्थान पर था। देश के 35 प्रतिशत शहरों में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है। दिल्ली में स्थिति और भी गंभीर है, जहां वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 2023 में 102.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढक़र 2024 में 108.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन से छोटे प्रदूषण कण) की सांद्रता में 7 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2023 में 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई। दिल्ली में वायु प्रदूषण साल भर एक गंभीर समस्या बना रहता है, जो सर्दियों में और भी खतरनाक हो जाता है। प्रतिकूल मौसम, वाहनों से निकलने वाला धुआं, धान की पराली जलाना, पटाखों का धुआं और अन्य स्थानीय स्रोत हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं। पीएम 2.5 कण फेफड़ों और रक्तवाहिकाओं में प्रवेश कर सांस की बीमारियों, हृदय रोग और कैंसर का कारण बन सकते हैं। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और पराली जलाने जैसे स्रोतों पर सख्त नियंत्रण के बिना स्थिति में सुधार मुश्किल है। शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत से बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली, मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद, गुरुग्राम (हरियाणा), लोनी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), गंगानगर, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ (राजस्थान) शामिल हैं। यह रिपोर्ट भारत के लिए एक चेतावनी है कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। वायु प्रदूषण भारत में एक बड़ा स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है। लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ के रिसर्च के अनुसार वर्ष 2009 से 2019 तक हर साल लगभग 15 लाख लोगों की मौत पीएम 2.5 प्रदूषण के लंबे संपर्क के कारण हुई। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रदूषण के कारण भारतीयों की औसत आयु 5.2 साल कम हो रही है। भारत में बढ़ते प्रदूषण से देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रदूषण से हर साल 95 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। वर्ष 2019 में डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने बताया था कि भारत में प्रदूषण के कारण 95 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। इसका कारण काम की उत्पादकता में कमी, छुट्टियां लेना और समय से पहले मौत है। यह रकम भारत के बजट का लगभग 3 फीसदी और देश के सालाना स्वास्थ्य खर्च का दोगुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2019 में भारत में 3.8 अरब कार्य दिवसों का नुकसान हुआ, जिससे 44 अरब डॉलर की चपत लगी। वर्ष 2070 तक भारत के नेट-जीरो के लक्ष्य को पाने के लिए हरेक क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन कम करने की जरूरत है। इस दिशा में बीते वर्षों में सरकारों ने ईवी वाहनों पर सबसिडी देने की शुरुआत की है, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम-कुसुम योजना के भी लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि सकारात्मक कदम है। भारत अपने अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहा है और धीरे-धीरे कोयला आधारित समुदायों को वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध करवा रहा है। इन सभी संयुक्त प्रयासों से आने वाले भविष्य में वायु प्रदूषण पर असर पड़ेगा। इसके बावजूद सरकारी प्रयास आधे-अधूरे हैं।

कुछ अलग

## नेताजी का 'ध्यान'

**वैसे** तो नेताजी हर जगह जाते हैं। जहां नहीं भी जाना होता, वहां भी जाते हैं। लेकिन इस बार आर्थिक संकट के बीच नेताजी का जाना विरोधियों के जहन में कई सवाल खड़े कर रहा है। सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि नेताजी प्रदेश से बाहर नहीं बल्कि देश से बाहर चले गए थे। साथ में कुछ मित्र भी थे। अब कहीं कोई जाता है तो गपशप करने के लिए साथ में मित्र भी तो चाहिए। ऐसे तो अकेला आदमी बोर हो जाएगा। बोर हो जाएगा तो विकास की योजनाएं कैसे बनाएगा। इसलिए नेताजी मित्रों के साथ विदेश गए थे। लेकिन परमानेंट नहीं गए थे। परमानेंट जाते तो पीछे से कुर्सी खिसक जाती। क्योंकि कुर्सी के पाए लगातार हिलते रहते हैं। नेताजी सिर्फ 7 दिन विदेश रहे और वहां समंदर का किनारा भी था। अब समंदर का किनारा बड़ा प्यारा होता है। वहां बड़ा दिल लगता है। लौटने को मन नहीं करता, लेकिन मजबूरी में लौटना पड़ता है। नेताजी भी लौट आए हैं। अब नेताजी जब वापस राजधानी पहुंचे तो खबरची भी इक`ा हो गए। पहला ही सवाल नेताजी से पूछा गया कि आप विदेश क्या करने गए थे? नेताजी मंजे हुए खिलाड़ी हैं। उन्होंने तपाक से जवाब दिया कि 'ध्यान' लगाने गया था। खबरची सिर खुजलाने लगे कि वहां किसका ध्यान लगाया होगा? नेताजी उनके हाव-भाव भांपकर बोले, 'ध्यान लगाना हर किसी के बस की बात नहीं है। ध्यान लगाने का मतलब होता है- अपनी तमाम इंद्रियों को कंट्रोल में करके पूर्णतया एकाग्रचित होना। हमें ध्यान लगाना भी आता है और अंतरध्यान होना भी आता है।' खबरची चौंके। पूछने लगे, 'वो कैसे?' नेताजी बड़े सहज भाव से बोले- 'सच पूछो तो ध्यान लगाने की प्रतिभा मुझमें शुरू से ही थी। बाद में अंतरध्यान होने की प्रतिभा भी आ गई। इसी प्रतिभा से कॉलेज में स्टूडेंट्स के प्रधान भी बन गए और फिर राजनीति में आ गए। अब राजनीति में आकर कहां-कहां ध्यान लगाए, डिटेल में बताने बैठेंगे तो कई दिन गुजर जाएंगे और हम बातों में बिजी हो गए तो प्रदेश विकास में पीछे चला जाएगा। इसलिए आगे की चर्चा फिर कभी सही।' परंतु खबरची कहां मानने वाले थे, वे पीछे पड़ गए। अब नेताजी सच्चाई की साक्षात मूर्त बनाकर बताने लगे, 'जहां-जहां भी स्कोप था, हमने वहां-वहां ध्यान लगाया और हर स्कोप का दोहन किया। हमने इस बात का ध्यान भी रखा कि कोई विरोधी हम पर ध्यान तो नहीं रख रहा। यह राजनीति बड़ी गंदी गेम है। इसमें पता नहीं चलता कि कौन कहां-कहां ध्यान लगाए हुए है। राजनीति में वही सफल हो सकता है, जिसका ध्यान विपक्ष पर भी हो और पार्टी के अंदर विरोधियों पर भी। हमने दोनों मोर्चों पर ध्यान रखते हुए अपनी ही पार्टी के शरारती तत्वों से सांठगांठ की तरफ भी ध्यान दिया और उन्हें लाल झंडी वाली गाड़ी देने का लालच दिया जिससे वे पूरी तरह सैट हो गए। इसके बाद हमने ध्यान दिया कि अब बजट में और कौन-कौन से नए वायदे जनता से करने हैं। क्योंकि जनता वायदे बहुत पसंद करती है और वायदे वैसे भी चाशनी में लिपटे रसगुल्ले की तरह होते हैं। जिनके लिए लार टपकती रहती है। ध्यान लगाकर हमने नई वायदे तैयार किए और ब्यूरोक्रेसी को इन वायदों की गोल-गोल जलेबी बनाने को कहा। बजट में हमने वही जलेबी पेश कर दी। अब विपक्ष और पब्लिक का दिमाग गोल-गोल घूम रहा है जबकि हमारा बजट पेश करने का मिशन कंप्लीट हो गया है।' बाद में नेताजी अपनी कोठी में जाकर फिर से ध्यानमग्न हो गए। जनता जनार्दन के लिए वह ध्यान में नहीं हैं, बल्कि अंतरध्यान हो चुके हैं।

देश दुनीया से

## अलगाववादी सोच की उपज पाकिस्तान

**'करदे** फकत इशारा अगर शाहे खुरासान, सजदा न करूं भारत की नापाक जमीन पर' अर्थात अगर तुर्की का खलीफा इशारा भी कर दे तो भारत की नापाक जमीन पर इबादत भी न करूं। पाकिस्तान के कौमी शायर 'अल्लामा इकबाल' ने अविभाजित हिंदोस्तान के दौर में 29 सितंबर 1930 को इलाहाबाद में आयोजित 'मुस्लिम लीग' के इजलास में अपनी इस हिकारत भरी नज्म का जिक्र करके भारत विरोधी नजरिए का इजहार सरेआम कर दिया था। बेशक तुर्की के खलीफा को आलम-ए-इस्लाम का एक बड़ा आलमगीर मानकर अल्लामा इकबाल ने शाहे खुरासान जैसी नज्म लिख फक्र महसूस किया था, मगर काबिलेगौर रहे इजरायल के हाइफा शहर में 23 सितंबर 1918 को भारत की 'जोधपुर रियासत' के राजपूत सैनिकों ने उसी तुर्की सल्तनत की चार सौ वर्षों की हुकूमत को अपनी तलवारों से ही खल्लास कर दिया था। मेजर 'दलपत सिंह राठौर' 'मिलिट्री क्रॉस' 'द हीरो ऑफ हाइफा' ने इजरायल को तुर्की की गुलामी से आजाद कराकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सन् 1904 में 'तराना ए हिंद' 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा' की रचना भी अल्लामा इकबाल ने ही की थी। मगर उर्दू के नामवर शायर 'सआदत हसन मंटो' ने कहा था कि यदि 'मजहब दिलों से निकल कर दिमाग पर चढ़ जाए तो जहर बन जाता है।' तराना-ए-हिंद के रचयिता तथा प्रभु श्रीराम को 'इमाम-ए-हिंद' करार देने वाले अल्लामा इकबाल मजहबी कट्टरवाद का शिकार हो गए। अपनी किताब 'कुल्लियाते इकबाल' में अल्लामा ने जिक्र किया था कि उनका ताल्लुक कश्मीर के 'सप्रू' ब्राह्मण परिवार से था, मगर कुछ मजहबी रहनुमाओं से मुतासिर होकर उन्होंने इस्लाम अपना लिया था।



इकबाल ने सन् 1910 में 'तराना-ए-मिल्ली' लिखकर भारत विभाजन के मंसूबे जाहिर कर दिए थे। भारत की आजादी के लिए शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में तख्ता-ए-दार पर झूल गए थे। 23 मार्च का दिन भारत में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इंकलाबी युवा हिंदोस्तान की आजादी के लिए शहीद हो रहे थे, मगर कुछ जमातें भारत विभाजन के मंसूबों में मशगूल थीं। 23 मार्च 1940 को लाहौर के मिंटो पार्क में 'मोहम्मद अली जिन्ना' की कयादत में 'आल इंडिया मुस्लिम लीग' का इजलास हुआ, जिसमें 'लाहौर संकल्प' यानी 'करारदात-ए-लाहौर' पारित करके मजहब के आधार पर अलग मुल्क पाकिस्तान की मांग की गई थी। लाहौर करारदात की याद में 23 मार्च को यौम-ए-पाकिस्तान मनाया जाता है। यदि इतिहास के पन्ने खंगालें तो भारत को खंडित करके पाकिस्तान का तसव्वुर करने वाले अल्लामा इकबाल के साथ और भी कई किरदार बेनकाब होंगे। जम्मू-कश्मीर रियासत में हंदवाड़ा कस्बे के सहाफी 'सैयद गुलाम शाह काजमी' ने जुलाई 1928 में एबटाबाद में 'पाकिस्तान' नाम से उर्दू में साप्ताहिक अखबार के संपादन के लिए दरख्वास्त दायर की थी। लंबी जद्दोजहद के बाद सन् 1936 में गुलाम शाह का पाकिस्तान अखबार एबटाबाद से नसर हुआ, जिसके चलते पाकिस्तान नाम ज्यादा मकबूल हुआ। हालांकि पाकिस्तान अखबार सन् 1938 को बंद कर दिया गया था। 'चौधरी रहमत अली' ने जनवरी 1933 में कैमब्रिज विश्वविद्यालय से प्रकाशित अपनी एक पाम्पलेट, जिसका शीर्षक 'नाऊ एंड नेवर' था, उसमें 'पाकिस्तान' लफ्ज का जिक्र करके पाकिस्तान का नक्शा भी उकेर दिया था। रहमत अली ने सन् 1934 में पाकिस्तान का मशिवरा मोहम्मद अली जिन्ना को दिया, मगर भारत विभाजन में जिन्ना की कारकर्दगी से रहमत अली इस कदर बरहम हुए कि जिन्ना को 'कायद-ए-आजम' के बजाय 'गद्दार-ए-आजम' कह दिया। नतीजतन पाक वजीरे आजम 'लियाकत अली' की हुकूमत ने रहमत अली की संपत्ति छीन कर उन्हें पाकिस्तान छोडऩे का फरमान जारी कर दिया था। लफ्ज-ए-पाकिस्तान की तखलीक करने वाले चौधरी रहमत अली तीन फरवरी 1951 को ब्रिटेन में फौत हो गए। 'बान-ए-तहरीक-ए-पाकिस्तान, खालिक एक लफ्ज पाकिस्तान' ये अल्फाज कैमब्रिज में रहमत अली की कब्र पर अंकित हैं। अर्थात पाकिस्तान तहरीक के संस्थापक व पाकिस्तान लफ्ज के निर्माता। लेकिन पाकिस्तान लफ्ज के मुसन्निफ रहमत अली के ताबूत को पाकिस्तान में कब्रिस्तान नसीब नहीं हुआ। मय्यत को कंधा देने कोई पाकिस्तानी नहीं गया था। 'मुफ्फिकर-ए-पाकिस्तान' अल्लामा इकबाल की निगाहें नए मुल्क पाकिस्तान के हसरत-ए-दीदार से महरूम रह गईं। सिंध, बलूचिस्तान, पंजाब व अफगान 'सूबा-ए-सरहद' को मिलाकर पाकिस्तान बनाने का ख्वाब देखने वाले अल्लामा इकबाल का इंतकाल 21 अप्रैल 1938 को ही हो गया था। द्विराष्ट्र सिद्धांत की वकालत करने वाले मोहम्मद अली जिन्ना पाकिस्तान के वजूद में आने के एक वर्ष बाद सितंबर 1948 को फौत हो गए। पाकिस्तान अखबार के संपादक गुलाम शाह काजमी की सितंबर 1984 में गुमनामी में ही मौत हो गई। रहमत अली, इकबाल व जिन्ना जैसे लोगों का तर्क था कि जब तक मजहब के आधार पर अलग मुल्क वजूद में नहीं आएगा, अमन कायम नहीं होगा। मौजूदा दौर में आतंक की दारुल हुकूमत पाकिस्तान व मजहबी कट्टरपंथ का मरकज बन चुके बांग्लादेश में कितना अमन है, यह पूरी दुनिया के सामने है। यदि मजहब की तर्जुमानी करने वाले जिन्ना व इकबाल की द्विराष्ट्र सिद्धांत की सोच सही थी तो बलूचिस्तान, पीओके व सिंध की आजादी पर रायशुमारी होनी चाहिए। बहरहाल सन् 1971 में पूर्वी पाक को बांग्लादेश में तब्दील करके भारतीय सेना ने पाकिस्तान को द्विराष्ट्र सिद्धांत का एहसास पूरी शिद्दत से कराया था, मगर अफसोस कि अल्लामा इकबाल, रहमत अली, जिन्ना व सिकंदर हयात खान जैसे लोग पाकिस्तान की तकसीम को अपनी चश्म-ए-पलक से नहीं देख सके। राष्ट्र को भाषा, जाति, मजहब व तहजीब के आधार पर खंडित करने की अलगाववादी सोच रखने वाले सियासी रहनुमाओं को पाकिस्तान के हालात से मुखातिब होकर सबक लेना होगा।

आप का नजरीया

## नाम के लिए तेरा नाम

**बलिदानों** का भी विभाजन संभव है, लेकिन आज की सियासत ने यह करिश्मा भी दिखाना शुरू किया है। हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र ने चर्चा की चुनरी ओढ़ा कर बलिदान में भी राजनीति के रंग देख लिए। बात नेताओं के नाम पर योजनाएं चलाने पर भी पहुंची, तो तमाम शिलान्यास पट्टिकाएं उलझ गईं। इसी संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी का मनाली से रिश्ता भी सुर्खरु रहा। यहां नाम बनाम नाम तो बना, लेकिन काम बनाम काम नहीं हुआ। बेशक अटल सरकार ने औद्योगिक पैकेज देकर आज हिमाचल को दवाइयों का हब बना दिया या कभी इंदिरा गांधी ने पूर्ण राज्यत्व का दर्जा देकर प्रदेश को आगे बढऩे का रास्ता दिखा दिया था। बहरहाल योजनाओं के नामकरण में कई राजनीतिक हस्तियां गूंज रही हैं, लेकिन हिमाचल के नायक को सम्मान नहीं मिला। हिमाचल के अपने नायक का किस राष्ट्रीय संस्थान के साथ नाम चस्पां हुआ। बजीर राम सिंह पठानिया ने अंग्रेजों के खिलाफ मंगल पांडे से पहले विद्रोह किया था, लेकिन इस ऐतिहासिक तथ्य को आज तक सम्मान नहीं मिला। योद्धा के रूप में जोरावर सिंह ने पूरे उत्तर भारत की हर फतह में अपना शीर्ष स्थान साबित किया, लेकिन हिमाचल ने इन्हें कहां याद रखा। यह दीगर है कि विधायक सुधीर शर्मा के प्रयास से धर्मशाला में जोरावर सिंह की शौर्यगाथा कहती मूर्ति स्थापित हुई है। स्वतंत्रता सेनानियों की एक लंबी फेहरिस्त हिमाचल के विभिन्न आंदोलनों में आजादी के परवानों ने लिखी, लेकिन राजधानी शिमला के किस कोने में हमें क्रांतिकारी वीरों के नाम चिन्हित नजर आते हैं। विधायक संजय रतन के पिता व स्वतंत्रता सेनानी बोर्ड के अध्यक्ष रहे स्व. पंडित सुशील रतन ने एक राज्य स्तरीय स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के शिलालेख धर्मशाला में लिखे, लेकिन आज तक यह परियोजना सामने नहीं आई। हिमाचल ने देश के लिए कुर्बानियों के कई इतिहास लिखे और इनमें देश के नाम पहला परमवीर चक्र अर्जित करने वाले मेजर सोमनाथ का नाम उल्लेखनीय हो जाता है, लेकिन इस योद्धा के नाम पर क्या हमने कोई सैन्य प्रशिक्षण अकादमी या कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज बना दिया। दो बड़ी बांध परियोजनाएं कांगड़ा और बिलासपुर में राष्ट्रीय निर्माण में मानवीय बलिदान को अनुपम बनाती हैं, लेकिन इनका नामकरण किसी भी हिमाचली नायक के साथ नहीं होता। अगर हमें इतिहास के गौरवमय क्षण याद होते तो पौंग बांध के साथ बजीर राम सिंह पठानिया और बिलासपुर की गोद में बांध का नाम जोराबर सिंह के साथ जुड़ता। बलिदान को किसी नाम के सहारे की जरूरत नहीं, लेकिन राष्ट्र हित के नाम पर कुर्बान हुए तमाम लोगों को याद करने के कारण शाश्वत हैं। विडंबना यह है कि हमारी प्रगति के आयाम सियासी मूर्तियां धारण करने लगे हैं। विकास का चरित्र राजनीतिक पार्टियों के बीच बंटने लगा है। हमारे शिक्षण-चिकित्सा संस्थान अब अपने सियासी तमगों के पीछे मुंह छिपाते बढ़ रहे हैं। अगर हम पूछें कि प्रदेश के सबसे बड़े डाक्टर या सर्जन कौन हुए, तो कई लोग बगलें झांकते हुए मिलेंगे। बलिदान तो उन कर्मचारियों का भी गिना जाना चाहिए जो विद्युत आपूर्ति को संभव बनाते-बनाते अपनी ईहलीला समाप्त कर लेते हैं। जोखिम भरे कार्यों में जान गंवाने वालों के नाम भी तो कर्म की परिभाषा का संरक्षण जरूरी है।

# संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव गांव में मातम

## परिजनों ने कहा साजिश के तहत युवक का किया गया हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य चौक समीप नसीम अली के छत पर संदिग्ध अवस्था में रविवार सुबह एक युवक का शव देखा गया। शव देख लोग चकित हो गए। और आस पास में चर्चा होने लगी। चर्चा आग की तरह पूरे गांव में फैल गया। तब पता चला कि मृत युवक गिद्धौर के ठाकुरवाड़ी मुहल्ला निवासी कृष्ण भुइंया का 20 वर्षीय पुत्र विकास कुमार है।मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया। जबकि कुछ पल के लिए सन्नाटा छा गया। और परिजनों को जानकारी प्राप्त होते ही रो रो कर बुरा हाल होने लगा। घटना की सूचना पुलिस को किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ स्थल पर पहुंचे।जहां ग्रामीणों व परिजनों ने युवक के शव को पुलिस को कब्जे में लेने को लेकर विरोध करने लगे। और ग्रामीणों ने सड़क भी जाम किया। थाना प्रभारी के समझाने के बाद जाम हटा लिया, लेकिन शव को कब्जे में नहीं करने दिया।थाना प्रभारी ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दो युवकों को हिरासत में लिया है। मृतक की माता कालवा देवी ने आवेदन दिया, इसके बाद 7 घंटे बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।आवेदन में कहा गया है कि गिद्धौर मुख्य चौक निवासी स्व.जलिम मियां का पुत्र मो.इमरान अंसारी के पूरे परिवार अपने घर में पित्र विकास कुमार को शनिवार की देर रात हत्या कर दिया। पुत्र का शव नसीम अली के छत पर पड़ा मिला।साथ ही इस हत्या में नसीम अली उर्फ मुशन मियां, अलीम मियां उर्फ मुखिया टेलर दोनों पिता स्व.हबीब मियां व नसीम अली का पुत्र सोनू आलम तथा राजू दांगी का पुत्र शैलेश कुमार संलिप्त है।बताया गया कि युवक मुंबई में मजदूर का काम करता था। होली में घर आया था। घर के बगल में मुंह झूठी कार्यक्रम में युवक को ग्रामीणों ने रात 12 बजे तक देखा। सुबह युवक का शव संदिग्ध अवस्था में नसीम अली के छत पर पड़ा दिखा।

# सरहुल महोत्सव मनाने को लेकर प्रखण्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न

## अध्यक्ष बने सोमर उरांव, सचिव छोटू सिंह भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के कुट्टी गांव में सरहुल महोत्सव मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मनोज उरांव ने किया। जहां सर्वसम्मति से सरहुल महोत्सव मनाने को लेकर कमिटी गठन की गई। जिसमें अध्यक्ष सोमर उरांव, उपाध्यक्ष अनुज सिंह भोगता, सचिव छोटू सिंह भोगता, महासचिव करमदेव उरांव, कोषाध्यक्ष मनोज उरांव, उपाध्यक्ष महेश उरांव, संतोष उरांव, उप सचिव रिंकू भोगता, उप कोषाध्यक्ष मंटू उरांव के अलावे दर्जनों लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। सभी ने 1 अप्रैल को धूम धाम से सरहुल महोत्सव मनाने की संकल्प लिया साथ हीं विधि व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दिया गया है।

# विभिन्न विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत की गई परीक्षा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मिडिल स्कूल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर सीआरसी में (NILP) उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया।परीक्षा में सीआरसी केंद्र के विभिन्न विद्यालयों के पोषक क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग परीक्षा देने पहुंचे थे। इसमें 15 वर्ष से 50 वर्ष के लोग शामिल हुए।परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई। मिडिल स्कूल में 114 व्यक्तियों ने परीक्षा में भाग लिया। मिडिल स्कूल से नियुक्ति केंद्र अधिकारी राजकुमार राजू विक्षक सिद्धेश्वर पांडेय पंकज कुमार राणा मनोज कुमार संजय कुमार पासवान त्रिलोकी दांगी परीक्षा में प्रतिनियुक्त केन्द्र अधिक्षक सीआरपी प्रेमचंद कुमार साव, वीक्षक गेंदेश्वर उरांव, संजय कुमार दांगी, अमरेश कुमार दांगी, प्रदीप कुमार गुप्ता, भगन साव, रंजित कुमार, राकेश कुमार, प्रभु यादव, रविन्द्र दांगी परमानंद दांगी, तुलसी कुमार तथा संकुल संचालक मो मुस्ताक आलम उपस्थित थे।

# अज्ञात चोरों ने छत से चढ़कर घर से लगभग 40 हजार की किया चोरी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत सिमर टोला गांव निवासी बिल्टू महतो के पुत्र अजय कुमार दांगी के यहां बीते रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसमें अजय कुमार दांगी ने बताया कि अज्ञात चोर ने घर के छत से चढ़कर घर में घुसकर घर में लगे दरवाजा में चार ताला तोड़कर लगभग 40000 की नगदी चोरी कर ली है। एवं जमीनी कागजात चोरी कर घर के पास में ही खेतों में फेंक दिया है। अजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह जब सो कर उठे तो देखे घर के दरवाजे खुला हैं। एवं सामान बिखरा पड़ा है। जब आसपास में हल्ला किया तो इसकी जानकारी गिद्धौर थाना को दी गई। और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए स्थल को गहनता से जांच की है।एवं अज्ञात चोरों के प्रति जांच कर रहे हैं। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 18/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जिला स्तरीय क्रास कंट्री दौड़ सीजन-3 का हुआ सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में रविवार को जिला स्तरीय क्रास कंट्री दौड़ का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस दौड़ में हजारो की संख्या में लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। लड़को में प्रथम पुरस्कार निखिल कुमार, द्वीतीय जानकी कुमार व तृतीय पुरस्कार संतोष महतो को मिला। वहीं लड़कीयों में प्रथम मंजू कुमारी द्वितीय संजू तिरकी व तृतीय स्थान पर लीलम कुमारी ने बाजी मारी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक उज्जवल कुमार दास मौजूद रहे, तथा विशिष्ट अतिथि में जिला परिषद सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, पूर्व सैनिक ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, रौनियार जिला अध्यक्ष संजीत गुप्ता, आजसू केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, रंजीत गुप्ता, संजीव पाडें, शिव प्रसाद गुप्ता, गोविन्द तिवारी, सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान उपस्थित थे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में वायु सेना के बसंत कुमार, गुडू नायक, गणेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, नीरज कुमार, सुरेन्द्र नायक, मनु गुप्ता, सुबोध, प्रदीप, मनिष, राजेश प्रजापति सुधीर नायक, टुनटुन, सिविन, आलोक, राजा, अभय, संजय इत्यादि ने अहम भूमिका निभाई।

# गाडीलौंग रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने पत्रकार कुलदीप दास व सचिव बने सुधीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूम-धाम के साथ मनाए जाने को लेकर गाडीलौंग देवी मंडप प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भीम साव एवं संचालन महेंद्र यादव ने किया।बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ भव्य जुलूस निकाले जाने का निर्णय लिया गया, साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से पूजा संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसे सफल बनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति में बने पदाधिकारीयो को पुनः रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारी के रूप में चयनित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पत्रकार कुलदीप दास, सचिव सुधीर चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार भुइयाँ, उपाध्यक्ष राहुल चौरसिया, उपसचिव अमलेश यादव, पूजा प्रभारी जुगल साव, मंडप प्रभारी दुवारिका बरई को बनाया गया। इस पूजा में मुख्य रूप से भीम साव, महेंद्र यादव, शशि चौरसिया, संतोष कुमार राम, संदीप कुमार साव, मनोज चौरसिया, ऋतु यादव, कृष्णा यादव, दीपू चौरसिया, कुलदीप यादव, अजीत यादव, प्रेम राणा, अमित चौरसिया, लालमन साव, बिपिन यादव एवं राजू चौरसिया को संरक्षक मंडली सदस्य बनाया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने इस वर्ष की रामनवमी पूजा काफी आकर्षक व धूम- धाम के साथ सम्पन्न कराने का संकल्प लिया। मौके पर सोमदेव चौरसिया, रामनरेश चौरसिया, प्रमोद दास, राजेंद्र बरई, शिवदयाल यादव, अनिल यादव, सोनू चौरसिया, सुरेंद्र साव, मनोहर साव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरहुल पुजा तैयारी को लेकर पुजा समिति ने की समिक्षनात्मक बैठक



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित सरना स्थल नचना के प्रागन में सरहुल पुजा समिति अध्यक्ष महाबीर उरांव के अध्यक्षता मे सरहुल पुजा के तैयारी की समिक्षनात्मक बैठक की गई। बैठक मे सरहुल पुजा को विधिक संपन्न कराने, इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम, कार्यक्रम के अतिथियों, विधि व्यवस्था के साथ पुजा व शोभा यात्रा को संपन्न कराने सहित अन्य बिषयो पर गहन विचार विमर्श की गई। सरहुल पुजा समिति ने सर्वसम्मति से कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पुजा महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, नौ पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि समाज सेवी व बुद्धिजीवी लोग होगें, पुजा समिति ने प्रखंड क्षेत्र के सभी आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष युवक युवतीयों, सभी गाँव के खोड्हा (कला सांस्कृतिक दल) को इस त्यौहार, समाजिक धरोहर, समाजिक संस्कृति को बचाने एवं समाज की अपनी पहचान को अग्रसित करने हेतु, भारी से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है.साथ ही प्रखण्ड क्षेत्र के सभी लोगों, प्रकृति प्रेमियो को इस गौरवपूर्ण महोत्सव का साक्षी बनने का अपील किया हैं।

# विश्वकर्मा समाज का बैठक सम्पन्न, कई विषयों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज लातेहार के बैनर तले रविवार को विवेकानंद पार्क लातेहार के प्रांगण में एक बैठक जिला अध्यक्ष सिकंदर कुमार शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया की समाज के नेतृत्व करता समाज के अंतिम व्यक्तित्व तक सामाजिक दायित्व को पहुंचाएंगे। वहीं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की सभी को मिलकर सामाजिक कार्यों में और सहयोग बढ़ाना होगा, ताकि समाज के प्रत्येक सदस्य एवं पूरे विश्वकर्मा समाज के साथ हर व्यक्ति को लाभ मिल सके। वहीं बैठक में सदस्य रविंद्र प्रसाद शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अरुण शर्मा, नारद शर्मा, प्रकाश राणा, शिवनंदन राणा, रूपलाल राणा, जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, भोला मिस्त्री के साथ जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत सभी सदस्य मौजूद थे।

# उपायुक्त के प्रयास से इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौटी महिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शेरगड़ा पंचायत के चेतर ग्राम निवासी अनिमा देवी जेएसएलपीएस लातेहार द्वारा आयोजित कंपोस्ट का प्रशिक्षण के दौरान कीड़ा हाथ में काट देने से गम्भीर रूप से बीमार गयी थी ।और वह पिछले एक माह से रांची में अस्पताल में एडमिट थी। जहां से इलाज पूरा होने जाने एवं स्वस्थ होने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं जिला परिषद सदस्य पूर्वी प्रियंका कुमारी उनका घर पहुंच कर हाल-चाल जाना और लातेहार डीसी के द्वारा इलाज के लिए जो सहयोग राशि दिया गया उसके लिए बालूमाथ बीडीओ एवं लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता को धन्यवाद दिया। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि डीसी एवं जिप सदस्या के प्रयास से 70000 का सहयोग राशि मिल पाया ।मौके पर अनिमा देवी ने इस कार्य के लिए जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी एवं बालूमाथ बीडीओ एवं लातेहार डीसी को धन्यवाद दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा जिप सदस्य प्रियंका कुमारी भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू देवी भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री रीना देवी कुना देवी संगीता देवी मुनेश्वर यादव शकुंतला देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर प्रतिनिधि मंडल ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल अनीता तिर्की और अनूप विकास तिर्की ने विधायक से लातेहार जिले के साथ राज्य के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर (सीएचओ) की झारखंड में बनाई गई नियमावली की त्रुटियों में सुधार करने को लेकर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि सभी सीएचओ का पेय ग्रेड 4600 किया जाए, प्रतिवर्ष अनुभव के आधार पर पांच अंक दिया जाए जबकि नियमावली में 2 अंक देने का जिक्र है। वहीं इसके साथ वर्तमान समय में 40 से 45 वर्ष के सीएचओ कार्य कर रहे हैं अतः फॉर्म भरने की अधिकतम उम्र 50 वर्ष की जाए। वही मांग पत्र पर विधायक रामचंद्र सिंह ने विचार करते हुए सदन में पूरे मामले को रखने के विभागीय मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी ध्यान आकर्षित करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि आज के समय में राज्य में चिकित्सकों की कमी है पर सीएचओ के माध्यम से सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीण इलाकों में उपलब्ध करा रही है ऐसी स्थिति में सीएचओ के मांग पर निश्चित विचार करना चाहिए। इस दौरान मौके पर यूथ कांग्रेस के समन्वयक विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रवींद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, हरीश सिंह, सूजीत गुप्ता, अनवर अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# 80 प्रतिशत महिलाओं को नहीं मिला मईया सम्मान योजना का लाभ, 2 अप्रैल को होगा ब्लॉक घेराव




**छिपादोहर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर स्थित केड़ पंचायत सचिवालय में रविवार को मईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने की, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। योजना का लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई और 2 अप्रैल को ब्लॉक घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कन्हाई सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण 80 प्रतिशत महिलाओं को अभी तक मईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिला है। हेमंत सरकार ने महिलाओं को ?2500 प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन इसे प्रतिमाह नहीं दिया गया। इसके बदले जनवरी, फरवरी और मार्च की राशि जोड़कर 7500 देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक केवल 20 प्रतिशत महिलाओं को ही यह राशि मिली है।उन्होंने आगे कहा कि यह योजना महज छलावा बनकर रह गई है और सरकार केवल महिलाओं को गुमराह कर रही है। बैठक में महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि हम चुप नहीं बैठेंगे और अपना हक लेकर रहेंगे।उन्होंने सरकार से वादे को पूरा करने की मांग की।बैठक के अंत में महिलाओं ने संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया और 2 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में ब्लॉक घेराव में शामिल होने का आह्वान किया।

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में उमड़ा जनसैलाब, संघर्ष तेज करने का संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड (लातेहार) :** नेतरहाट के टूटवापानी में जारी संकल्प सभा के दूसरे दिन हजारों की संख्या में लोग एकजुट हुए और फायरिंग रेंज के खिलाफ अपने संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। विदित हो कि सरकार द्वारा 11 मई 2022 को नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना समाप्त कर दी गई थी।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि यह इलाका संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत अधिसूचित है, जहां केंद्र और राज्य सरकार की एक इंच भी जमीन नहीं है। पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं की सहमति के बिना किसी भी सामुदायिक संसाधन को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने कहा कि जनता के संघर्ष के कारण सरकार को इस परियोजना को रोकने पर मजबूर होना पड़ा है।सभा में केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता अनिल मनोहर ने कहा कि यह ऐतिहासिक आंदोलन पिछले 30 वर्षों से मजबूती से जारी है और आने वाली पीढ़ी इसे और धार देगी। उन्होंने कहा कि जनसंघर्ष ही एकमात्र रास्ता है, जिससे तानाशाही सरकारों को झुकाया जा सकता है। इस मौके पर नीलगाय क्षेत्र में लाने के विरोध में प्रदर्शन भी किया गया और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। सभा के अंत में ÷जान देंगे, जमीन नहीं के नारों के साथ संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए लोगों के साथ-साथ रांची आईकप संस्था द्वारा सांस्कृतिक नृत्य-गान की प्रस्तुति दी गई। सभा को जेरोम जेराल्ड कुजूर, प्लादीयूस पन्ना, रोश खाखा, डॉ. संतोष कुजूर, रामचंद्र उरांव, सुशीला कुजूर, जया, कुलदीप मिंज, अब्राहम, अजीत पाल कुजूर, अभय मिंज, अगस्तस मिंज सहित कई अन्य नेताओं और ग्राम प्रधानों ने संबोधित किया।यह आंदोलन आने वाले समय में और भी मजबूत होता दिख रहा है, क्योंकि जनता ने एकजुट होकर अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है।

## ग्रामीणों ने घटिया गार्डवाल निर्माण का लगाया आरोप

# ग्रामीणों के विरोध के बाद तोड़ा गया गार्डवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत क्षेत्र के करकट स्थित वार्ड नंबर एक में नगर पंचायत विभाग द्वारा पीसीसी गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय, समाजसेवी विकास जयसवाल और अयोध्या प्रसाद ने लगाया है। इनका कहना है कि गार्डवाल निर्माण के दौरान पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि कार्य के दौरान हर समय ग्रामीण वहां उपस्थित नहीं रह सकते। यदि विभाग के कनीय अभियंता की संवेदक से मिलीभगत हो जाए, तो भ्रष्टाचार होना तय है। ऐसे अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि यह गार्डवाल एक ही बरसात में बह सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत विभाग के कनीय अभियंता की मिलीभगत से यह निर्माण कार्य हो रहा है। नियमानुसार, गार्डवाल में पहले नींव की ढलाई कर ईंटों की चिनाई होनी चाहिए, लेकिन संवेदक ने जल्दबाजी में बिना ढलाई किए ही ईंटों की चिनाई कर दी।इस अनियमितता की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया। विरोध के बाद संवेदक ने गार्डवाल तोड़कर पहले ढलाई की और फिर से निर्माण कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है।

**क्या कहते हैं नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन**

इस मामले पर नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि गार्डवाल निर्माण कार्य की जांच की जाएगी। यदि कार्य में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित संवेदक और अभियंता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत की ओर से गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी शिकायतें न हों।

# सिमरिया में रामनवमी महासमिति का गठन सम्पन्न

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया रामनवमी महासमिति कमिटी का गठन को लेकर रविवार को डाक बंगला परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विनोद बिहारी पासवान ने की। बैठक में पिछले वर्ष रामनवमी कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं आगामी रामनवमी पूजा को बेहतर ढंग से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाने को लेकर महासमिति कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें विभिन्न पदों के लिए कई नाम दर्ज किया गया। जहां महा अखाड़ा का अध्यक्ष चुनने के लिए सभी अखाड़ों के दो दो प्रतिनिधियों ने मतदान किया।

## श्री श्री रामनवमी पूजा समिति, बक्शीडीह की बैठक संपन्न



**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बक्शीडीह में श्री श्री रामनवमी पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रविवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजकुमार दास ने की। बैठक में पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें पदाधिकारियों के रूप में दिनेश कुमार वर्मा को अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार को सचिव और बजरंग कुमार सहाय को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, राजकुमार दास को उपाध्यक्ष, रोशन सिन्हा को सह सचिव और दिनेश कुमार को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूजा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संयोजक मंडल में भैया संतोष सिन्हा, ज्ञानी राम, अरुण कुमार, राजन सिन्हा और तालेश्वर प्रसाद को शामिल किया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में प्रकाश राम, आलोक दास, कृष्ण कुमार मुरारी, सिकंदर दास, देवनारायण, अमित कुमार, दीपक राम, बादल दास, भैया शिशिर सिन्हा, भैया मनोज सिन्हा, गोविंद राम, सुरेंद्र राम, गुड्डा राम, भैया संजीव सिन्हा, बजरंग रावानी, गोलू पासवान, बलराज पासवान, मुकेश पासवान, गोपाल राम और शंकर पासवान को जिम्मेदारी दी गई। वहीं, मीडिया प्रभारी के रूप में सुमन सिन्हा और भैया अखिलेश को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने राम नवमी महोत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया। समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से सहयोग और अनुशासन बनाए रखने की अपील की, ताकि इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया जा सके।

## सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष बने पंकज अगरिया व सचिव बनवारी अगरिया



**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के हेदलाग एवं गोविंदपुर के सार्वजनिक प्राकृतिक सरहुल पूजा समिति का बैठक प्रसुगवा के मैदान में किया गया जिसमें सार्वजनिक प्रकृति सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज अगरिया को बनाया गया वहीं सचिव बनवारी अगरिया व कोषाध्यक्ष विजय अगरिया बने। सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज अगरिया ने इस मौके पर कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा धूमधाम और शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा मनाया जाएगा । जुलूस जो सरहुल पूजा स्थल से प्रसुगवा से हेदलाग होते हुए करहनियाबाद से पकरार से पारटांड होते हुए पुन~ पूजा स्थल तक जाएगा। इस मौके पर मुकेश अगरिया, पिंटू अगरिया, शंकर अगरिया, संजय अगरिया ,विजय अगरिया, विक्रम अगरिया, गौतम अगरिया, बबलू अगरिया, सागर अगरिया, अजय अगरिया, लक्ष्मण अगरिया, मनीष अगरिया ,धनुष अगरिया ,रिंकू राम, बनवारी अगरिया इत्यादि उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव पंचायती राज प्रशिक्षण के लिए केरल रवाना



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव पंचायती राज के प्रशिक्षण के लिए केरल रवाना हुए हैं। यह प्रशिक्षण 23 मार्च से 27 मार्च प्रशिक्षण तक चलेगा। जिसके बाद वे अपने ङ्कअपने क्षेत्र में वापस लौटेंगे। किशुन यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों,और कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियां के साथ-साथ उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी जाएगी। केरल राज्य की पंचायती राज व्यवस्था भारत में सबसे सशक्त मानी जाती है, जहां त्रिस्तरीय प्रणाली के तहत ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्य कार्यरत है। केरल की पंचायतें स्थानीय विकास, योजना निर्माण और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केरल की सफल पंचायती राज प्रणाली के अनुभवों से सीख लेकर स्थानीय शासन को सुदृढ़ करना है। साथ मे उर्मिला देवी,जीप उपाध्यक्ष कोडरमा निर्मला देवी, गिरीडीह जीप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव एवं सभी जिला के जीप उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## विजैया में केंचुआ खाद का प्रशिक्षण संपन्न



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया में केंचुआ खाद बनाने का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। 40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। केंचुआ खाद का प्रशिक्षण एमईएस मेरी वर्ल्ड एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में इंद्रमणि राम मौजूद थे। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मोहम्मद कयूम ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में प्रशिक्षण के दौरान जो भी जानकारी मिली है, उसे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सभी किसानों को केंचुआ खाद का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करें। जैविक खाद का उपयोग वर्तमान समय की मांग है।इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने ज्ञान व निपुणता से खेती की उर्वरा शक्ति तथा उत्पादकता में परिवर्तन लाया जा सकता है। जिससे किसान अपनी आमदनी को दोगुना कर सकते हैं। केंचुआ खाद से फसलों पर रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों की मांग कम होती है। जिससे किसानों का इन पर व्यय काम होता है।

## शनि मंदिर से दान पेटी की चोरी, सीसीटीवी के बावजूद चोरों ने किया हाथ साफ



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कालीबाड़ी स्थित प्रसिद्ध शनि मंदिर में शनिवार रात चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखा सारा पैसा निकाल लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब मंदिर के देखरेख करने वाले मुकेश सुबह मंदिर पहुंचे। उन्होंने देखा कि दान पेटी अपनी जगह से गायब है। बाद में मंदिर के पीछे टूटी हुई पेटी पड़ी मिली, जिसमें से सारा पैसा निकाल लिया गया था। मंदिर की देखरेख करने वाले मुकेश ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है। उन्होंने बताया कि रात करीब 11~40 बजे वे मंदिर से निकले थे और सुबह आने पर चोरी का पता चला। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद चोरी की घटना हो गई, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। मुकेश ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस मंदिर में चोरी हुई हो। लगभग 10 दिन पहले भी मंदिर से घंटी और डमरू चोरी हो गए थे, जिसकी शिकायत पेलावल थाना में दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, जिससे चोरों का हौसला बढ़ता जा रहा है। मुकेश ने बताया कि चोरी में दो लड़कों के शामिल होने का संदेह है, लेकिन अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है।मंदिर प्रबंधन और स्थानीय लोग इस घटना से आक्रोशित हैं और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# छह मौतें, छह साल और अब भी न्याय अधूरा

## हजारीबाग के बहुचर्चित महेश्वरी हत्याकांड पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से किया तीखा सवाल

- हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में 2018 के बहुचर्चित महेश्वरी हत्याकांड पर सरकार से मांगा जवाब
- छह साल बीत गए, लेकिन हजारीबाग के निर्दोष परिवार को न्याय नहीं मिला,क्या सरकार दोषियों को बचा रही है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाताष्ट**

**हजारीबाग :** भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में 14 जुलाई 2018 की रात हुए महावीर प्रसाद महेश्वरी एवं उनके परिवार के छह सदस्यों की नृशंस हत्या के मामले को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि इस जघन्य अपराध में अब तक न्याय क्यों नहीं मिल पाया. 14 जुलाई 2018 की रात हजारीबाग शहर के बॉटम बाजार इलाके में महावीर प्रसाद महेश्वरी और उनके परिवार के छह सदस्यों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मरने वालों में महावीर प्रसाद महेश्वरी के अलावा उनकी पत्नी, बेटा, बहू और पोते-पोतियों सहित कुल छह लोग शामिल थे। यह मामला शुरू में आत्महत्या का प्रतीत हुआ,लेकिन जांच आगे बढ़ने पर हत्या की संभावनाओं को भी नकारा नहीं गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में यह सवाल उठाया कि क्या यह सच है कि इस बहुचर्चित हत्याकांड की जांच अभी तक पूरी नहीं हो पाई है और दोषियों को अब तक सजा नहीं मिल पाई है?

**विधानसभा में सरकार की ओर से दिया गया उत्तर**

झारखंड सरकार की ओर से दिए गए उत्तर में बताया गया की पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी 15 जुलाई 2018 को हजारीबाग सदर थाना कांड संख्या 346/18 के तहत धारा 302/306/120(बी)/34 भादवि में मामला दर्ज किया गया था।शिकायतकर्ता शंकर महेश्वरी (महावीर प्रसाद महेश्वरी के बड़े भाई) के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में हत्या एवं आत्महत्या दोनों कोण से छानबीन की गई। अनुसंधान की वर्तमान स्थिति में 8 सितंबर 2020 को इस केस को अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची को सौंप दिया गया। 24 अप्रैल 2023 को सी आई डी द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद मामले को सत्य अपराध उपशमित घोषित कर दिया गया। यानी, अब तक इस मामले में ठोस सबूत नहीं मिले, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह हत्या थी या आत्महत्या।

**विशेष जांच टीम का गठन**

उच्च न्यायालय, झारखंड, रांची द्वारा 28 अगस्त 2023 को निर्देश दिए गए कि इस मामले की गहराई से जांच की जाए



पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखंड, रांची ने 7 नवंबर 2023 को आदेश जारी कर एस आई टी के गठन का निर्देश दिया। इस एस आई टी का नेतृत्व दीपक कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक, गिरिडीह को सौंपा गया। इस टीम में पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह, पुलिस उपाधीक्षक, हजारीबाग सदर थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल किए गए। एस आई टी वर्तमान में मामले की पुन~ जांच कर रही है। विधानसभा में प्रश्न पूछने के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है, जो कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से निम्नलिखित मांगें की एस आई टी को जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों को पकड़ने के निर्देश दिए जाएं। अगर पुलिस की लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस मामले की वैज्ञानिक और फॉरेंसिक जांच कराकर असली कारणों का पता लगाया जाए।

**मामले की मौजूदा स्थिति**

एस आई टी की जांच अभी भी जारी है,झारखंड राज्य विधि-विज्ञान प्रयोगशाला, रांची से महत्वपूर्ण वैज्ञानिक रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। मेडिको लीगल ओपिनियन प्राप्त होने के बाद एस आई टी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि अगर समय रहते पुलिस और प्रशासन ने सही दिशा में कार्य किया होता, तो आज यह मामला हल हो चुका होता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द दोषियों को सजा दिलाई जाए।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर में सनराइज एकेडमी के सामने रविवार सुबह करीब 11 बजे नेशनल हाइवे पर एक ट्रक ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक सवार बरसोत गांव निवासी रामकृष्ण प्रसाद नटवर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान बाइक सवार को अपने चपेट में लिया, और करीब 20 मीटर तक घसीटता चला गया। आर के प्रसाद नरवर अपने घर से बरही किसी काम से आ रहे थे, इसी दौरान घटना घटी। इधर देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। वही घटना की सूचना घटना स्थल पर उपस्थित लोगों ने इसकी सूचना प्रशाशन को दिया। जिसके बाद बरही पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुवे शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। वही ट्रक को पकड़ कर बरही थाना लाया गया। लोगों ने बताया कि आर के प्रसाद नटवर का सामाजिक कार्यो में सराहनीय योगदान रहता था। वे काफी मृदुलभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। इनके निधन की खबर से पूरा बरही वासी शोक में है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विशुनधारी



महतो ने कहा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क का निर्माण लंबित है, जिसे समय पर पूरा नहीं करने से घटनाएं घटित हो रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जेएमएम केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, बरही व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, अधिवक्ता रामचंद्र साव, रविशंकर, हरेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, चेतलाल साव, मनोज पांडे, प्रदीप ठाकुर, रजनीश कुमार, मोती सिंह, फैयाज खान, युवराज साव, देवानंद साव, नोटरी से कुंजल साव, सुजीत सिंह, पंसस सुजीत प्रसाद, अविनाश कुशवाह, प्रभात चंद्रवंशी, संतोष प्रजापति, पिंटू चंद्रवंशी, रोहित ठाकुर, सोनू चंद्रवंशी, रोहित ठाकुर,आदि अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे थे।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के बिरहोरटोला बरियट्ठा में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन की ओर से महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव और संस्थापक सदस्य मनोहर यादव, यमुना यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने उन वीर माताओं को भी याद किया, जिन्होंने अपने बेटों को देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने के मार्ग पर भेजा। भगत सिंह की माता विद्यावती कौर, सुखदेव की माता रल्ली देई और राजगुरु की माता



पार्वती बाई को नमन करते हुए कहा गया कि उन्होंने असहनीय कष्ट सहते हुए भी संघर्ष और बलिदान को मौन रूप से स्वीकार किया।फाउंडेशन के सदस्य मनोहर यादव ने इन माताओं की भावना को स्मरण करते हुए कहा, हे भगवान! यदि हमें पुनः जन्म देना हो तो हमें भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे बेटों की ही मां बनाना। इस श्रद्धांजलि सभा में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, संस्थापक सदस्य मनोहर यादव, यमुना यादव, फिरदौस खान, टिंकू केशरी, उमेश यादव, अग्ना बिरहोर, दिनेश बिरहोर, संजय बिरहोर, चमेली देवी, बुधनी देवी, चरकी देवी, बबिता देवी, ममता देवी, पिंकी देवी, फूलकुमारी, मुनिया देवी, डब्लू देवी, चंपा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने शहीदों की कुर्बानी को नमन करते हुए देशभक्ति और समाजसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

## मां विध्यवासिनी इंटर कोलेज के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत झरपो टटगांवा मोड में संचालित मां विध्यवासिनी इंटर कोलेज के बारहवीं तथा एजुकेशन सेंटर झरपो के दसवीं के छात्र -- छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य रूप से जिप सदस्य रामप्रसाद,उपप्रमुख रवि वर्णवाल,टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपपमुखिया राजेंद्र प्रसाद, पत्रकार सह समाज सेवी संदीप पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्धाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत निर्देशक राजकुमार राम एवं बच्चों के द्वारा बुके देकर किया गया। विदाई समारोह में कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक सह संचालक राजकुमार दास ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और यहां के बच्चे बेहतर करे इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। यहां के बच्चे दसवीं एवं बारहवीं में बेहतर प्रदर्शन करें इसका प्रयास किया जाता है। वहीं अतिथियों ने कहा कि बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले इसके यह कॉलेज के शिक्षक मेहनत करते रहते है। क्षेत्र के बच्चे को यह कोलेज खुलने से गांव में ही बेहतर शिक्षा मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन रोहित मालाकार ने किया। मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों में पुनम, नीतु, ज्योति, रोहित, नितेश, बादल, दीपक, करण, खुशबू, शहनाज, खुशी, बिनिता, सुलेखा, नीतु, पुजा, रानी, अंजली, रानी, संगीता, सपना, अंजु, नगीना, करिश्मा, प्रिति समेत अन्य छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए अपनी अहम भुमिका निभाया।

## विष्णुगढ़ के सरकारी विद्यालयों में टैब का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत 131 सरकारी विद्यालयों में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्राप्त टैब प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विष्णुगढ़ राकेश कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुणाल कुमार के द्वारा शनिवार को वितरण किया गया। यह टैब डिजिटल शिक्षा के लिए काफी सहायक है जिसको लेकर प्रखंड के सभी विद्यालयों में इसका वितरण किया गया। यह टैब विद्यालयों को बायोमेट्रिक उपस्थिति, मध्यान भोजन एसएमएस, प्रत्येक माह में होने वाले प्रोजेक्ट रेल परीक्षा एवं अन्य कार्यों को आसान करने के लिए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिया गया। इस वितरण के मौके पर लेखापाल पदाधिकारी विष्णु नाथ मौजूद रहे।

## इंडियन एंथम स्कूल में वार्षिक महोत्सव सह शहीद दिवस का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के श्रीनगर स्थित इंडियन एंथम स्कूल में रविवार को वार्षिक महोत्सव सह शहीद दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक गीत, संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इन प्रस्तुतियों को उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भी एक मंच मिलता है। स्कूल प्रशासन द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है।कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव, इंद्रदेव यादव, निजी विद्यालय संघ के सचिव नितेश कुमार, शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता सकलदेव यादव, संजय यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ में झारखण्ड आंदोलनकारियों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बंदखारो बाजार टांड़ में झारखंड आंदोलन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 24 मार्च 2025 को झारखण्ड विधानसभा घेराव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। झांरखण्ड आंदोलनकारी राजेन्द्र मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गई तथा संचालन कैलाश महतो ने किया।बैठक में बतौर मुख्यातिथि झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केंद्रीय महासचिव महमूद आलम की उपस्थिति में बैठक के प्रारूप पर गहनता से चर्चा की गई। बैठक में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 मार्च को विधानसभा का घेराव करते हुए झारखंड सरकार से अपनी हक व सम्मान मिलने तक लड़ाई जारी रखने की बात कही गई। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ राय,शंकर महतो,झरी लाल महतो,मुन्नीलाल महतो,कैलाश महतो,दिलचंद महतो समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## दारु अम्बेडकर जयंती समारोह के अध्यक्ष बने बबलू मेहरा

- बबलू मेहरा के अध्यक्ष बनने पर लोगों के चेहरे पर खुशियों का दिखा मुस्कुराहट
- मीडिए प्रभारी बने आलोक कुमार दास लोगों में दिखा खुशियों का लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** प्रखंड दारु अंतर्गत दिनांक 23 मार्च को झुमरा सांस्कृतिक भवन में भीम आर्मी का बैठक सम्पन्न की गयी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले 14 अप्रैल 2025 डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के संस्थापक बबलू मेहरा के द्वारा इस वर्ष 134 जयंती मनाने को लेकर इस बैठक को रखा गया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबासाहेब का जयंती हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने का आयोजन किया जाएगा। पूरे प्रखंड के लोग इस अंबेडकर जयंती पर समलित होते है और खुशियां मनाते हैं। भीम आर्मी दारू अध्यक्ष सह समाजसेवी बबलू मेहरा काफी मेहनत कर रहे हैं की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही ज्यादा धूम धाम से अंबेडकर जयंती पूरे दारू प्रखंड के प्रखंड अस्तरीय में मनाया जाए। और प्रखंड अस्तरीय अम्बेडकर जयंती के संस्थापक और भीम आर्मी अध्यक्ष दारु सह समाजसेवी बबलू मेहरा ने लगातार अम्बेडकर जयंती को लेकर पूरे प्रखंड में एक संदेश को भेजा जाता है की 14 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ पूरे प्रखंड अस्तरीय में अम्बेडकर



जयंती मनाया जायेगा । बबलू मेहरा ने सभी लोगों को बाबा साहेब के बारे में जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया की दलितों के मसीहा के नाम से मशहूर, संविधान निर्माता के रूप में ख्याति प्राप्त डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन-परिचय तथा उनके देश व समाज को दिये गये योगदान को बताये। इस बैठक में अम्बेडकर जयंती को लेकर सभी पदों का भी चयन किया गया। अध्यक्ष बब्लू मेहरा,उपाध्यक्ष संजय कुमार दास, सचिव दिलीप कुमार दास ,कोषाअध्यक्ष, अशोक दास, किशोरी दास, मीडिए प्रभारी आलोक कुमार दास को बनाया गया। इस बैठक में पूरे प्रखंड से सेकड़ों लोग उपस्तिथ हुवे।

## रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से की मुलाकात

- रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को बधाई,उनके नेतृत्व में यह पर्व और अधिक भव्य, संगठित व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होगा : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने रविवार देर शाम सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से उनके कार्यालय परिसर में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बसंत यादव ने विधायक प्रदीप प्रसाद को भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने भी उन्हें चुनरी ओढ़ाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और मिठाई खिलाकर उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के



दौरान हजारीबाग में होने वाली अंतरराष्ट्रीय रामनवमी के शांतिपूर्ण, ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को लेकर गहन चर्चा हुई। हजारीबाग की रामनवमी सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। रामनवमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि महासमिति का पूरा प्रयास रहेगा कि पर्व में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हजारीबाग की सांस्कृतिक विरासत है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि समिति अपनी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के लिए जानी जाती है और इस बार भी बेहतर आयोजन सुनिश्चित करेगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# रामगढ़ में मिनी मैराथन दौड़ेगा रामगढ़, बढ़ेगा रामगढ़ में हजारो प्रतिभागियों हुए शामिल






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित ÷दौड़ेगा रामगढ़ -जीतेगा रामगढ़÷ मिनी मैराथन का भव्य और रंगारंग समापन हुआ। इस आयोजन में झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल,दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम, ओड़िशा,सहित देश के कोने-कोने से हजारो की संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम से एक दिन पहले ही हजारो की संख्या में प्रतिभागी रामगढ़ पहुँच गए थे और आज वो कार्यक्रम में हिस्सा लिए भारी बारिश के कारण दौड़ेगा रामगढ़ -बढ़ेगा रामगढ़ सुबह 06ऱ00 बजे के जगह एक घंटा देर से 07ऱ00 बजे शुरू हुआ 7 इस अवसर पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की और से सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किये गए थे ,रामगढ़ कैंटोनमेंट ग्राउंड से सुभाष चौक होते हुए बरकाकाना जोड़ा तालाब तक पुलिस कर्मियों और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी, साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग की और से डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी 7आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने बताया कि धावकों की देख रेख के लिए 10 किमी पुरूष वर्ग के लिए और 06 किमी महिला वर्ग के लिए, एवम 02 किमी रन एन्ड फन के लिए आयोजन समिति की और से मोटरसाइकिल स्काट की व्यवस्था की गई थी, दौड़ के शुरुवात से फिनिशिंग पॉइंट तक वीडियोग्राफी की जा रही थी 7दौड़ेगा रामगढ़ बढ़ेगा रामगढ़ मिनी मेराथन प्रतियोगिता 2025 में पुरुष वर्ग , प्रथम स्थान चंदन यादव उत्तरप्रदेश से।दूसरा स्थान अब्देश चौधरी उत्तर।प्रदेश से ,तीसरा स्थान मनोज सिंह।उत्तराखंड से,चौथा स्थान अर्जुन टुडू झारखंड जमशेदपुर ,पांचवां स्थान हिमांशु पलसिया उत्तराखंड एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान सपना रघुवंशी भोपाल मध्यप्रदेश से ,दूसरा स्थान आकांक्षा सिंह मिर्जापुर उत्तरप्रदेश से ,तीसरा स्थान सोनी देवी वाराणसी उत्तरप्रदेश से,चौथा स्थान प्रतिमा वर्मा वाराणसी उत्तरप्रदेश से एवं पांचवां स्थान पूजा सिंह रांची झारखंड ने प्राप्त किया।आयोजन समिति द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार नगद राशि, डेमो चेक ,मेडल, सर्टिफिकेट और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और फिनिशर मेडल देकर और अल्पाहार देकर प्रोत्साहित किया गया।आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री राजीव जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि पहली बार हो रहे इस आयोजन में भारी बारिश के बावजूद के हजारो प्रतिभागियों के देश के कोने कोने से पहुँचने से रामगढ़ जिला में खेल के प्रति और फिटनेस के प्रति लोगो के जागरूकता का परिचायक है 7इस तरह के आयोजन से आयोजन समिति के द्वारा रामगढ़ में फिटनेस के प्रति और स्वास्थ्य के प्रति युवाओ में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया है 7सड़क चिकित्सा और सुरक्षा में जिला प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।शहर के चारों और बैरिकेटिंग से लेकर रूट में पड़ने वाले सभी रास्तों को रोका गया,स्काउट वाहन,तथा एम्बुलेंस की जगह जगह तैनाती ताकि प्रतिभागी को कोई भी समस्या का सामना न करना पड़े।डीएवी बरकाकाना और राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के द्वारा एनसीसी की टीम और गया गांधी मेमोरियल की भारत स्काउट एन्ड गाइड की टीम के बच्चों के द्वारा आयोजन में वोलेंटियर के रूप में सेवा दिया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम, पीवीयूएनएल के जियाउर रहमान, जिंदल के प्लांट हेड सतेंद्र सिंह , डीएवी बरकाकाना के प्राचार्य मुस्तफा मजीद, पूर्व प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह, सीसीएल के पदाधिकारी ,रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल,आयोजन समिति के सचिव सीडी सिंह,,कार्यकारी अध्यक्ष शशि पांडेय,वरीय उपाध्यक्ष सह गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा,संरक्षक सरदार अनमोल सिंह,कोषाध्यक्ष कीर्ति गौरव,संरक्षक मनमोहन सिंह लांबा, मुस्तफा आजाद, मनीष पॉल,पूरन महतो ,स्मृति भारद्वाज,अंकित रनिंग एकेडमी के संचालक अंकित सिंह, गोला फिजिकल एकेडमी के संचालक सन्नी देवल, बलराम महतो ,सनोज मुंडा,एकेडमी के संचालक सिकंदर कुमार , अंकित सिंह ,समित कुमार,राहुल पासवान, अंकित कुमार,प्रीतम झा,सूरज वर्मा, मंसू बेदिया,रवि हाजरा,अंजू ठाकुर,शुभम सिंह,विनीत यादव,संदीप गोयल,देव कुमार,,शेखर कुमार सहित आयोजन समिति के सारे सदस्य मौजूद थें।

# जेएलकेएम का सघन सदस्यता अभियान इस सप्ताह से प्रारंभ होगा : पवन महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा,नगर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक में जेएलकेएम के केंद्रीय पदाधिकारी सहित जिला कमिटी के लोग शामिल हुए ।बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो एवं संचालन नगर संगठन महासचिव सन्नी कुमार के द्वारा किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य अगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी द्वारा प्रभावी प्रत्याशी देने को लेकर सर्व सम्मति बनाने से संबधित सहित अन्य कई महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए गए।पूरे शहरी क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता और शहरी क्षेत्र के मुद्दों पर कारगर तरीक़े से काम करने को लेकर रणनीति बनायी गई।विभिन्न वार्डों में अलग अलग महिला और पुरुष कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ शहर के नौ वार्डों में सदस्यता प्रभारी नियुक्त किए गए ।नगर अध्यक्ष पवन महतो ने उपस्थित पार्टी के केंद्रीय,ज़िला और प्रखण्ड के प्रमुख पदाधिकारियों से साझा परिचर्चा कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पार्टी के उद्देश्यों के लिए काम करने की अपील की साथ ही आगामी प्रस्ताव में रामगढ़ में आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी की लोकप्रियता को चुनावी जीत में बदलने को लेकर जी जान लगाने का अपील किए और नगर क्षेत्र के कई चुनौतियों और समस्याओं के लिए काम करने के लिए टास्क दिया ।केंद्रीय संगठन महासचिव सुधीर अकेला जी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जो ग़लतियाँ की गयी हैं वो किसी भी हाल में दुहारने नहीं दिया जाएगा इस बार पार्टी द्वारा नगर चुनाव जीतना हमारी पहली प्राथमिकता है।बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता संतोष महतो,केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष गुड्डी देवी,जिला अध्यक्ष देवानंद महतो,महासचिव राजेश महतो,ज़िला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ,ज़िला वरीय उपाध्यक्ष तीर्थनाथ महतो,राजेंद्र बेदिया,सहदेव महतो,संतोष तिड्डवार,कौलेश्वर महतो,ओम प्रकाश महतो,अशोक चौधरी,जयंती देवी,संतोष शर्मा,बसंत कुमार,संजय महतो,अनिल कुमार,गुलाब गिरी,जतन महतो,रोहित कुमार,कौलेश्वर महतो,शिवदयाल प्रसाद,परमजीत्त कुमार,पवन कुमार,संजय कुमार,सन्नी कुमार,सीता देवी,शंकर महतो सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता और समर्थक प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।महासचिव राजेश महतो ने कहा कि नगर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं और सरकारी योजनाओं से वार्ड निवासियों को लाभ दिलाने संबंधी तमाम सम्भावनाओं पर पार्टी मज़बूती से काम करेगा साथ हाय साथ जेएलकेएम नगर चुनाव में सबसे मज़बूत प्रत्याशी का विकल्प देगा और पार्टी की केंद्रीय,जिला सहित हर स्तर का कार्यकर्ता टीमवर्क के साथ सदस्यता अभियान का कीर्तिमान बनाने के दिशा में समर्पित होकर काम करेगा।पार्टी के नगर महिला अध्यक्ष जयंती देवी ने पार्टी के नवनियुक्त सदस्यता प्रभारी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए बैठक की समाप्ति की।

# ग्राम चेटर के आदिवासी समाज की बैठक आहूत की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** ग्राम चेटर के विद्यालय प्रांगण में सरना पूजा के सम्बन्ध में समस्त चेटर के आदिवासी समाज की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में बड़े ही उत्साह के साथ पूरे गांव के आदिवासी भाई - बहन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से केसर करमाली अध्यक्ष के पद के लिए , मीरा मुंडा उपाध्यक्ष पद के लिए , मोहरलाल पाहन सचिव पद के लिए , तेजनाथ बेदिया कोषाध्यक्ष पद के लिए तथा विशिष्ट सदस्य के रूप में मुकेश कुमार मुंडा चुने गए। चयन के पश्चात सभी का तालियों के साथ स्वागत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सरहुल पूजा 01/04/2025 दिन मंगलवार को संपन्न होगी और दिनांक 04/04/2025 दिन शुक्रवार को सुभाष चौक के समीप आयोजित होने वाले रामगढ़ जिला सरहुल मिलन समारोह में चेटर के आदिवासी भाई - बहन जुलूस की शक्ल में सामुहिक रूप से सम्मिलित होंगे।इस बैठक में मुख्य रूप से रामचंद्र पहान , सुरेश मुंडा , नर्तन मुंडा , राम रतन बेदिया , केदार बेदिया , श्रीधर मुंडा , चेतन नुनु , सोहन पहान , मदन करमाली , राजेश मुंडा , मोतीलाल बेदिया , अंजु , टिकेन्दर ओहदार , जीतन ओहदार , प्रभु पाहन , महेश , टेकलाल , बसंती , संजू , सावित्री , गीता झुनको , रायमणि , लुरकी देवी , कुंवर देवी , सुशीला साथ ही अन्य गणमान्य जनों के साथ दर्जनों आदिवासी ग्रामीण जन सहित विशेष रूप से मीडिया प्रभारी के रुप में आमंत्रित राज़ रामगढी उपस्थित थे। बैठक का संचालन मुकेश कुमार मुंडा ने किया।इस तथ्य की जानकारी मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी ने साझा की है।

## पतरातू भगत सिंह,सुखदेव,राजगुरु शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थित शहीद भगत सिंह चौक में शहीद



भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।आयोजित शहादत दिवस में पतरातू प्रखंड के पत्रकार सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवी समाजसेवी और गणमान्य लोग शामिल हुए। वही इस अवसर पर पत्रकार और गणमान्य लोगों ने शहीद भगत सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुखदेव राजगुरु को भी नमन किया। मौके पर सलीम अंसारी,राजीव रंजन,अजय तिवारी,विजेंद्र कुमार,वीरेंद्र कुमार,प्रमोद पाठक,संजय सिंहा,उत्तम सिंहा,विनोद करमाली,मुनसब अंसारी,दीपक प्रमाणिक,संतोष कुमार,सुमित पाठक,सत्येंद्र पाठक,आशीष स्वर्णकार,लखन साहू,बालेन्द्र साव,मदन साह,रंजीत ठाकुर,चंद्रकांत कुमार,सूरज कुमार,अशोक पाठक,अजीत ठाकुर, किशोर ठाकुर,रवी सिंह सहित सैकड़ो पत्रकार व ग्रामीण शामिल थे।

## रंधीर गुप्ता के प्रयास से गरीब महिला का अंतिम संस्कार किया गया

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गंभीर रोग से ग्रसित अरगड्डा जीपी कैंप निवासी बबिता सिन्हा की मौत रविवार को हो गयी. उनके पति का निधन पहले ही हो चुका है. उनके परिवार वाले लाचार थे. उनका अंतिम संस्कार नौजवान संघर्ष समिति के पदाधिकारी रंधीर गुप्ता के आर्थिक सहयोग व प्रयास से किया गया. रंधीर गुप्ता ने शव को कंधा भी दिया. उन्होंने कहा है कि उनके श्राद्ध कार्यक्रम में जो भी सहयोग की जरूरत होगी, वह हम करेंगे. बबिता सिन्हा अपने पीछे दो बेटी व एक छोटा सा बच्चा छोड़ गयी है. अंतिम संस्कार के दौरान अनिल चौधरी, गरीबा भुइयां, सुषमा देवी, अन्नू सिंह, अशोक कुमार, राहुल सिंह उपस्थित थे.

## जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक मोहत्सव की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई ।भगवान आदिनाथ का जन्म चैत्र कृष्ण पक्ष की नौवीं के दिन सूर्योदय के समय अयोध्या में हुआ था।उनके पिता राजा नाभि राय एवं माता रानी मरू देवी थीं। आदिनाथ भगवान को ऋषभ देव भी कहा जाता है। वह अवसर्पिणी काल के प्रथम दिगंबर जैन मुनि थे। उन्हीं के द्वारा खेती करना सिखलाया गया एवं उन्हीं के समय से अक्षर एवं गिनती का ज्ञान शुरू हुआ था।कल्याणकऱ जैन धर्म में, तीर्थंकर के जीवन में पांच कल्याणक होते हैं, जो जन्म, ज्ञान, तप, निर्वाण और मोक्ष को दर्शाते हैं। उपदेशऱऋषभदेव ने अहिंसा, संयम और तप के उपदेश दिए, जिससे समाज की आंतरिक चेतना को जगाया और विकास का मार्ग दिखाया। अन्य योगदान ऋषभदेव ने कृषि, विद्या, असि, मसि, वाणिज्य और शिल्प जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# उरीमारी के श्रमिक नेता स्व दिलीप यादव की 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक बरका सयाल क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को श्रमिक नेता स्व दिलीप कुमार यादव की 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व यादव के छोटे भाई राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव व चाचा गोपाल यादव के नेतृत्व में स्व दिलीप कुमार यादव के तस्वीर समीप विधि-विधान से पूजन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पूजन विधि में स्व यादव के पुत्र विशाल यादव, के साथ अनिरुद्ध यादव,आयुष यादव शामिल हुए।इस पुन्य तिथि के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।जिसमें मुख्य रूप से बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, आरसीएमयू के रिजनल सचिव कुमार महेश सिंह, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, विंध्याचल बेदिया, विस्थापित नेता दसई मांझी,पीओ सुबोध कुमार, पीओ दिलीप कुमार, थाना प्रभारी रथू उरांव,संतोष यादव,गजानंद प्रसाद,अशोक शर्मा ने स्व यादव के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर महादेव बेसरा,गणेश राम,लालो महतो, कंचन मांझी, मुखिया चरका करमाली, उपमुखिया सतीश कुमार, सीताराम किस्कू, डॉ जी आर भगत, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, सतेंद्र यादव,कानू मरांडी, धर्मदेव करमाली, देवेन्द्र कुमार सिंह,राम स्नेही, दिलीप प्रसाद, राधेश्याम बैठा, महेश करमाली, सरोज कांत यादव, जुगेश बेदिया, चंदू जायसवाल, दिपक कुमार, गीता देवी, सीता देवी, शांति देवी, तेतरी देवी,फुलमति देवी, सुषमा श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद थे।

# अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर जिला प्रशासन रामगढ़ की बड़ी कार्रवाई, गोबरदाहा में किया अवैध सुरंग को बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री नितेश कुमार द्वारा जिले के सुगिया एवं गोबरदाहा क्षेत्र में अवैध मुहानों को औचक निरीक्षण उपरांत अवैध कोल खनन सुरंग चिन्हित कर उन्हें रविवार को जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए सभी अवैध सुरंग को बंद किया गया। इसी क्रम में गोबरदाहा क्षेत्र में दशकों से चल रहे अवैध खनन मुहानो को जेसीबी से बालू भरकर पूरी तरह से हमेशा के लिए बंद कर दी गई है। मौके उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने संबंधित पदाधिकारी को अवैध मुहानों का निरीक्षण कर रणनीति बनाकर अवैध मुहानों को ध्वस्त करते हुए अवैध खनन को रोकने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए जिले के अलग-अलग स्थलों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का निर्देश दिया गया।

## वीर शहीद भगत सिंह के त्याग और उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता : अजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सदभावना समिति सयाल के तत्वावधान में रविवार को राजकीय मध्य विद्यालय समीप सयाल आठ नंबर में प्रथम बार शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 94 वीं पुण्य तिथि मनाई गयी। बतौर मुख्य अतिथि बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह के द्वारा सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह के तस्वीर पर पुजा अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय की बच्चियों के द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों को स्वागत किया गया। सदभावना समिति सयाल के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सीसीएल बरका सयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह, विशिष्ट अतिथि बिरसा पीओ सुबोध कुमार,सौदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा,बिंध्याचल बेदिया, संजीव बेदिया,सतीश सिन्हा, गजानंद प्रसाद उपस्थित रहें। इस मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि ब्रिटिश भारत की आजादी के लिए हुकूमत भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं था बल्कि ये लाखों क्रांतिकारियों के लिए बलिदान और त्याग की अमर गाथा भी है। आओ झुककर सलाम करें उन शहीदों को जिनकी हिम्मत से ये वतन आजाद हुआ । इस मौके पर जगत प्रसाद,फूलन तिवारी, राजीव रंजन सिंह,बुलु सिन्हा, मोहम्द इरफान,सुभाष यादव,सदानंद सिंह उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव,सचिव अनूप कुमार (पिन्टू सिंह) संरक्षक बिरेन्द्र पासवान,ओमप्रकाश सिंह,अर्जुन सिंह,संजय शर्मा ,कृष्णा साव सदस्यगण रामविलास यादव,राजीव सिन्हा,बिनोद कुमार,चंद्रभान सिंह,उदय मेहता,कुमार संजय श्रीवास्तव, शशि पासवान,अभय सिंह,बिमलेश कुमार,कमलेश प्रसाद,अजित सिंह,अमित सिन्हा,शशिभूषन सिन्हा, प्रेम पासवान,भूषण शर्मा,रवि कुमार सिंह,जसीम अंसारी,अनु गुप्ता,अजय भगत,बिरदा पासवान,मोनू कुमार,आदिप सिंह,सन्नी कुमार,मधेश यादव,अनुज सिंह,रामकृपाल मालाकार,विनय यादव, ब्रजेश पासवान,गणेश यादव,राजू ठाकुर,नवीन, टाइगर सिंह का सहारनीय योगदान रहा।

## भगत सिंह के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# आज भगत सिंह की प्रासंगिकता बढ़ गई है : प्रो शाहनवाज खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** घुटूवा के भगत सिंह पुस्तकालय में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का था वर्तमान समय में राजनीतिक सामाजिक चुनौतियां और भगत सिंह के सपने। इस अवसर पर उदघाटन कर्ता आइसा की प्रदेश अध्यक्ष विभा पुष्पा ने कहा कि भगत सिंह के सपनों के अनुसार हमें शिक्षा नहीं मिल रहा है शिक्षा के लिए दोहरी नीति है हम गरीबों को पूंजीपतियों को चाकरी करने के लिए तैयार किया जा रहा है या बेरोजगार बनाए रखने की साजिश चल रही है। मुख्य वक्ता प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि आज भगत सिंह के विचारों के विपरीत विचारों का प्रचार प्रसार कर नौजवानों के मन मस्तिष्क को कब्जा किया जा रहा है। जो देश के लिए और समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत है भगत सिंह के विचारों के प्रचार प्रसार का और छात्र नौजवानों के में समझ पैदा करने का। प्रो खान ने आगे कहा कि भगत सिंह के अनुसार क्रांति के लिए खूनी लड़ाइयां या हिंसा अनिवार्य नहीं है और न ही हिंसा के जवाब में प्रति हिंसा के लिए कोई स्थान है। क्रांति से उनका अभिप्राय है अन्याय पर आधारित सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक व्यवस्था में परिवर्तन लाना और ऐसी व्यवस्था लाना जो समतामूलक हो, प्रगतिशील हो तथा गुलामी व शोषण मुक्त हो। अतः भगत सिंह की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है या यों कहें कि आज भगत सिंह की प्रासंगिकता बढ़ गई है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर देवकीनंदन बेदिया ने कहा कि आज शिक्षा नीति द्वारा और विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा धार्मिक पोंगापंथी, अंधविश्वास और अंध राष्ट्रवाद परोस कर युवा के मन मस्तिष्क पर जहर घोला जा रहा है। युवा को सांप्रदायिक दंगो में धकेला जा रहा है जिससे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र खतरे में है। भगत सिंह ने ठीक ही कहा था कि धर्म और जाति की लड़ाई क्रांति का असल बाधक है। अतः नौजवान धर्म और जाति की लड़ाई में न उलझ कर अच्छी शिक्षा और रोजगार की लड़ाई लड़े जिसकी आज जरूरत है। अन्य वक्ताओं में पूर्व पार्षद सुरपति देवी, इनौस नेता पवन कुमार यादव, रेल कर्मचारी नेता अवधेश गुप्ता और किसान नेता नागेश्वर मुंडा उपस्थित थे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र बेदिया ने किया और संचालन शिक्षक अमल घोषाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनारायण बेदिया, नितेश बेदिया, हेमंत कुमार, पंकज कुमार, शेखर कुमार, हेमंती देवी, किरण कुमारी, सावित्री कुमारी, अनामिका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि बहुत संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सुरक्षा विभाग में 7 टन कोयला किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रविवार को संध्या 5 बजे क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अरगडा के दिशा निर्देश पर नया कोयला स्टॉक के पास कोयला चोरी कर छुपा कर रखा गया लगभग 7 टन कोयला जब्त किया गया जिसे सी एच पी कोयला स्टॉक में रखवा दिया गया। इस अभियान में जी एम यूनिट के रमेश राउत तथा सिरका समूह के गंगा राम, लखन गोस्वामी, संजय भुइयां एवं होम गार्ड के जवान शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## जितेंद्र मुर्मू ने ऑल इंडिया बार परीक्षा 19 में पाई सफलता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जितेंद्र मुर्मू ने ऑल इंडिया बार परीक्षा 19 पास की है। उन्होंने यह उपलब्धि दृढ़ता, समर्पण और उनके परिवार के अटूट समर्थन के कारण हासिल किया है। जितेंद्र ने मूल रूप से प्रौद्योगिकी में अपना कैरियर बनाया था। उन्होंने कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक अर्जित किया। वह वर्तमान में धनबाद सिविल कोर्ट में अभ्यास कर रहे हैं, जहां उनका उद्देश्य कानूनी क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए अपनी दोहरी विशेषज्ञता का उपयोग करना है। जितेंद्र ने अपने परिवार के प्रोत्साहन और आशीर्वाद को अपनी सफलता का श्रेय दिया। दोस्तों, परिवार और शुभचिंतकों ने उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी है।

## विहान फ्यूल्स स्टेशन की ओर से फ्यूलिंग महोत्सव का आयोजन




**चंदनकियारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चंदनकियारी टुमकुटांड़ विहान फ्यूल्स स्टेशन की ओर से भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान पर लकी ड्रा का आयोजन किया गया। जहां पर विगत दो महीनों से पेट्रोल खरीदने वाले ग्राहकों को कूपन मिला करता था। जिसका ड्रा होने पर उरांवडीह निवासी संजय कुमार महतो को विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर प्रोपराइटर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य ग्राहकों से वैचारिक संबंध स्थापित के साथ भाग्य आजमाइश करना था। आगे बताया कि चंदनकियारी जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस प्रकार के ड्रा का आयोजन से लोगों ने उत्साह देखा गया। छोटे से छोटे कूपन पर बड़ा ईनाम जीत के साथ ग्राहकों में मुस्कान लाने का प्रयास किया गया जिससे अपने आप में खुशी महसूस होता है।

## मोटापे के खिलाफ चला जागरूकता अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटापे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फिट इंडिया साइक्लोथॉन ङ्क संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को सुबह 8ञ्00 बजे हुआ। जहां साइकिल रैली के कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। साइकिल रैली गोल्फ ग्राउंड, रणधीर वर्मा स्टेडियम से शुरू होते हुए कंबाइंड बिल्डिंग, पूजा टॉकीज, डीआरएम बिल्डिंग चौक, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक और हटिया मोड़ से होते हुए गोल्फ ग्राउंड, रणधीर वर्मा स्टेडियम में समाप्त हुई। मौके पर फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के गवर्निंग बॉडी सदस्य रेजा इश्तियाक, झारखंड के सचिव आलोक चौधरी, धनबाद के अध्यक्ष मृदुल बोस, सचिव कुणाल सिंह और सदस्य विद्युत कुमार दत्ता, हेमंत कुमार, महिपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बूथ कमेटी बनाने को लेकर हुई बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल के द्वारा बूथ कमेटी बनाने हेतु मंडल के संयोजक के साथ बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी समीर साहू, सह प्रभारी सह मंडल के महामंत्री राजकिशोर महतो, एवं प्रदेश के किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय, जिला के उपाध्यक्ष बलदेव महतो, महिला मोर्चा के महामंत्री नीतू शंकर एवं संयोजक सह संयोजक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं ने की जमकर मारपीट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंईयां सम्मान योजना की राशि पाने को लेकर धनबाद अंचल कार्यालय में महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं, शनिवार को यह भीड़ अचानक मारपीट पर उतारू हो गयी और देखते ही देखते सम्मान राशि पाने को लाईन में लगी महिलाओं के बीच जमकर जूता-चप्पल और झोटा-झोटी होने लगी। बता दें कि धनबाद में 51 हजार से अधिक लाभार्थियों को अभी तक योजना की सम्मान राशि नहीं मिला है। इससे महिलाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार सुबह से ही अंचल कार्यालय के बाहर सैकड़ों महिलाएं और पुरुष अपने कागजात के साथ लाइन में खड़े नजर आए। कई महिलाएं सुबह सात बजे से ही अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान कुछ पुरुष भी अपनी घर की महिलाओं को मंईयां सम्मान राशि का लाभ दिलाने के लिए कागजातों को ठीक कराने के लिए लाइन में खड़े थे। इसके बाद कुछ बात को लेकर शुरू हुए तू,तू-मैं,मैं ने मारपीट का रूप ले लिया। भारी भीड़ के बीच माहौल तनावपूर्ण बन गया, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, लाइन में खड़ी महिलाओं का कहना था कि पहले चार किस्तें मिलने के बाद इस बार उन्हें सम्मान राशि नहीं मिली है। कुछ महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अभी तक एक भी किस्त का भुगतान नहीं हुआ है। इससे परेशान लोग सरकार और प्रशासन पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने लायकडीह कोलियरी ऑफिस के सामने किया सत्याग्रह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बीसीसीएल के एरिया 12 चांच विक्टोरिया क्षेत्र में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) के एरिया 12 के असंगठित मजदूर प्रकोष्ठ ने अपने हक़ और अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने के लिए एक शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया। यह आयोजन लायकडीह कोलियरी ऑफिस के सामने किया गया, जहाँ क्षेत्रीय सचिव मो. मसूद ने अध्यक्षता की। इस सत्याग्रह में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री और जाने-माने ट्रेड यूनियन नेता ए के झा उपस्थित थे। यह सत्याग्रह एरिया 12 के मजदूरों और स्थानीय निवासियों के समक्ष खड़ी अनेक ज्वलंत समस्याओं को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया था। इन समस्याओं में प्रमुख रूप से आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या, कोयला वाहन के परिचालन से उड़ने वाली धूल और उससे निपटने के लिए पानी का छिड़काव न करना, स्ट्रीट लाइट का खराब होना, बीसीसीएल द्वारा विद्यालयों को दिया जाने वाला अनुदान बंद करना, मेडिकल कैंप का आयोजन न होना, वनभूमि का संरक्षण न होना,



एमडीओ मोड का दुरुपयोग और आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी जैसी समस्याएं शामिल थीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में, राकोमयू महामंत्री ए के झा ने कोल इंडिया के उस दावे पर सवाल उठाया जिसमें कहा जाता है कि सीएसआर मद में 750 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल भी सीएसआर के क्षेत्र में अच्छी-खासी धनराशि खर्च करती है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि एरिया 12 के बाशिंदों को सीएसआर के तहत खर्च होने वाली राशि का कोई लाभ नहीं मिलता है। यहाँ तक कि पूर्व से मिल रही सुविधाएं भी बंद कर दी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब केंद्र की बीजेपी सरकार के इशारे पर हो रहा है और बीजेपी इस पैसे का लाभ दूसरे राज्यों और जिलों में ले जा रही है।झा ने आगे कहा कि मजदूर हित से जुड़े तमाम मुद्दों को लेकर यूनियन के अध्यक्ष-सह-बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह), कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह सहित एक उच्चस्तरीय टीम कंपनी के सीएमडी के साथ वार्ता करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 7 अप्रैल को कोयला भवन पर एक और जोरदार सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मजदूरों की मांगों को और अधिक जोर-शोर से उठाया जाएगा।सत्याग्रह के अंत में, यूनियन द्वारा विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी प्रबंधन को सौंपा गया, जिसमें मजदूरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। लायकडीह कोलियरी में हुए इस सत्याग्रह को मो. मोइउद्दीन (संगठित प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सचिव), रवींद्र महतो, शंकर कोयरी, दुर्गानंद झा, रंजीत झा, बद्री पासवान, संजय, मंटू राय आदि ने भी संबोधित किया और मजदूरों की एकजुटता पर बल दिया।

## फांसी का तख्ता मंडप बना, फंदा वरमाला और मौत उनकी दुल्हन : मदन राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह आम आदमी पार्टी के नेता मदन राम के आवासीय कार्यालय में शहीद ए आजम भगत सिंह एवं सुखदेव का देश के लिए बलिदान का 94 वां शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में शहीदों को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। काफी संख्या में लोग मौजूद थे। मदन राम ने कहा की शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु ने अपने जीवन की सबसे बड़ी त्याग दी जब उनके परिजनों ने भगत सिंह की शादी करनी चाही तो वह घर छोड़ कर कानपुर भाग गए। अपने पीछे जो खत छोड़ गए, उसमें उन्होंने लिखा कि उन्होंने अपना जीवन देश को आजाद कराने के महान काम के लिए समर्पित कर दिया है। इसलिए कोई दुनियावी इच्छा या ऐशो-आराम उनको अब आकर्षित नहीं कर सकता और उन्होने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी और फांसी का तख्ता मंडप बना, फंदा वरमाला और मौत उनकी दुल्हन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम मैं झरिया नगर अध्यक्ष सदरे आलम, महफूज आलम, जसीम अंसारी, अनवर अंसारी, मगही भोजपुरी मैथिली संस्कृति बचाओ मंच के जितेंद्र पासवान, विक्रम केसरी, मदन राम, जावेद खान आदि लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत कुल 143 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में की गई।इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धनबाद नियाज अहमद द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय एवं अंचल अधिकारी कार्यालय से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत चिकित्सा अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 143 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद समेत विभिन्न विधानसभा से आए विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## मानव अधिकार प्रोटेक्शन धनबाद जिला के उपाध्यक्ष बने इस्तेयाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा नंदन सिंह की संस्तुति पर भूली निवासी इस्तेयाक अहमद को धनबाद जिला का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बाबत मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा नंदन सिंह, महासचिव मुख्तार अहमद, लीगल एडवाइजर धनंजय कुमार सिंह, धनबाद जिला के सचिव हाजी जमीर आरिफ ने सामूहिक रूप से इस्तेयाक अहमद को नियुक्ति पत्र सौंप उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। साथ ही अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया की इस्तेयाक अहमद अपने पद का उपयोग जनता के अधिकारों की सुरक्षा करते हुए संगठन के नीति निर्देशों का अनुपालन पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ करेंगे।

## प्रदूषण के विरोध में यूथ कॉन्सेप्ट के द्वारा जगह जगह लगाया गया बैनर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट प्रदूषण के विरोध में स्वर को अब अनोखे अंदाज में उठा रही है। संस्था की ओर से इस विकराल समस्या से निजात पाने की गुहार लगाते हुए झरिया शहर की एंट्री पॉइंट, कतरास मोड़, इंदिरा चौक और बाटा मोड़ में बड़े बड़े पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमे लिखा है सुनलो हमारी पुकार, हमे प्रदूषण से छुटकारा दिलाओ सरकार जैसे कई अनेकों नारे लिखे गए हैं। संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि भगत सिंह कहते थे बहरों को आवाज सुनने के लिए धमाका की जरूरत होती है। सरकार के जनप्रतिनिधि से लेकर स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन ने हमें प्रदूषण के कहर के बीच तिल तिल मरने को छोड़ दिया। हमारी संस्था लगातार प्रयास कर रही है ऐसे प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर गंभीर होकर अपनी आवाज मुखर करें और इसका निराकरण करें। ऐसे में अब झरिया के इंट्री पॉइंट वाले इलाके में बैनर लगा रहे हैं, ताकि अगर अब तक हमारी आवाज उनके कानों तक नहीं पहुंची हो तो वो इस बैनर के माध्यम से वह खुद हमारी समस्याओं को देख लें और इसको लेकर गंभीर हो जाएं। प्रदूषण की रोकथाम के लिए झरिया के अखलाक अहमद, अनिल जैन, सोना खान, सनोज कुमार, विनोद पासवान, डॉ दिलीप कुमार, इमरान अंसारी, अशफाक हुसैन, मनवर मिर्जा, अजीज खान, मुकेश शर्मा, मो मेहताब, मो असद, अजय चौबे, रमीज राजा आदि उपस्थित रहे।

## बीमा पेंशनर संघ हजारीबाग मंडल का 11वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बीमा पेंशनर संघ हजारीबाग मण्डल का ग्यारहवां वार्षिक सम्मेलन धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित आईसीए हॉल में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में संघ के विगत अवधि में किए गए आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। संघ के महामंत्री नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया तथा भारत सरकार से माँग की कि पूरे देश भर मे पुरानी पेंशन नीति को फिर से लागू करे। सम्मेलन में एल आई सी के प्रबंधन से माँग की गई कि पेंशन का पुनरीक्षण हर पाँच साल पर किया जाय। 2010 के बहाल हुए सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए।सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप कुमार चटर्जी ने किया। सम्मेलन में आगामी अवधि के लिए सुदीप कुमार चटर्जी, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव एवं चन्द्रशेखर प्रसाद को सर्वसम्मति से क्रमशः अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन में हजारीबाग, बोकारो, रामगढ, धनबाद, चिरकुंडा, गिरिडीह, कतरास एवं सिन्दरी के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जियाउर रहमान के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## पार्किंग का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर पाम इन का बेसमेंट सील

### नक्शे का विचलन कर पूरे भवन का किया जा रहा था व्यावसायिक इस्तेमाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा गठित जांच दल ने शनिवार की संध्या कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में अशर्फी अस्पताल, बारामूड़ी, नावाडीह के सामने निर्मित पाम इन नामक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में औचक जांच की।जांच के क्रम में टीम ने पाया कि बिल्डिंग के नक्शे में बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए दर्शाया गया था। परंतु बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के बजाय कमर्शियल गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। वहीं नक्शे के अनुसार बिल्डिंग के सेकंड, थर्ड एवं फोर्थ फ्लोर का आवासीय उपयोग करना चाहिए था। प्रत्येक फ्लोर में चार - चार फ्लैट का निर्माण किया जाना चाहिए था। जबकि निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि पूरे बिल्डिंग का व्यावसायिक रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। साथ ही बिल्डिंग के फोर्थ फ्लोर में कुछ अधूरा निर्माण भी पाया गया।पूरा भवन का निरीक्षण करने के बाद टीम ने अनुमोदित



नक्शा में विचलन करने के लिए पाम इन बिल्डिंग के बेसमेंट को सील कर दिया। साथ ही नियम विरुद्ध बिल्डिंग का इस्तेमाल करने तथा अन्य अनियमितता मिलने पर आर्थिक दंड के साथ साथ अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।जांच दल में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, झमाडा के तकनिकी सदस्य मयंक कुमार भगत, सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा, झमाडा के सहायक अभियंता कौशलेश यादव तथा नगर निगम के सहायक अभियंता विशाल कुमार शामिल थे।

# राजीव सुसाइड केस में पत्नी बोली- मेरे पति ने आत्महत्या नहीं किया बल्कि, उनकी हत्या हुई है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के बरटांड़ पंडित क्लीनिक रोड स्थित एक अपार्टमेन्ट के फ्लैट में हुए राजीव सुसाइड केस में मृतक की पत्नी अमृता शेखर मीडिया के सामने आयी। उन्होंने कई चौकाने वाले खुलासा करते हुए कहा कि उनके पति आत्महत्या नहीं कर सकते हैं। उनकी सुनियोजित हत्या की गई है। जिसकी जानकारी उनकी माँ और भाई को बखूबी है। अगर पुलिस बिना किसी दबाव के जांच करें तो घटना की पूरी सच्चाई सामने आ जायेगी। इस घटना को सुनियोजित तरीके से आत्महत्या का रंग दिया गया है जिससे कि कुछ लोगों को आर्थिक फायदा पहुंच सके।उन्होंने बातचीत में बताया कि 3-4 माह से उनकी और पति के बीच बातचीत बंद थी, जिसका कारण उनके जुए खेलने की बुरी लत थी। क्योंकि ऑनलाइन जुए की वजह से वह कई लाख रुपये गवां चुके थे। परिवार की आर्थिक स्थिति बुरी तरह चरमराई हुई थी। कर्ज देने वाले उन पर हावी हो चुके थे। यह बात समझाये जाने पर बात वह कई बार





उन्हें और बच्चों के साथ बेरहमी से पेश आते हुए मारपीट करते थे। इससे आजिज आकर अपनी और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धनबाद महिला थाना में उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। इसी वजह से वह अपनी मां के साथ पंडित क्लीनिक रोड स्थित अपार्टमेंट के फ्लैट में रहते थे।लेकिन उन्होंने आत्महत्या की है... यह सच नहीं है, क्योंकि उनका शव कमरे में जिस स्थिति में पाया गया है उसे देखकर ही ऐसा प्रतीत होता है कि मानो किसी ने हत्या करने के बाद टांग दिया है। शव के हाथ-पैर-जीभ और उनकी लंबाई को देखते हुए उक्त स्थान पर झूलकर मरने की घटना संदेहास्पद प्रतीत होता है। शव के दोनों हाथ और पैर की झूलने के बाद की पोजीशन कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सुनियोजित तरीके से घटना के 1-2 दिन बाद उनका कथित वीडियो वायरल होना भी एक साजिश की ओर इशारा कर रहा है। क्योंकि उक्त वीडियो उनके मौत से पहले क्यों नहीं आया और मौत के बाद किसने वायरल किया? वीडियो वायरल करनेवाले शख्स का मृतक राजीव से क्या रिश्ता या सम्बन्ध थाहालांकि उनका अपने पति के साथ कुछ बातों पर मतभेद जरूर था, लेकिन विवाद इतना अधिक भी नहीं था कि राजीव जैसे मजबूत इरादे वाला व्यक्ति सुसाइड जैसा निर्णय लेंगे। पत्नी का कहना है कि पूरे घटना की जानकारी उनकी सास को है।अगर वह ईमानदारी पूर्वक अपना बयान देती है तो इस मामले में सच्चाई सामने आ सकता है। उक्त फ्लैट में पिछले 3-4 दिनों से राजीव के साथ और कौन राह रहा था। घटना के दिन से पहले किन लोगों ने राजीव के घर पर आकर उनसे मुलाकात की। उनकी मां को राजीव के सुसाइड की जानकारी कब और कैसे पता चली? जानकारी होने के बाद उनकी माँ ने क्या-किया और किन लोगों को फोन किया? इन सवालों के जवाब उनकी मां को देनी चाहिए।मृतक कि पत्नी का कहना है कि उनके बच्चे बड़े हो चुके हैं और वह भी सारी सच्चाई से अवगत है। वह अपने बच्चों के साथ रहती है जिसके वजह से बच्चे सारी तथ्यों से भली भांति अवगत है।वही पत्नी अमृता ने बताया कि वर्ष 1996 में उनकी शादी राजीव के साथ हुई थी। वह लंबे समय तक दवा कंपनी से जुड़े रहे। लेकिन वर्ष 2023 में उन्हें कंपनी से हटा दिया गया या फिर उन्होंने छोड़ दिया और मुंबई से धनबाद वापस आ गए। इसके बाद वर्ष 2023 में ही गुजरात में एक फार्मा कंपनी को बतौर ष्ट्रश्वह्र ज्वाइन किया। जहां वर्ष 2024 में उन पर 35-40 लाख रुपये के घोटाले का आरोप लगा। जिससे बचने के लिए वह सब कुछ छोड़कर वहां से धनबाद आ गए थे। परंतु कम्पनी ने गुजरात मे मुकदमा दायर कर दिया। जिसके जांच में गुजरात पुलिस धनबाद आई और 29 नवंबर 2024 को धनबाद पुलिस की मदद से उन्हें हिरासत में ले लिया। दूसरे दिन धनबाद न्यायालय के आदेश पर उन्हें अपने साथ गुजरात ले गयी। जहां पर मुकदमा करने वाली कंपनी और राजीव के भाई के साथ समझौता हुआ। जिसके बाद कंपनी ने मुकदमे वापस ले लिए। पत्नी का कहना है कि उक्त मामले में घोटाले की रकम को भाई ने अपने पास से चुकाया था। जिसकी वजह से कंपनी ने मुकदमा वापस लिया। भाई द्वारा उक्त रकम की भरपाई की गई थी। इस बकाया रकम को लेकर राजीव का अपने भाई से भी विवाद चल रहा था। घटना के दो-तीन दिन पहले भी मां की उपस्थिति में दोनों भाइयों की बीच मे इसी रकम के भुगतान करने की बात को लेकर काफी झगड़ा भी हुआ था।इसके बाद कथित सुसाइड और वीडियो वाली घटना सामने आई। वहीं लेनदारों की लंबी जमात को देखते हुए राजीव ने किसी बिल्डर से भी अपना मकान बेचने की बात कह कर एडवांस के तौर पर 9-10 लाख रुपए ले रखा था। जिसके लिए बिल्डर द्वारा भी उन पर घर रजिस्ट्री करने का दवाब बनाया जा रहा था। इस सब घटनाओं के पीछे उनका ऑनलाइन जुआ खेलना एक प्रमुख वजह था। संभवत इसी ऑनलाइन गैंबलिंग में वह लाखों रुपए गवां चुके थे। वह मुझसे और मेरे मायके वालों से भी एक बड़ी रकम ले रखा था।

संक्षिप्त खबरें

## भंडरा में सड़क दुर्घटना में तीन डांसर घायल, एक सदर रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** रांची लोहरदगा मुख्य सड़क के पड़री गांव के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में कार्यक्रम से वापस रांची जा रहे तीन डांसर बुरी तरह घायल हो गए। इनमें से एक को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह भौरो डोल जतरा से कार्यक्रम कर महसूर डांसर तमन्ना सिंह, कृति कुमारी पिता सुरेन्द्र उरांव व सीता कुमारी पिता स्व विनोद राम ग्राम मनिका जिला लातेहार अपनी कार से रांची लौट रहे थे। इस बीच रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पड़री गांव के समीप कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना मे तीनो डांसर बुरी तरह घायल हो गई स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा इलाज के लिए लाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने सभी घायलों का इलाज प्रारंभ किया।

# ओलावृष्टि से प्रभावित सभी लोगों को समुचित मुआवजा मिलेगा : सांसद सुखदेव भगत

### सांसद ने आपदा मंत्री से किया वार्ता, प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की बात कही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के भंडरा, सेन्हा, कुडु पेसरार, कैरो, लोहरदगा, किस्को, लोहरदगा नगर के साथ-साथ गुमला जिला एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार एवं शनिवार को हुए ओलावृष्टि से भारी तबाही हुआ है। ओलावृष्टि के कारण पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गया, करोड़ों रुपए का किसानों के फसलों का नुकसान हुआ है। एडवेस्टर एवं खपड़ा के घरों में भारी तबाही हुआ है लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत दिल्ली से शनिवार को लोहरदगा पहुंचे। प्रभावित किसानों ने सांसद से मुलाकात कर ओलावृष्टि से हुए क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने की मांग उनसे किया। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों एवं ग्रामीणों को जो क्षति हुआ है उससे वे काफी दुखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को वे समुचित मुआवजा दिलवाएंगे। सांसद ने मौके पर से ही झारखंड राज्य के आपदा विभाग के मंत्री इरफान अंसारी से मोबाइल से वार्ता कर उन्हें बताया कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में ओलावृष्टि से भारी तबाही हुआ। किसानों की गाढ़ी कमाई, पूंजी और मेहनत एक साथ पानी में मिल गया है। किसानों का करोड़ों का नुकसान हुआ है ।उपायुक्त के माध्यम से शीघ्र क्षतिपूर्ति का आकलन करवाकर समुचित मुआवजा किसानों को दिलाने का कार्य करें।मंत्री महोदय ने सांसद से कहा कि झारखंड सरकार किसानों के क्षतिपूर्ति का शीघ्र आकलन करवाकर मुआवजा देने का काम करेगी।

# पुलिस लाइन में आयोजन हुआ इफ्तार, डीसी व एसपी हुये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में पवित्र रमजान माह के अवसर पर इफ्तार का आयोजन किया गया। आयोजित इफ्तार पार्टी में जिला के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, डीएसपी समीर कुमार तिर्की, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिप सदस्य राधा तिर्की उपस्थित हो पुलिस जवानों के साथ इफ्तारी कर रोजा खोला गया। वही उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि रमजान का महीना पवित्र माह है। इस महीने में नेकी और भलाई का कार्य करें और क्षेत्र में अमन चैन व शांति स्थापित करने में सभी लोग मिल जुलकर सहयोग करें। वही पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि रमजान का महीना आपसी सौहार्द के साथ सभी से मिलकर रहने का सिख देता है। और सभी का भी सहयोग करने का प्रेरणा देता है। सभी लोग अपने धर्म का पालन करें और मिलजुल कर अमन चैन से त्यौहार मनाये। साथ ही मौलाना जुबरैल अहमद रिजवी के द्वारा अपने क्षेत्र और वतन की अमन चैन खुशहाली के लिये दवाएं मांगी गई। मौके पर पुलिस मेंस एशोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन, सचिव रूपनारायण महतो के अलावे झारखण्ड पुलिस के सभी जवान उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर हुए लाभान्वित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 145 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 लोग अपने स्वास्थ्यकी जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अगर आप स्वस्थ हैं तो मस्त है स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है इससे बड़ी कोई पूंजी नहीं,स्वस्थ शरीर ही जीवन का मूल आधार है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए शारीरिक परिश्रम के साथ-साथ खानपान भी सही रखें एवं नियमित रूप से सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम करें और समय-समय पर अपना स्वास्थ चेकअप अवश्य कराएं, जिससे कि कोई भी होने वाली बीमारियों को पता चल सके। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व सुबोध महतो ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं।

# किसानों को जल्द मिलेगा फसल के नुकसान का मुआवज़ा : डॉ. रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत दो दिनों से पश्चिमी विच्छोभ चक्रवात से झारखंड में मूसलाधार बारिश वज्रपात एवं ओलावृष्टि हुई जिसमें लोहरदगा जिला भी काफ़ी प्रभावित हुआ। जिसमें कई कृषकों के फसल नष्ट हो गया और उन्हें भारी नुक़सान झेलना पड़ा। इसके साथ साथ कई आवास क्षतिग्रस्त हो गये इस पर त्वरित पहल करते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने उपयुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात कर किसान भाइयों की फसल नुक़सान के मुआवज़े के लिए निर्देश दिया। और कहा कि जल्द आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से किसान भाइयों को फसल का मुआवज़ा उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके लिए एक कमिटी तैयार की जाएगी जिसके द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तेज़ी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अचानक प्राकृतिक आपदा से कृषकों एवं ग्रामीण भाइयों बहनों को काफ़ी नुक़सान हुआ है कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए है। एवं ज़्यादातर लोग कृषि कार्य कर जीवन यापन करते है कई लोग उधार लेकर कृषि कार्य करते हैं और ऐसे में मैं उनकी सहायता करना हमारा फ़र्ज़ है।

# पुलिस लाइन में आयोजन हुआ सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम डीसी एसपी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में गीत संगीत और नृत्य का आयोजन किया गया। वही सरहुल पूर्व संध्या में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा शामिल हो पुलिस जवानों के साथ मांदर की थाप पर झूमते नजर आये। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने महिला पुरुष पुलिस जवानों और आम जनों से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द के साथ सभी लोग मिलजुल कर अमन चैन से त्यौहार मनाये। और सभी का धर्म तथा पर्व त्यौहारों का सम्मान करें पर्व त्यौहार मनाने का मुख्य उद्देश्य है। पर्व त्यौहार से ऐतिहासिक व सामाजिक कुछ सिख मिलता है। जिसे समाजिक जीवन मे अपनाने की आवश्यकता है। जिस तरह होली, ईद, दशहरा, रामनवमी, बकरीद, क्रिसमस का त्यौहार होता है उसी तरह सरहुल भी एक त्यौहार है जिसमे लोग प्रकृति का पूजन कर सरहुल मनाते हैं। पर्व त्यौहार एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान करता है। वही पुलिस लाइन में महिला पुरुष पुलिस जवानों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ एक दूसरे पर रंग गुलाल लगा कर सरहुल पूर्व मनाया गया। मौके पर मेजर शेरू रंजन, सार्जेंट मेजर विवेक कुमार, पुलिस मेंस एशोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन, सचिव रूपनारायण महतो के अलावे झारखण्ड पुलिस के सभी जवान उपस्थित थे।

# रामनवमी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा और गंगाधर नायक बने सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में धूमधाम से रामवनमी का त्यौहार मनाने और मेला आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही रामनवमी पर्व पर लगने वाले मेला साज सज्जा तथा जुलूस भ्रमण और स्वागत व्यवस्था के लिये पूर्व कमिटी को भंग कर नया कमिटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से योगेंद्र मिश्रा को अध्यक्ष,रामशरण नायक को उपाध्यक्ष, गंगाधर नायक को सचिव और सूर्य भूषण मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। तथा सानू नायक, संतोष नायक, अनिल नायक, मोहन नायक, प्रमोद नायक बिनोद नायक, रोहन नायक को सदस्य के रूप में चयनित किया गया. वही लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला में लाठी डंडा और तलवार भाला खेल प्रतियोगिता आयोजित कराया जायेगा। जिसे मेला में आये हुए अखाड़ा के अच्छे खिलाड़ी और वादक और नृत्य दल को पुरस्कार दे कर सम्मानित करने की बात कही गई। मौके पर राजू नायक, रामदेनी नायक, निरंजन नायक, सितंबर नायक, जनक नायक, हीरा नायक, रामप्रताप नायक, सत्यदेव नायक समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# नववर्ष की शोभायात्रा को भव्य व दिव्य बनाएगी जय श्री राम सीमित : सुनील अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के जिला कार्यालय हटिया गार्डन प्रांगण में नववर्ष कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज लगाकर की गयी। इसके पूर्व सामूहिक रूप से पूजा करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने श्रीफल तोड़कर विधिवत शुरुआत की। इसके बाद सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक कर नववर्ष की भव्यता के लिए संरक्षक गण एवं पदाधिकारी तथा सदस्यगण के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए नव वर्ष विक्रम संवत 30 मार्च 2025 को लेकर रणनीति बनाई। नववर्ष की शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से भव्ययता पूर्वक निकाली जाएगी। केन्द्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा व महामंत्री कपिलदेव मिश्रा ने समस्त सनातन समाज से नववर्ष की शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।विपुल तमेड़ा ने कहा कि चैत माह हिंदुओं का पहला माह है, और प्रथम माह की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से होनी चाहिए। जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवा टोली, मिशन चौक, अपर बाजार, अमला टोली पावरगंज ,साइडिंग, बाबामठ से पुनः पावरगंज न्यू रोड होते हुए ललित नारायण स्टेडियम में समाप्त होगी, जहाँ भव्य भंडारे का साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। मौके पर समिति के संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, शैलेश कुमार महतो, राजेश महतो दुर्गा प्रसाद सोनी, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, विश्व हिंदू परिषद के रितेश साहू, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, महामंत्री कपिलदेव मिश्रा, अनिल उरांव, विनोद साहू, अशोक रजक, प्रमोद कुमार, कुमुद महतो, अशोक साहू, बजरंग करुआ, शंकर कांस्यकार, गौरव अग्रवाल, अभय कुमार, अमन, अग्रवाल, निखिल कसेरा गौरव कास्यकार समेत काफी संख्या में सनातनी समाज के लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा की हुई बैठक, अध्यक्ष बने अमृत केशरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा देवी मंदिर प्रांगण में रामनवमी पर्व को मद्देनजर रखते हुए सुंदर साव की अध्यक्षता में रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गत वर्ष रामनवमी की आय व्यय संबंधित कोषाध्यक्ष के द्वारा द्वारा प्रस्तुत की गई। मौके पर सर्व समिति से बैठक में कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। दौरान बताया गया कि रामनवमी पर्व में महावीरी झंडा के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पाकरटांड प्रखंड के भेलवाडीह, घाघरा, अंधारीखमन ,जपकाकोना सहित आसपास गांव के लोग जुलूस में शामिल होंगे जिनका भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा। रामनवमी से दो दिन पूर्व विभिन्न प्रकार के वादन एवं अस्त्र-शस्त्र परिचालन की प्रतियोगिता का आयोजन की जाएगी जिसमें आसपास के कई गांव के प्रतिभागी शामिल होंगे।साथ ही बताया गया कि 25 मार्च को संध्या 7:00 बजे अस्त्र-शस्त्र पूजन एवं मंगलवारी जुलूस का आयोजन किया जाएगा।

# सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं जिला उद्यान विभाग लोहरदगा के सहयोग से सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक भवन भैसमुदों, भंडरा में समापन किया गया। यूवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के सचिव बालकृष्ण सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया साथ ही प्रशिक्षण की महत्व पर प्रकाश डाला, समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी और आत्मनिर्भर बन सकेगी। आज लोग ज्यादा नौकरी पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो नौकरी छोड़ व्यवसाय में जुड़ रहे हैं ऐसे में गांव में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ना निश्चित तौर पर स्वालंबन की ओर आगे बढ़ाना है,परमेश्वर महली ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके बाद सरकार के द्वारा समूह चलाने के लिए कार्यशील पूंजी दिया जाएगा साथ ही जब समूह तैयार हो जाए उसके बाद व्यवसाय हेतु बैंक से जोड़कर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करने में विभाग से आगे सहयोग किया जाएगा साथ ही मधुमक्खी पालन शुरू होने के बाद बाजार के भी व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जाएगा राधाकांत गिरी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र भ्रमण कर मधुमक्खी पालन का प्रयोगीक प्रशिक्षण भी दिया गया और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भंडरा प्रखंड क्षेत्र में मधुमक्खी पालन की अपार संभावना है इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं के ग्रुप को सफलता अवश्य मिलेगी क्योंकि इस क्षेत्र में सब्जी खेती एवं बागवानी भरपूर मात्रा में किया जाता है मधुमक्खी का मुख्य भोजन पेड़ पौधे एवं बागवानी से ही प्राप्त होता है तभी ज्यादा से ज्यादा मधुमक्खी रस प्रदान करती है यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र रांची एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण प्रमुख राधाकांत गिरि एवं मनी टोपनो जी के द्वारा 7 दिन तक महिलाओं को प्रशिक्षण दिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समझ में सभी को प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि मुखिया रंगी परमेश्वर माली एवं बाल कृष्णा सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवेक कुमार सिंह, करमचंद महतो, कांति देवी, विरसमणी देवी, निर्मला देवी, बचनी देवी, बालू महली, सरिता देवी, अंजू पन्ना सरिता उरांव, कमला उरांव, सुषमा उरांव सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी 25 महिलाएं उपस्थित थी।

# अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा कमेटी विस्तार को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतवर्ष चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की चुनाव के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के अध्यक्षता में की गई जिसमें कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि समाज के सभी तबको की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। गांव से लेकर शहर तक सभी को नई जिला समिति में जगह दी जाएगी। समाज को सुदृढ़ करने के लिए सभी को दायित्व लेते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभानी होगी। आज के कार्यक्रम में जो भी लोग आए हैं। उनसे जिला कमेटी के विस्तार के लिए सुझाव मांगे गए और बहुत से अच्छी सुझाव प्राप्त हुए हैं,उन पर मंथन किया जाएगा और आगे कार्य किया जाएगा। सचिव प्रदीप नारायण सिंह ने कहा समाज को एकजुट करना हमारी प्राथमिकता होगी। चुनाव से समाज ने एक नई मिसाल पेश की है। हम सभी लोग मिलकर चंद्रवंशी समाज को लोहरदगा में एक मिसाल के रूप में पेश करेंगे। कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर बर्मा ने कहा की किसी भी संगठन को चलाने के लिए कोष की आवश्यकता होती है, और उससे भी अधिक कोष की पारदर्शिता संगठन की जान होती है। मैं अपने कोषाध्यक्ष के पद में रहते हुए पूरे पारदर्शिता के साथ कार्य करने की कोशिश करूंगा। जब तक जिला कमेटी पूरी तरह से बन नहीं जाती,सभी का दायित्व तय नहीं हो जाता तब तक मीडिया प्रभारी सागर वर्मा को बनाया गया है। सागर वर्मा कमेटी विस्तार तक मीडिया का कार्य देखेंगे। आज कार्यक्रम में शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से चंद्रवंशी भाइयों की अच्छी भागीदारी रही। जिसमें मुख्य रूप से उमेश वर्मा, रिंकू वर्मा, सागर वर्मा, दीपक बर्मा, उमेश राम वर्मा, सुबोध वर्मा, सूरज कुमार वर्मा, प्रकाश वर्मा, सचिन वर्मा, अशोक वर्मा, अरुण वर्मा, नवल वर्मा, शंकर वर्मा, कृष्ण वर्मा, प्रेम वर्मा, परमेश्वर वर्मा, धनंजय कुमार वर्मा, अवधेश वर्मा, सोनू वर्मा, राजेंद्र कुमार उर्फ रंजू, बाल कृष्ण कुमार, संजय वर्मा, अनिरुद्ध राम वर्मा, शशि वर्मा, अरविंद वर्मा, सचिन वर्मा, प्रकाश वर्मा, कमलेश वर्मा, कमलेश राम वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तिरंगे में लिपट कर गांव पहुंचा शहीद किशोर का शव तो बिलख उठा पुरा गांव

### शहीद के परिजनों को शहर में दिलाएंगे जमीन, करेंगे हर संभव मदद : विधायक भूषण बाड़ा

➲ शहीद जवान के घर पहुंचने पर विधायक भूषण बाड़ा, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित रांची मिलिट्री के जवानों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कश्मीर के लेह में आर्मी 699 टाट्रा बटालियन में हवलदार के पद पर पदस्थापित सिमडेगा का लाल किशोर बाड़ा का पार्थिव शरीर रविवार को तिरंगे में लिपटा हुआ उनके पैतृक गांव सदर प्रखंड के नानेसेरा तुरतुरी पानी पहुंचा। उनका शव गांव पहुंचते ही पत्नी, तीन बेटियां सहित पुरा गांव बिलख उठा। जवान का शव घर पहुंचने पर विधायक भूषण बाड़ा, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, रांची मिलिट्री स्टेशन के जवान सहित कई लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मौके पर विधायक ने शहीद के शव को कंधा भी दिया। साथ ही मिट्टी देकर अंतिम विदाई दी। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शहीद किशोर बाड़ा की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उन?होंने कहा कि वे शहीद जवान के परिजनों के साथ खड़ा है। शहीद के परिजनों को शहर में जमीन दिलाया जाएगा। साथ ही उनके परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी दिलाने के साथ साथ अन?य सभी लाभ दिलाने में सहयोग किया जाएगा। विधायक ने शहीद जवान की विधवा पत्नी एवं तीनों बेटियों को ढांढस बंधाते हुए उनके साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ समीर रौनियार खलखो, थाना प्रभारी, अजीत लकड़ा, पंचायत सदस्य समिति प्रतिमा कुजूर, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का आदि उपस्थित थे।

**जिला प्रशासन शहीद के परिजनों के साथ : डीसी**

मौके पर डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन शहीद किशोर बाड़ा के परिजनों के साथ खड़ा है। प्रशासन द्वारा परिजनों का हर संभव मदद करेगी। एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि शहीद किशोर की शहादत हमेशा याद रखी जाएगी। उनकी शहादत बेकार नहीं जाएगी। पुलिस प्रशासन शहीद के परिजनों के साथ खड़ा है।

**शव पहुंचते ही बिलख उठा पुरा गांव**

रविवार को रांची मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान किशोर बाड़ा के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर उनके पैतृक घर तुरतुरी पानी लेकर आए। शहीद बेटे का शव घर पहुंचते हीं पूरे गांव में गमगीन हो गया। पैतृक गांव में परंपरागत मिस्सा अनुष्ठान के बाद मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान को अंतिम सलामी दी। अपने पिता को अंतिम सलामी देते हुए शहीद की छोटी बेटी एंजिला बाड़ा फफक का रो पड़ी। जिसे देख वहां मौजूद सभी लोगों के आंखे छलक पड़ी।

**बर्फ का पहाड़ वाहन में गिरने से गई शहीद किशोर की जान**

सिमडेगा के तुरतुरी पानी निवासी जवान किशोर बाड़ा लेह में आर्मी के 699 टाट्रा बटालियन में हवलदार के पद पर पदस्थापित थे। 20 मार्च को लेह में जवान किशोर अपने बटालियन के साथ वाहन में कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बर्फ का पहाड़ इनके वाहन में गिर गया। इस हादसे में जवान किशोर की मौत हो गई।

**घर का एकलौता बेटा था शहीद किशोर बाड़ा**

जानकारी के अनुसार शहीद किशोर बाड़ा घर के इकलौते मर्द थे। उनकी पत्नी शाशिता बाड़ा रांची में नर्स का कार्य करती है। शहीद की तीन मात्र बेटियां हैं। सभी पढ़ाई करती हैं। शहीद किशोर भी पांच भाई बहनों में इकलौते भाई थे। बचपन में हीं इनके सिर से पिता का साया उठ गया था। बहनों ने काफी कठिनाई से इनको पढ़ा कर आर्मी की नौकरी तक पहुंचाया था।

## चलते चलते एक नजर

### मुसलमानों के प्रति जहर उगलने से बाज आएं विधायक सीपी सिंह : वारिस कुरैशी



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि रांची विधायक सीपी सिंह द्वारा विधानसभा में रमजान में मेन रोड जाम को लेकर जो नफरती बात मुसलमान को टारगेट किया, उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है की बीजेपी में राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिस्पर्धा चल रही है कि कौन नेता मुसलमान के खिलाफ सबसे ज्यादा ज़हर उगल सकता है। उसी का परिणाम रांची विधायक सीपी सिंह है। इनके हरकत को देखकर ऐसा प्रतीत है कि ये नफ़रती चिंटूओ के सरदार है। इसलिए ये मुसलमानों के प्रति जब मौका मिलता है अनायास ज़हर उगलते रहते है। इस तरह की हरकत और गलत बयानबाजी से बाज आए। नहीं तो राज्य अल्पसंख्यक आयोग इस पर एक्शन ले सकती है। आयोग की आगामी बैठक में इस पर विशेष चर्चा होगी। क्योंकि अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यकों का सेफगार्ड है। इसके सेफ्टी के लिए जहां लिखना होगा और जहां जाना होगा आयोग वहां जाएगी।ज्ञात हो झारखंड राज्य में सभी जातियों एवं धर्मी के लोग निवास करते हैं। यहां सभी के पर्व त्यौहार को सौहार्दपूर्ण मनाया जाता है। सभी त्योहारों में लोग खरीदारी करने के लिए मार्केट आते हैं।इस करण सड़के जाम होती है चाहे वह त्यौहार ईद हो, होली हो, दशहरा हो, दीपावली हो, क्रिसमस हो, रामनवमी हो, मोहर्रम हो, गुरु पर्व या फिर सरहुल हो, यहां पर परंपरा है कि एक समुदाय के जुलूस का स्वागत दूसरे समुदाय के लोग पानी पिलाकर, चना,मिठाइयां दे कर या फिर पगड़ी पहनकर करते है। इन परंपराओं के कारण हमारा राज्य एक सौहार्दपूर्ण राज्य के गिनती में आता है।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : खंडूरी

**कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कोटद्वार बद्रीनाथ मार्ग स्थित मालवीय उद्यान में उत्तराखंड सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।ऋतु खण्डूड़ी ने सरकार की विभिन्न उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जहां समान नागरिकता कानून को लागू किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आज चौमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म आज हर क्षेत्र में उत्तराखंड आगे बढ़ता नजर आता है । यदि हम खेल की बात करे तो यह गौरव का विषय है कि हमने अभी पिछले माह ही अंतर्राष्ट्रीय खेलों का सफलतापूर्ण आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार विभिन्न योजनाओं द्वारा आज उत्तराखंड प्रदेशवासी आज सशक्त हो रहे हैं । स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्तराखंड अन्य प्रदेशों से काफी आगे है , होम स्टे, मछली पालन, कुकुड़ पालन से आज युवा स्वरोजगार कर रहा है ।ऋतु खण्डूड़ी ने विभिन्न लाभार्थियों को चेक, व्हील चेयर, महालक्ष्मी किट, आवास योजना के चैक, टूल किट आदि सामग्री वितरण की। इस अवसर पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष कोटद्वार राज गौरव नौटियाल, दर्जाधारी राजेंद्र अन्थवाल, मंडल अध्यक्ष विकास मित्तल, ऋषि कंडवाल, वीरेंद्र रावत, प्रेमा खंतवाल, आशीष रावत, उमेश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सोहन सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, संचालक मोहन नेगी आदि मौजूद रहे ।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संपन्न, पारित हुआ प्रस्ताव

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होगा एक लाख स्थानों पर स्थापना दिवस का आयोजन : दत्तात्रेय होसबाले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पर देश भर में एक व्यापक संपर्क अभियान चलाएगा। इसके तहत करोड़ों लोगों तक संघ का विचार,दर्शन,कार्य और गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही उनसे संघ की गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में जुड़ने का आग्रह किया जाएगा। इसी क्रम विभिन्न स्तरों पर सम्मेलन होंगे जिनका उद्देश्य राष्ट्र की एकजुटता,सौहार्द और आपसी विश्वास के साथ देश को मजबूत करना है। इसी क्रम में आरएसएस के प्रमुख (सरसंघचालक) देश के चार बड़े शहरों में प्रबुद्ध वर्ग से खुला संवाद करेंगे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय (21 से 23 मार्च) प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने बेंगलुरु में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बैठक में हुई चर्चा और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पर एक संकल्प पत्र पारित किया है। इसके साथ ही बांग्लादेश की स्थिति पर एक प्रस्ताव पारित किया गया है। रानी अब्बका के संबंध में भी एक प्रस्ताव पारित कर उस बारे में कार्यक्रम तय किए गए हैं। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि हमने अपने कार्य के 50 या 75 वर्ष पूरे होने पर कभी स्वर्ण जयंती या हीरक जयंती नहीं मनाई। हमारा स्पष्ट मानना है कि हम समाज के भीतर समाज का संगठन करने वाले लोग हैं। हम समाज से अलग कोई संगठन नहीं है बल्कि समाज का ही एक घटक हैं। समाज के भीतर हमारे द्वारा किए जा रहे कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हमारे लिए यह एक अवसर है कि हम अब तक किए गए कार्यों का अवलोकन करें और भविष्य में और क्या करना है, उसकी योजना बना सकें। इसीलिए हमने अपने शताब्दी वर्ष पर कार्यकर्ताओं के लिए एक संकल्प पत्र तैयार किया है। इसके अनुसार अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सज्जन शक्ति के नेतृत्व में संपूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

### संघ-भाजपा और सरकार

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संघ-भाजपा और सरकार से संबंधित सवालों पर बहुत साफ तौर पर कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक स्तर पर भारतीयों की पहचान को लेकर लोगों में एक सकारात्मक भाव पैदा हुआ है। देश में हो रहे चुनावों के परिणाम बताते हैं कि लोगों का भाजपा के प्रति भरोसा बना हुआ है। जहां तक संघ की बात है वह राष्ट्र हित में क्या है, ऐसी लोगों की भावना ही अपने व्यवस्थित संवाद तंत्र के माध्यम से सरकार तक पहुंचाती है। संघ के कुछ स्वयंसेवक भाजपा में कार्य करते हैं तो इसका यह अर्थ नहीं है कि हम उनके नियमित कार्य की समीक्षा करते हैं या उन्हें निर्देशित करते हैं। वे अपने सभी प्रकार के निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। भाजपा अध्यक्ष के निर्वाचन के संबंध में भी पार्टी के लोग ही तय करेंगे, इसमें संघ की कोई भूमिका नहीं है।

### जन जन तक पहुंचने का महाअभियान

दत्तात्रेय होसबाले ने बताया कि इस विजयदशमी को संघ कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नागपुर में सरसंघचालक के सम्मुख होने वाले प्रमुख कार्यक्रम के अतिरिक्त देश भर में 1 लाख स्थानों पर विजयादशमी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में भाग लेंगे। इसके बाद आगामी नवंबर,दिसंबर और जनवरी माह में संघ कार्यकर्ता संघ साहित्य के साथ ग्राम स्तर के लोगों तक पहुंचेंगे और संघ के विचार साझा करेंगे। हर प्रांत अपनी सुविधा अनुसार इसके लिए तीन सप्ताह तय करेगा।इसके साथ ही मंडल और बस्ती स्तर पर समाज सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य विश्वास, सौहार्द और एकजुट समाज है। इसमें 'पंच परिवर्तन' जैसे विषय रखे जाएंगे और लोगों से इन्हें अपनाने का आग्रह किया जाएगा। संघ के कार्यकर्ता सद्भावना बैठकें भी आयोजित करेंगे। इसके अलावा कुछ जिला स्तर पर संगोष्ठियां होंगी। इनका उद्देश्य समाज में चल रहे कथानक को ठीक करना और समाज तथा राष्ट्र उपयोगी विषयों को उठाना है। इसी क्रम में देश के चार बड़े शहरों दिल्ली,मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नई पीढ़ी तक राष्ट्रीय विमर्श को पहुंचाने के उद्देश्य से देश भर में 15 वर्ष से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से संवाद पर सर्वाधिक जोर रहेगा।



### महारानी अब्बक्का की 500वीं जयंती पर जारी वक्तव्य

महारानी अब्बक्का का जीवन पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणादायक है। उनकी 500वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस अनुकरणीय व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देता है और पूरे समाज को अपने शानदार जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र-निर्माण के चल रहे मिशन में सक्रिय रूप से योगदान करने का आह्वान करता है।

### प्रतिनिधि सभा में पारित संकल्प

संघ का यह मानना है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अतः हमारा कर्त्तव्य है कि सभी प्रकार के भेंदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण,पर्यावरणपूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिष्ठित परिवार, स्व बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का चित्र खड़ा करने के लिए हम सब संकल्प करते हैं। हम इसके आधार पर समाज के सब प्रश्नों का समाधान,चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्रजीवन खड़ा कर सकेंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सज्जन शक्ति के नेतृत्व में संपूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

**आदर्श दारा शिकोह हो सकते हैं, औरंगजेब नहीं:** पत्रकार वार्ता में ओरंगजेब की कब्र से संबंधित सवाल के जवाब में संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि हमें देश की सोच से जुड़े लोगों को अपना आदर्श बनाना चाहिए। किसी के आक्रांता होने, देशी-विदेशी या फिर किसी मजहब से जुड़े होने से अधिक महत्व का विषय है उस व्यक्ति विशेष के कृत्य कैसे थे। दारा शिकोह और सिस्टर निवेदिता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता से जुड़े लोगों के लिए ये हमारे लिए स्वीकार्य और आदर्श हो सकते हैं।

**राजनीति से जुड़े मुद्दे पर कहा:** जातिगत जनगणना,धर्माधारित आरक्षण, वक्फ बोर्ड आदि से जुड़े प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि यह इस संबंध में संविधान में बहुत स्पष्ट परिभाषा और व्यवस्था है और केन्द्र सरकार उस अनुरूप कार्य भी कर रही है। लोकसभा-विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि संघ राजनीतिक गतिविधियों से कहीं अलग राष्ट्र की एकजुटता के बारे में ही विचार करता है।

**राममंदिर राष्ट्र जागरण का परिणाम:** सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने राम मंदिर निर्माण को संघ की उपलब्धि का पैमाना मानने से इंकार करते हुए कहा कि यह सम्पूर्ण भारतीय समाज की उपलब्धि है। आज देश में एक व्यापक परिवर्तन देखने के मिल रहा है। इस देश की राष्ट्रीय और सांस्कृति पहचान के तौर पर हिन्दू होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यही हमारे लिए एक आश्विस्त का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के भीतर से जातिभेद की भावना मिटाना हमारी हमेशा से प्राथमिकता रही है लेकिन हम इसके लिए नारा नहीं लगाते हैं।

### संत मरियम आवासीय विद्यालय का उत्कृष्ट रहा वार्षिक परीक्षाफल

# अभिभावकों का संत मरियम पर भरोसा बरकरार : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के सर्वोत्तम शैक्षिक संस्थानों में विद्यमान स्थानीय नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। इस आवासीय विद्यालय में रहने वाले बच्चे आत्मीय भाव से शिक्षा व संस्कार ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि राज्य भर से अभिभावक अपने छोटे-छोटे बच्चों को इस विद्यालय को सौंप देते हैं। आज इस विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से अभिभावक काफी प्रसन्न हैं। यद्यपि इस विद्यालय में श्रेष्ठ शिक्षकों के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है, लेकिन इसके अलावा, अन्य गतिविधियों एवं कौशल प्रशिक्षण को भी अत्यधिक महत्त्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थी अंकों की अंधी दौड़ का हिस्सा बनने के बजाय अपने नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल, वैज्ञानिक परख प्रवृत्ति जैसे तमाम पहलुओं को सुदृढ़ कर बदलते वक्त की मांगों को पूरा कर सकें। उक्त मौके पर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि इस छात्रावास में निवास कर अध्ययन करने वाले बच्चे इस विद्यालय के लिए छात्र हो सकते हैं, किंतु जो चेयरमैन बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें संस्कारी बनाने के लिए रात-दिन समर्पित है, उसके स्वभाव में हमेशा पुत्र के ही समान स्नेह होती है। आगे उन्होंने कहा कि छात्रावासी बच्चों को सफलता के सोपान पर निरंतर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी और भी प्रगति करती है, जब अभिभावक कहते हैं कि मैं अपने कलेजे के टुकड़े को आपके हाथों में सौंप रहा हूं। चेयरमैन ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि नए सत्र की शुरुआत आगामी 27 मार्च को होने वाली है, जिसके लिए छात्रावास पूरी तरह तैयार है। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, शैक्षिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक रिजवाना परवीन समेत कई शिक्षक मौजूद थे।




### समाजसेवी रघुनंदन प्रसाद का जीवन आदर्श से भरा रहा: दुर्गेश

**रांची :** रांची के हटिया स्थित नंदन पैलेस में रविवार को वरिष्ठ समाजसेवी दिवंगत रघुनंदन प्रसाद के पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर छात्र नेता दुर्गेश यादव ने कहा कि रघुनंदन प्रसाद का जीवन आदर्शों से भरा था। उन्होंने शोषित, दलित और वंचित वर्ग की आवाज बनकर उनके हितों के लिए कार्य किया। समान शिक्षा के तहत गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए अपर हटिया में महात्मा गांधी स्मारक विद्यालय की स्थापना कराई, जो सराहनीय है। उन्होंने सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखते हुए स्वास्थ्य, धार्मिक और प्रशासनिक मुद्दों पर जनता की सहायता की। अपने आवास में लगभग 15 वर्षों तक स्वास्थ्य केंद्र संचालित कर उन्होंने समाज सेवा की मिसाल पेश की। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत रघुनंदन प्रसाद के परिवार सहित भाजपा राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# धामी सरकार में उत्तराखंड के विकास के लिए हुए ऐतिहासिक कार्य : डॉ निशंक

एजेंसी

**उत्तरकाशी :** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर उत्तरकाशी की तीनों विधानसभाओं में रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समारोह मनाया गया है। उत्तरकाशी में आयोजित समारोह के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने दीप प्रज्वलित कर सामरोह का विधिवत शुभारंभ किया है।रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि धामी सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल गौरव के साथ पूर्ण होने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने भाजपा शासन में तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, यही वजह रही कि आज यह राज्य देश की अग्रणी राज्य की कतार में खड़ा है। डॉ निशंक ने कहा कि धामी सरकार ने तीन वर्षों के कार्यकाल में उत्तराखंड के विकास के लिए जो कदम उठाए हैं, वे राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में राज्य ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनसे न केवल राज्य की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी संरक्षण हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की यह सरकार विकास, सामाजिक न्याय और राज्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, जो राज्य के उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया जिसमें यूसीसी कानून लागू किया गया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता-एक ऐतिहासिक निर्णय बताते हुएमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की खूब प्रशंसा की । उन्होंने कहा, धामी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कठोर नकल विरोधी कानून बनाकर नकल माफिया की कमर तोड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सलाखों के पीछे भेजा। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, ने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि आज उत्तरकाशी जनपद विकास की बयार से निरंतर आगे बढ़ रहा है।



# जल दिवस से पर्यावरण दिवस तक जनसहभागिता से लगातार चलेंगे अभियान : एसडीओ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** विश्व जल दिवस पर अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में अनुमंडल क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी में जल जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एसडीओ संजय कुमार के द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में स्थानीय प्रबुद्ध जनों, समाजसेवी कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमियों ने जल संरक्षण की दिशा में अपने-अपने विचार रखे। सभी ने एक मत से इस बात पर जोर दिया कि गढ़वा में भविष्य का जल संकट दस्तक दे रहा है, इसलिए अभी से चेतने की आवश्यकता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चैबे ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग, मनरेगा, वन विभाग आदि की मदद से जल संरक्षण के लिए बहुत सारे उपाय किए जा रहे हैं किंतु इनकी व्यावहारिक सफलता तभी होगी जब प्रशासन और नागरिक भी उतनी ही संजीदगी से सोचें। समाजसेवी दिवाकर तिवारी ने कहा कि गढ़वा क्षेत्र में अलग-अलग इलाकों की भूगर्भीय स्थिति अलग-अलग है इसलिए गढ़वा के अलग-अलग क्षेत्र के लिए जल संरक्षण के उपाय एवं जागरूकता कार्यक्रम भी अलग-अलग होने चाहिए। पूर्व पार्षद जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि गढ़वा में 90 प्रतिशत जल आवश्यकतायें नदी स्रोतों से ही पूरी होती रही हैं, इसलिए नदी संरक्षण बहुत जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता अजय उपाध्याय ने कहा कि जल की प्रवृत्ति तो स्वतः बहने की है किंतु उसे रोकने और बांधने के लिए मानवीय प्रयासों की जरूरत है, इसके लिए हमें वृक्षारोपण को बढ़ावा देना होगा। शिक्षाविद उमेश सहाय ने कहा कि पानी बचाना न केवल मानव जीवन के लिए जरूरी है बल्कि प्रत्येक जीव के अस्तित्व के लिए जरूरी है। शिक्षक नितिन तिवारी ने कहा कि सरिता है तो सभ्यता है, इसलिए नदियों को कचरा और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाई जाए। एडवोकेट राकेश त्रिपाठी ने कहा कि पानी का उपयोग कम नहीं कर सकते हैं लेकिन इसका सदुपयोग जरूर हमारे हाथ में है। समाजसेवी पंकज चैबे ने कहा कि नदियों के इर्द-गिर्द बालू का संरक्षण बहुत जरूरी है, क्योंकि बालू की मौजूदगी ही नदियों के जलस्तर को बरकरार रखती है।

### मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले राज ठाकरे ने मनसे में किया फेरबदल

**मुंबई :** आगामी मुंबई महानगरपालिका (मुंबई नगर निगम) चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को पार्टी में बड़े बदलाव किए गए हैं। राज ठाकरे ने पहली बार मनसे मुंबई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मनसे प्रवक्ता संदीप देशपांडे को सौंपी है। इसी तरह राज ठाकरे ने अपने बेटे अमित ठाकरे को सभी शाखा अध्यक्षों की जिम्मेदारी सौंपी है।मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को मुंबई में मनसे पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद राज ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि मनसे को आगामी नगर निगम चुनाव के मद्देनजर संगठन में बड़े बदलाव किए गए हैं। केंद्रीय समिति की जिम्मेदारी नितिन सरदेसाई को सौंपी गई है। जिन लोगों को नई जिम्मेदारी सौपी गई है, अगर उनका काम संतोषजनक नहीं रहा तो फिर से इन पदों पर किसी अन्य को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# नीतीश कुमार की दिमागी हालत ठीक नहीं : प्रशांत किशोर

एजेंसी

**पटना :** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार और जाने-माने रणनीतिकार प्रशांत किशोर समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में बदलाव की बयार बह रही है. बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है. लोग एक नई व्यवस्था, नई सरकार और नए चेहरों को देखना चाहते हैं.प्रशांत किशोर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोग लंबे समय से लालू के डर से भाजपा को और भाजपा के डर से लालू यादव को वोट करते आ रहे हैं. बिहार के लोग अब इस दुविधा से बाहर निकलना चाहते हैं और इसके लिए जन सुराज पिछले ढाई सालों से काम कर रहा है, ताकि लोगों को एक बेहतर विकल्प मिल सके.इस दौरान प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा,नीतीश कुमार की स्थिति काफी नाजुक हो चुकी है. पिछले दो सालों से उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है. सबसे पहले उनके ही घटक दल के नेता सुशील कुमार मोदी ने नवंबर 2023 में उनकी मानसिक स्थिति पर सवाल उठाया था. अब तो सभी दलों के लोग इस मुद्दे को उठाने लगे हैं. बीपीएससी के आंदोलन के दौरान उन्हें अधिकारियों से जानकारी मिली थी कि नीतीश कुमार मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए है.उन्होंने कहा,नीतीश कुमार शारीरिक रूप से थके हुए हैं और मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए हैं. उन्हें अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों का नाम तक याद नहीं रहता. ऐसे लोगों के भरोसे बिहार के 13 करोड़ लोगों की जिम्मेदारी छोड़ दी गई है अब नीतीश कुमार को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए. प्रशांत किशोर ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा,भाजपा अपने नेताओं के जरिए नीतीश कुमार को सामने रखकर वोट की राजनीति कर रही है. भाजपा नीतीश कुमार को जनता के सामने रखकर उनके नाम पर वोट बटोर रही है और फिर बाद में उन्हें किनारे कर देगी, जिससे जनता के साथ धोखा होगा.इसके अलावा शराबबंदी के मुद्दे पर भी प्रशांत किशोर ने सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद राज्य के कई हिस्सों में शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है. ऐसे में उन्होंने सुझाव दिया कि शराबबंदी को वापस ले लेना चाहिए. भाजपा के नेताओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर शराबबंदी की नीति सही है, तो क्यों अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और दिल्ली में शराबबंदी लागू नहीं हो रही है? उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की नीयत सही है, तो पूरे देश में शराबबंदी कानून लागू होना चाहिए.

